फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 30 प्रभात जयपुर, बुधवार 31 अगस्त, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com



**When Futji Brought The Government To It's Knee**

The President was keen on visiting the Reserve without any pomp & show. He dared to face the harshness of weather in the interest of wildlife.

**Bhog To Offer**

**The Best Ages For Kids** — Teach when the reflexes of a child are developing.

# अगर गहलोत ने मु.मंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया, पर्चा भरने से पहले तो...

## ...अध्यक्ष बनने के बाद गहलोत सचिन पायलट के मु.मंत्री बनने पर "वीटो" लगा सकते हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अगस्त। इस समय सभी लोगों की नजरें राजस्थान पर लगी हुई हैं कि राज्य कांग्रेस में नेतृत्व-परिवर्तन किस तरह से होगा।

सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी इस बिन्दु पर सुनिश्चित होना चाहेंगी कि अध्यक्ष पद के नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दें।

ऐसा होने से, राज्य में नये नेता के चुनाव की निर्धारित प्रक्रिया शुरु हो जायेगी। राज्य में पर्यवेक्षक भेजे जायेंगे तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि नेतृत्व तथा विधायक इस पद के लिये सही व्यक्ति का चयन करें।

एक वरिष्ठ नेता, जिन्हें राजनैतिक लोगों एवं मामलों का काफी अनुभव है, का कहना है कि अगर अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद तक, सचिन पायलट के चयन की प्रक्रिया सम्पन्न नहीं होती, तो यह पूरी तरह संभावित एवं संभव है कि गहलोत, पायलट के खिलाफ अध्यक्षीय वीटो लगा देंगे तथा गर्व सहित यह घोषणा कर देंगे कि उन्हें अपने पूर्व पद के लिये एक बेहतर व्यक्ति मिल गया है।

ऐसी स्थिति में गांधी परिवार क्या करेगा?

क्या वे नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सामना करने का रास्ता अपनाना चाहेंगे?

- **उनका तर्क होगा, उन्होंने राजस्थान के मु. मंत्री पद के लिये सचिन से बेहतर एक उम्मीदवार ढूंढ लिया है, जो कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में शर्तिया जीत हासिल करायेगा।**
- **"वीटो" के खिलाफ नये अध्यक्ष से दो-दो हाथ करना, गांधी परिवार के लिये काफी अटपटी स्थिति बना देगा।**
- **जैसा कि सर्व विदित ही है, गहलोत का पहला लक्ष्य तो यह है कि, सचिन किसी भी सूरत में मु.मंत्री न बनें तथा गहलोत के बाद राज्य की बागडोर वसुंधरा राजे संभालें, क्योंकि राजस्थान में उनकी सबसे नजदीकी मित्र भाजपा की पूर्व मु.मंत्री राजे ही हैं।**
- **अगर गांधी परिवार गहलोत के पार्टी अध्यक्ष बनने से पहले, गहलोत से मु.मंत्री पद का इस्तीफा प्राप्त कर लेता है तो, शायद एक बार तो जादूगर को मात मिल ही जायेगी।**

यही कारण है कि कांग्रेस के बुद्धिमान लोग कह रहे हैं कि अगर कांग्रेस स्वयं को राजस्थान के 2023 के विधानसभा चुनाव जीतने का अवसर देना चाहती है तो सचिन पायलट को यथाशीघ्र राज्य का मुख्यमंत्री बनाना होगा ताकि वे पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर सकें, राज्य के दौरे शुरु कर सकें तथा यह सुनिश्चित कर सकें कि बुरी तरह बँटी हुई भाजपा के खिलाफ कांग्रेस की जीत के अच्छे अवसर हैं।

पार्टी नेताओं का कहना है कि अशोक गहलोत के दिल्ली जाते ही गांधी परिवार चतुर गहलोत की युक्तियों को पहले से भाँप कर, उन्हें नाकाम करते हुये, पूर्व व्यवस्थित होकर काम करने की स्थिति में आ जायेगा। ज्ञातव्य है कि इस समय गहलोत के दिमाग में दो एजेंडा हैं, एक तो सचिन पायलट मुख्यमंत्री न बनाये जायें तथा दूसरा राजस्थान की सत्ता कुल मिलाकर वसुंधरा राजे के पास पहुँच जाये।

अब यह बात सर्वविदित ही है कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गरीब सवर्णों को आरक्षण

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अगस्त। मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान

- **आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को उच्च शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिए जाने की संवैधानिक वैधता पर 5 जजों की संविधान बैंच 13 सितम्बर से अंतिम सुनवाई शुरू करेगी।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## माइक्रोचिप संकट?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अगस्त। ताईवान के मुद्दे पर छिड़ा संघर्ष विश्व की इलैक्ट्रॉनिक सप्लायी चेन के लिए खतरा

- **ताईवान पर मंडरा रहे युद्ध संकट को देखते हुए विश्व में माइक्रोचिप संकट पैदा होने की आशंका है, जो कि फोन व ड्रोन का प्रमुख उपकरण है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा के चाणक्य अमित शाह ने राजस्थान व बिहार की रणनीति तैयार की

## राजस्थान यात्रा का एक प्रमुख ध्येय है, पूर्वमु.मंत्री वसुंधरा राजे के "महत्व" को "न्युट्रलाइज़" करना

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **बिहार में भी नीतीश को चुनौती देने के लिये शाह मु.मंत्री पद के एक सशक्त उम्मीदवार का चयन करना चाहते हैं तथा उस चेहरे को अभियान के रूप में प्रचारित भी करना चाहते हैं।**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। भाजपा के "चाणक्य" तथा देश के गृह मंत्री अमित शाह तय कर चुके हैं कि वे इस महीने दो विपक्ष-शासित राज्यों- बिहार एवं राजस्थान का दौरा करेंगे तथा शेरों की माँद में जाकर उनको ललकारेंगे।

नीतीश कुमार, जो भाजपा के समर्थन के बिना ही, इस समय भी मुख्यमंत्री हैं, द्वारा भाजपा को धूल चटा दिये जाने के बाद, शाह बिहार में अपनी पार्टी को नई ऊर्जा से भरने की चुनौती स्वीकार करते हुये, 2025 के विधानसभा चुनावों के लिये पार्टी मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में किसी विश्वसनीय तथा गतिशील चेहरे को प्रोजैक्ट करेंगे। राजस्थान द्वारा प्रस्तुत चुनौती अपेक्षाकृत बहुत जल्दी सामने आनी है क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव अगले वर्ष ही, 2024 के लोकसभा चुनाव से सिर्फ छः माह पहले ही होने हैं।

शाह 24 तथा 24 सितम्बर को "सीमांचल" क्षेत्र के पूर्णिया तथा किशनगंज में जायेंगे, जो बिहार के मुस्लिम-बहुल तथा सीमावर्ती जिले हैं। 10 से 12 सितम्बर तक गृह मंत्री राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर में होंगे, जहाँ भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा की एक मीटिंग भी आयोजित की जायेगी।

ऐसी रिपोर्टों के बीच कि गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अक्टूबर में दिल्ली चले जायेंगे, इसलिये भाजपा की मीटिंग के लिये जोधपुर का चयन रोचक रहेगा। मेवाड़ तथा मारवाड़ क्षेत्रों के साथ ही, शेखावाटी बैल्ट में भी ओ.बी.सी. तथा आदिवासी समुदाय के मतदाता बहुतायत में हैं। हाल ही में हुये चुनावों में, भाजपा को इस क्षेत्र में बहुत बड़ा चुनावी लाभ हुआ है। शाह राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों, जहाँ पिछले चुनावों में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण हुआ है, में भाजपा की पकड़ को मजबूती देने की रणनीतियाँ तैयार करेंगे। शाह की राजस्थान-यात्रा का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण और भी है- यह है, राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के महत्व को निष्प्रभावी करना। ज्ञातव्य है कि वसुंधरा राजे की "अखिल भारतीय" छवि है तथा उन्हें जाट एवं राजपूत मतदाताओं के साथ ही, मेवाड़ बैल्ट के आदिवासी मतदाताओं की स्वीकार्यता हासिल है।

गजेन्द्र सिंह शेखावत जैसे नेताओं को प्रोजैक्ट करके राजे को दरकिनार करने की भाजपा हाईकमान की कोशिशें पूरी तरह फलदायक नहीं हुई हैं।

## बाबरी विध्वंस केस

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने 1992 में हुए बाबरी विध्वंस से जुड़े केस को मंगलवार को बंद कर दिया।

तीन जजों जस्टिस संजय किशन कौल, अभय एस. ओका और विक्रमनाथ की बैंच ने बाबरी विध्वंस से जुड़े सभी कार्यवाहियों को बंद करने तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी भाजपा नेता उमा भारती और साध्वी ऋतम्भरा तथा अन्य के खिलाफ भी केस बंद कर दिए हैं।

- **सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या की बाबरी मस्जिद विध्वंस केस को बंद कर दिया है, इसी के साथ मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती, साध्वी ऋतम्भरा के खिलाफ इस केस से संबंधित मुकदमे बंद हो गए हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# के.सी.आर. नीतीश कुमार से मिलेंगे बुधवार को

## हैदराबाद से पटना जाना भारी राजनीतिक उथल-पुथल का संकेत

-लक्ष्मण वैंकेट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अगस्त। बिहार के सत्ता-परिवर्तन के महत्व एवं राष्ट्रीय राजनीति पर इसके प्रभाव को देश के विभिन्न भागों की गतिविधियों में हुई हलचल में देखा जा सकता हैं। अगर उत्तर में, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव भाजपा की लोकसभा सीटों को कम करने, मौजूदा विशाल सांसद संख्या को बहुत कम सीटों तक सीमित करने की कोशिशों की बात कर रहे हैं, तो दक्षिण से, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चद्रशेखर राव बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विचार-विमर्श करने के लिये बुधवार को पटना पहुँच रहे हैं, जिन्होंने भाजपा को शॉक-ट्रीटमेन्ट के जरिये, गठबन्धन सरकार और गठबन्धन से अलग कर दिया था। नीतीश के इस कदम के फलस्वरूप, पूरे देश में उनके बहुत से राजनैतिक मित्र एवं समर्थक गये हैं तथा उनकी पार्टी तथा आर.जे.डी. नेताओं की तरफ से ऐसे संकेत आने-लगे हैं कि नीतीश कुमार ऐसे व्यक्ति सिद्ध हो सकते हैं जो 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सामना कर सकें। के.सी.आर. जिस नाम से तेलंगाना के मुख्यमंत्री प्रसिद्ध हैं, ने

- **के.सी.आर. की भूमिका निर्णायक रही थी, नीतीश का भाजपा से गठबंधन तुड़वाने में।**
- **नीतीश से पहले तेजस्वी यादव भी के.सी.आर. से मिले थे हैदराबाद में।**
- **के.सी.आर. के पटना प्रोग्राम का उद्देश्य गलवान घाटी में शहीद हुए भारतीय सैनिकों के परिवारों को दस-दस लाख रूपये का चैक देना है तथा हाल ही में हैदराबाद में हुए अग्निकांड में मृत 12 बिहारी कारिन्दों के परिवारों को भी पांच-पांच लाख रूपये देना है, पर उनकी नीतीश से मुलाकात चैक बांटने की खबरों से ज्यादा राजनीतिक महत्व रख रही है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# अगला डेढ़ महीना निर्णायक साबित होगा?

## पर, गांधी परिवार की क्या रणनीति है, इसका किसी को कोई खास आभास नहीं है, अतः अफवाहों का बाजार बहुत गर्म है

-डा. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अगस्त। कांग्रेस अव्यवस्था की स्थिति में हैं क्योंकि उसके नेताओं को यह दुविधा सता रही है कि क्या गांधी परिवार इस 136 साल पुरानी पार्टी को जनता से पुनः जोड़ने और इसे संगठनात्मक रूप से मजबूत करने की योजना में सफल होगा या अपने राज्य स्तरीय नेताओं द्वारा खुद की पार्टियों का गठन कर लिया जाएगा।

पार्टी के नेताओं में इस दुविधा के कारण असुरक्षा का इतना गहरा भाव है कि गांधी परिवार की योजना और उसके अगले कदमों की प्रमाणिक जानकारी ना होने की वजह से मीडिया में अटकलों का बाजार गर्म रहा।

पार्टी में संशयवादियों का बोलबाला है जो कि एक ऐसे संगठन को कमजोर कर उसका कयामत का दिन ला रहे हैं, जिसने देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाई थी।

वर्तमान में राष्ट्रीय मीडिया द्वारा लोगों के समक्ष दो निश्चित संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। पहली में तो यदि कोई गैर गांधी पार्टी की कमान संभालकर सी.डब्ल्यू.सी.में खुद के निष्ठावानों को भरने के बाद गांधी परिवार को अलग-थलग कर देता है तो उस स्थिति में गांधी परिवार को भय है कि पार्टी पर नियंत्रण समाप्त हो जाएगा। इस संयोजन में गांधी परिवार को इतना असुरक्षित बताया गया है कि वो किसी भी कीमत पर कांग्रेस नेतृत्व नहीं छोड़ना चाहता।

दूसरी संभावना है कि गांधी परिवार पार्टी संगठन को लोकतांत्रिक बनाने में मदद करे और नया अध्यक्ष राहुल गांधी को पार्टी के दिन-प्रतिदिन के कामकाज से मुक्त कर दे ताकि वे पार्टी को बेखटके नेतृत्व प्रदान कर सके। पार्टी अध्यक्ष स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से निर्वाचित किया जाता है और पार्टी का नया प्रमुख अन्य नेताओं से विचार-विमर्श कर पार्टी का नेतृत्व करता हैं।

अनुमान ये भी हैं कि हरियाणा में भूपिन्दर सिंह हूड़ा और कर्नाटक में

- **एक अफवाह तो यह कि, गांधी परिवार बहुत असुरक्षित महसूस कर रहा है कि, अगर नये अध्यक्ष ने सी.डब्ल्यु.सी. में अपने समर्थक भर कर गांधी परिवार को अलग-थलग कर दिया, जैसा सीताराम केसरी ने किया था, तो गांधी परिवार क्या करेगा।**
- **दूसरी अफवाह है कि, क्षेत्रीय नेता, जो अपने इलाके में काफी पकड़ रखते हैं, जैसे हूडा व सिद्धारमैया, की ज्यादा नहीं चली तो ये लोग अपनी क्षेत्रीय पार्टी बनायेंगे और टुकड़े-टुकड़े होकर कांग्रेस खत्म हो जायेगी।**
- **एक चर्चा यह भी है कि, नये उदीयमान नेता, जैसे शशि थरूर, भी महत्वाकांक्षी हो गये हैं तथा कांग्रेस अध्यक्ष के लिये अपनी उम्मीदवारी जतायेंगे।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध

# अर्थव्यवस्था के प्रबंधन की नहीं उसके दर्शन पर सोचने की जरूरत

किसी भी देश के कोष प्रबंधन के लिए अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जाता है। अर्थव्यवस्था के प्रबंधन के आधार पर ही राजनीतिक विचारधाराएं बनती रही हैं। इसमें कोई संशय नहीं कि अर्थव्यवस्था सामाजिक जीवन व्यवस्था को नियंत्रित करती है। कोई भी राजनैतिक विचारधारा हो वह मूल में सबकी समानता की बात ही करती है। वह सबके लिए न्याय की बात करती है और शोषण का प्रतिकार करती है। इसीलिए सभी राजनैतिक विचारधाराओं में पूंजी पर नियंत्रण की बात होती है। कार्ल मार्क्स ने यह साबित करने की कोशिश की कि उत्पाद के साधनों पर नियंत्रण से ही पूंजी पर कब्जा किया जाता है। उनके विश्लेषण के आधार पर साम्यवाद खड़ा हुआ जिसने करीब आधी दुनिया में हिंसक लड़ाइयां लड़ कर सत्ता हासिल की ताकि उत्पादन के साधनों और पूंजी पर सर्वहारा वर्ग का नियंत्रण हो और निजी हाथों से पूंजी का हस्तांतरण उनके द्वारा नियंत्रित सार्वजनिक संस्थाओं को हो। दूसरी तरफ पूंजीवादी व्यवस्था में पूंजी का नियंत्रण बाज़ार के हाथ में होने और लोकतान्त्रिक शासन की भूमिका एक अंपायर जैसी होने की होती है। सनातन भारतीय अर्थशास्त्र पश्चिम के पूंजीवादी अर्थशास्त्र से मौलिक रूप से भिन्न रहा है। हालांकि वह साम्यवाद के निकट भी नहीं है। न्यायमूर्ति महादेव गोविंद रानाडे ने कहा था कि पाश्चात्य अर्थशास्त्र के सिद्धान्त भारतीय परिस्थितियों में लेश मात्र भी लागू नहीं किये जा सकते। मगर तब से अब तक गंगा में न जाने कितना पानी बह गया है। आज भारतीय परिस्थितियां वैसी नहीं हैं जैसी उन्नीसवीं या बीसवीं सदी में थीं। अंग्रेजों ने हिंदुस्तानियों को अपनी शिक्षा प्रणाली और अपनी भाषा दी जिसके नजरिये से नई भारतीय पीढ़ियों ने न केवल बाहर की दुनिया को देखा और समझा बल्कि अपने आप को भी उनके नज़रिये से देखा और समझा। इसे बहुतों ने पश्चिमीकरण या पाश्चात्यकरण कहा। इसके चलते भारतीय भूभाग,जिसमें लगभग पूरा पश्चिम एशिया शामिल है, में लोगों की जीवन शैली और व्यवहार बदले और पश्चिमी पूंजीवाद के सिद्धान्त यहां लागू होने की परिस्थितियां बनी।

दिलचस्प बात यह भी रही कि अंग्रेजी के जरिये जब हिंदुस्तान के लोगों ने दुनिया को देखा–समझा तो उसे पूंजीवाद के साथ–साथ साम्यवाद भी समझ में आया। आज़ादी के बाद देशी सरकार के सामने 532 सामंती राज्यों में बिखरे हिंदुस्तान को सहेजने की विराट चुनौती थी। एक सशक्त केंद्रीय शक्ति के तहत ही नया आज़ाद देश मूर्त रूप ले सकता था। तब देश के तत्कालीन नेतृत्व ने तय किया कि यह केंद्रीय शक्ति लोकतान्त्रिक होगी और चुने हुए प्रतिनिधियों से बनी होगी। आज़ादी के 75 वर्षों के बाद आज बाज़ार आधारित अर्थव्यवस्था हमारी सामाजिक संरचना और परिवार प्रणाली में हस्तक्षेप करती नजर आ रही है। आज पूरे विश्व में न तो परंपरागत साम्यवाद बचा है और न ही क्लासिक पूंजीवाद। कह सकते हैं कि विश्व की अर्थव्यवस्थाओं का यह संक्रांतिकाल है। आजाद भारत के अर्थशास्त्रियों तथा नीति निर्माताओं ने जब नये देश की व्यवस्थाएं बनाई तब उन्होंने दुनिया भर को देखा और सभी से कुछ लेते हुए एक मिली–जुली अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जो एक हद तक अब भी बनी हुई है। संक्रातिकाल के आर्थिक परिवर्तनों से जहां भारतीय समाज में नयापन नजर आने लगा है वहीं परंपरागत रूढ़ियां अब भी भी उसमें जमी हुई हैं खासकर पुराने सामंती व्यवहार जो नये रूपों में हमारे आचरण में बने हुए हैं। अब उदारवाद का समय है। एक है आर्थिक उदारवादजो खुली प्रतियोगिता और मुक्त बाज़ार पर ज़ोर देता हैऔर अर्थव्यवस्था में सरकार के कम से कम दख़ल की वकालत करता है। दूसरा है राजनीतिक उदारवाद जो आर्थिक प्रगति में विश्वास, मानव जाति की ज़रूरी अच्छाई और व्यक्ति की स्वायत्तता के साथ राजनीतिक और नागरिक आज़ादी की सुरक्षा पर जोर देता है। तीसरा है सामाजिक उदारवाद, जो अल्पसंख्यक समूहों की सुरक्षा, एलजीबीटी जैसे मुद्दों और समलैंगिक शादियों को बढ़ावा देने से जुड़ा है। वैसे कुछ लोग लिबरल यानी उदारवादी शब्द का इस्तेमाल एक गाली के तौर पर भी करते हैं, हालांकि इसके भी मायने अलग–अलग हैं। आजकल यूरोप और अमेरिका से होता हुआ क्रोनी कैपिटेलिज्म अथवा 'याराना पूंजीवाद' भी भारत में अपनी जड़ें जमा रहा है। इस 'याराना पूंजीवाद' में राजनेता, पूंजीपति और सरकारी अधिकारी मिलकर अपने–अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति करते हैं। इस 'याराना पूंजीवाद' की विशेषता यह है कि इसमें राजनेता और उनके आर्थिक सलाहकार चिकनी चुपड़ी बातें करते हैं। इसमें आंकड़ों की जादूगरी से ऐसा भ्रम फैला दिया जाता है मानो सब कुछ हरा ही हरा है। जहां जैसी अनुकूलता लगती है राज व्यवस्था चलाने वाले कहीं कुल संख्या का हवाला देते हैं तो कहीं कुल संख्या की बात न करके प्रतिशत में बात करते हैं। कुल उत्पादन, कुल राष्ट्रीय आय और स्टॉक एक्सचेंज में शेयरों के कीमतों में चढ़ाव अर्थव्यवस्था के सकारात्मक गुणों के रूप में स्थापित किए जाते हैं। किन्तु ऐसा मानने वाले भी कम नहीं है कि पूंजीवाद के कारण दुनिया–भर में बेरोजगारी बढ़ी है और श्रम की महत्ता कम हुई है। उसने भारतीय समाज की सबसे छोटी इकाई परिवार को कमजोर किया है, घरेलू हिंसा को बढ़ाया है तथा सामाजिक रिश्तों को बड़े पैमाने पर तोड़ने का काम किया है।

> **मुख्यमंत्री ने भी कुछ समय पहले कहा कि निर्वाचित लोग जो शासन में बैठ सरकार चला रहे है वास्तव में ट्रस्टी हैं। उनका यह कथन महात्मा गांधी की उस सीख से प्रेरित था जिसे उन्होंने सेठ-साहूकारों को दी थी कि वे अपने को अपने धन का मालिक नहीं बल्कि अपने को उसका ट्रस्टी समझें और उसी प्रकार व्यवहार करते हुए अपने धन को जन कल्याण पर लगाएं।**

ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि पश्चिम और पूर्व की संस्कृतियों के संपर्क के दौरान भारतीय मेधा कहां गयी? पुराने जमाने में हिंदुस्तान में अर्थ प्रबंधन कैसे होता था, इसका अध्ययन बड़ा दिलचस्प हो सकता है। इस पर इतिहास के नज़रिये से तो काम हुआ है किन्तु दुर्भाग्य से अर्थशास्त्र के अकादमिक नज़रिये से किसी ने इसका गंभीर अध्ययन नहीं हुआ। माना जाता है कि ग़ुलामी के लंबे दौर में भारतीय मेधा कुंद हो गयी। हालांकि इस भू भाग के लोगों ने अपनी सुरक्षा के लिए, अपनी अस्मिता बचाए रखने के लिए, अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवित रखने के प्रयत्न जरूर किये जो हमारे सर्वग्राही गुण पर आधारित थी। इसी से भारतीय सभ्यता लूट के इरादे से होने वाले आक्रमणों के झंझावातों को झेल सकी। बहुतों को अचंभा होता है कि भारतीय नीति निर्धारकों ने अर्थव्यवस्था के विदेशी मॉडल तो अपनाए मगर कभी स्वदेशी मॉडल का प्रयोग करके नहीं देखा। ऐसे मॉडल की भावभूमि महात्मा गांधी ने तैयार की भी थी। किन्तु दुर्भाग्य से राजनीतिक या अकादमिक स्तर पर उस पर कभी गंभीरता से काम नहीं किया गया। गांधीजी के आर्थिक सिद्धांतों में उनका 'ट्रस्टीशिप' का सिद्धांत सर्वोपरि है। गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में 1903 में ट्रस्टीशिप के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था। गांधीजी ने इसका आधार 'ईशोपनिषद्' के प्रथम श्लोक को माना था जिसका अर्थ है, इस जगत में जो कुछ भी जीवन है, वह सब ईश्वर का बनाया हुआ है इसलिए ईश्वर के नाम से त्याग करके तू यथाप्राप्त भोग किया कर। किसी के धन की वासना न कर। उनके अनुसार जो व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं से अधिक संपत्ति एकत्रित करता है, उसे केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करके पर्याप्त संपत्ति का उपयोग करने का अधिकार है, शेष संपत्ति का प्रबंध उसे एक ट्रस्टी की हैसियत से, उसे धरोहर समझकर, समाज कल्याण के लिए करना चाहिए। ट्रस्टीशिप सिद्धांत में देश की समस्याओं का समाधान है, इसे राममनोहर लोहिया ने गहराई से समझा। उन्होंने इसे कानूनी ढांचे में विरूपित करने की भी कोशिश। बाद में तत्कालीन सांसद डॉ. रामजी सिंह ने भी प्रयास किया लेकिन अकादमिक और राजनैतिक तौर पर बात आगे नहीं बढ़ी। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, स्वराज और सत्याग्रह की जो अवधारणा दी वह सामूहिक और व्यक्तिगत दोनों स्तर पर अपनाई जा सकती है और जो आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत विकास की वैकल्पिक अवधारणा का लक्ष्य माना गया है। गांधी ने हमारा ध्यान इस बात की ओर आकर्षित किया कि उत्पादन का लक्ष्य हमरी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करना है, न कि उपभोग की कृत्रिम मांगों को पैदा कर उनकी पूर्ति करना है। गांधी जिस 'स्वदेशी' की बात करते थे उसमें न तो प्राकृतिक संसाधनों की अंधा–धुंध बर्बादी संभव है और न पूंजी का कुछ हाथों में सिमटना। इसमें रोजगारविहीन विकास और पारिस्थितिकीय असंतुलन कि उन दो समस्याओं ने निज़ात मिल सकने की राह नज़र आती है।

देश में 1950 में योजना आयोग की स्थापना की गई जिसने पंचवर्षीय योजनाएं बनाने तक अपने को सीमित कर लिया और अर्थव्यवस्था में किसी विकल्प की तरफ नहीं झांका। इस व्यवस्था के रहते हुए भी संसदीय बहुमत वाले शासन ने 1980 के दशक में पूंजीवाद की उदार नीतियों को स्वीकार कर लिया और एक नई अर्थ व्यवस्था का अगाज़ किया। अंत में नए संसदीय बहुमत ने उसकी जगह नीति आयोग बना दिया। परंतु नए बने नीति आयोग ने भी किसी वैकल्पिक स्वदेशी अर्थव्यवस्था की अवधारणा पर अब तह तो कोई विचार नहीं किया है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री ने भी कुछ समय पहले कहा कि निर्वाचित लोग जो शासन में बैठ सरकार चला रहे है वास्तव में ट्रस्टी हैं। उनका यह कथन महात्मा गांधी की उस सीख से प्रेरित था जिसे उन्होंने सेठ–साहूकारों को दी थी कि वे अपने को अपने धन का मालिक नहीं बल्कि अपने को उसका ट्रस्टी समझें और उसी प्रकार व्यवहार करते हुए अपने धन को जन कल्याण पर लगाएं। मुख्यमंत्री का कथन सरकारी कोष के सदुपयोग के लिए राजतंत्र चलाने वालों को इंगित था जिसे किसी ने नहीं सुना और शायद खुद मुख्यमंत्री भी भूल गए। राजनेताओं के ऐसे वक्तव्यों के मूल में केवल लोकप्रियता पाना ही होता रहा है, किसी परिवर्तन की चाह नहीं।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# जैन धर्म का पर्वराज दशलक्षण धर्म पर्व की शुरुआत

जैन धर्म एक अनादि, अनंत, शाश्वत धर्म है। जैन धर्म की शुरुआत प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान से पूर्व से है।

जैन धर्म के तीन मुख्य त्योहारों में 1) षोडश कारण भावना पूजा – यह पूजा करने से तीर्थंकर प्रकृति का बंधन होता है, 2) अष्टांहिका पर्व पूजा – यह भक्ति का पर्व है, यह वर्ष में तीन बार मनाई जाती है एवं 3) दशलक्षण धर्म पूजा – यह वर्ष में दो बार आता है, लेकिन भाद्रपद में आने वाले इस पर्व का बढ़ा ही महत्व है। आत्मा के दस धर्मों की विशेष आराधना करते है। दस धर्मों का पालन करना साधकों के लिए अनिवार्य है।

दशलक्षण धर्म पर्व को पर्वराज भी कहा गया है। जैन धर्म में इस त्योहार का महत्वपूर्ण स्थान है।

दिगंबर धर्म में 10 दिन तक चलने वाला यह पर्व इस वर्ष 31 अगस्त, भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी से प्रारंभ होकर 9 सितंबर – अनंत चतुर्दशी तक जारी रहेगा। इसी क्रम में 11 सितंबर को क्षमावाणी पर्व मनाया जायेगा।

दशलक्षण धर्म पर्व जैसा की नाम से आभाष होता है दस धर्मों की पूजा एवं पालना की जाती है। ये दस धर्म है – 1) उत्तम क्षमा, 2) उत्तम मार्दव, 3) उत्तम आर्जव, 4) उत्तम सोच, 5) उत्तम सत्य, 6) उत्तम संयम, 7) उत्तम तप, 8) उत्तम त्याग, 9) उत्तम आकिंचन एवं 10) उत्तम ब्रह्मचर्य का पालन कर आत्म शुद्धि की जाती है।

इन सभी दस धर्म के अंतर्गुण नाम से ही स्वत : स्पष्ट है। ये सभी दस धर्म एक दूसरे के पूरक है। किसी भी एक धर्म की पालना, साधना करने पर शेष



भागचंद जैन

सभी धर्म स्वत: आत्मसात हो जाते है एवं साधक के जीवन का अंग बन जाते है।इन दस दिनो के दौरान धर्मावलंबी जिन अभिषेक, शांतिधारा, पूजा, पाठ यथावत करते है। प्रति दिन नित्य नियम पूजा के साथ क्रमश: दशलक्षण धर्मों के धर्म विशेष की पूजा भी की जाती है।

दशलक्षण पर्व के दौरान जैन धर्म के मानने वाले व्रत, उपवास रखते है एवं इस अवधि में ऐसा भोजन किया जाता है जो मन और शरीर को नियंत्रण में रख सके। जैन धर्म में अहिंसा और आत्मा की शुद्धि का विशेष महत्व है. श्रावकगण इस समय का सदुपयोग त्याग, तपस्या, आराधना और साधना का मार्ग अपना कर करते हैं। यह पर्व अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण करने, आत्मशुद्धि करने एवं कर्मो का क्षय कर मोक्षमार्ग प्रशस्त करने के लिए मनाया जाता है।

जैन धर्मावलंबी इस पर्व के दौरान धार्मिक ग्रंथों का पाठ करते हैं। पर्व की अवधि में दिया गया दान का भी अपना महत्व है।

दशलक्षण पर्व में व्यक्ति को अपने द्वारा किए बुरे कर्मों से दूर होने के लिए अवसर मिलता है। ये पर्व जीओ और जीने दो की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। इस पर्व में अपने द्वारा की गई गलतियों पर विचार कर क्षमा मांगी जाती है।

दश लक्षण पर्व आत्मशुद्धि का अवसर प्रदान करता है इसलिए इस दौरान अहिंसा यानी किसी को दुख, कष्ट ना पहुंचाएं, सत्य के मार्ग पर चलें, चोरी ना करना, ब्रह्मचर्य का पालन करना, परिग्रह से दूर रहना, जैन धर्म के सिद्धांतों को रेखांकित करता है।

श्वेतांबर धर्मावलंबियों द्वारा पर्युषण पर्व 8 दिन तक, इस वर्ष 24 अगस्त से 31 अगस्त तक मनाया जा रहा है।


**भागचंद जैन,**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय**
**जैन बैकनेरा फोरम, जयपुर।**

# रक्षासूत्र/ रक्षाबंधन पर्व दो विभिन्न तिथियों पर क्यों मनाया जाता है?

वैदिक काल में जिसे हम रक्षासूत्र कहते थे उसे ही आजकल राखी कहा जाता है।अब जैसा आप सभी जानते भी होंगे और मानते भी होंगे कि रक्षासूत्र केवल पाँच या सात पतली रंगीन डोरियीं नहीं बल्कि यह बांधने और बंधवाने वालों के बीच आदान–प्रदान होने वाले शुभ भावनाओं व शुभ संकल्पों को दर्शाता है। इस पर्व के शुरुआत के समय उपलब्धता के आधार पर एक छोटा–सा ऊनी, सूती या रेशमी पीले कपड़े के टुकड़े में दूर्वा, अक्षत (साबूत चावल), केसर या हल्दी, शुद्ध चंदन एवं कुछ सरसों के साबूत दाने – इन पाँच समानों को मिलाकर छोटे से कपड़े के टुकड़े में बाँध रक्षासूत्र वाले कलावे से जोड़ हाथ पर बाँध देते थे। कालान्तर में यही स्वरूप पहले तो रेशमी फूँदों वाली राखी में बदला और धीरे–धीरे आज जिस रूप में हम सभी देख रहे है अर्थात केवल कच्चे सूत जैसे कलावे, रेशमी धागे से आगे सोने या चाँदी जैसी महंगी वस्तु तक की राखियां उपलब्ध हैं और आज–कल इस राखी वाले व्यवसाय में कई सौ लाखों का वारा–न्यारा हो रहा है।

अब आपके ध्याननार्थ बताना चाहूंगा यह पर्व दो अलग अलग तिथियों को मनाया जाता है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पञ्चमी जिसे हम ऋषि पञ्चमी कहते हैं, वाले दिन माहेश्वरी जाति के अलावा गौड़, पारीक, दाधीच, सारस्वत, गुर्जर गौड़, शिखवाल के अलावा खन्डेलवाल माहेश्वरी एवं पुष्करणा हर्ष जाति में बहन भाई को रक्षासूत्र / राखी बांधती है जबकि बाकी सभी जगह, क्योंकि यह पर्व न केवल पूरे भारत में बल्कि नेपाल में भी, श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन जिसे हम श्रावणी–पूर्णिमा कहते हैं, वाले दिन रक्षाबंधन वाले त्यौहार के रूप में मनाया जाता है।

आप सभी की जानकारी के लिये बता दूं कि माहेश्वरी समाज में पीढ़ी दर पीढ़ी से अर्थात परम्परागत रुप से ऋषि पञ्चमी के दिन ही बहनें अपने भाईयों को रक्षासूत्र बांध यह त्यौहार मनाते आ रहे हैं। हालांकि आजकल यह भी देखने में आ रहा है कि एक ही परिवार में दोनों ही दिन यह पर्व मनाया जाने लगा है जिसका मुख्य कारण अन्तर्जातीय विवाह सम्बन्ध है। इस सम्बन्ध में यह भी बताना चाहूंगा कि परम्परागत रूप से भारत एवं नेपाल के हिन्दुओं में अन्तर्जातीय विवाह बहुत कम होते रहे



गोवेर्धन दास बिन्नानी राजा बाबू

हैं किन्तु अब शहरीकरण के चलते ज्यादा से ज्यादा युवा महिला और पुरुष जाति के बंधनों से परे अपनी व्यक्तिगत पसंद से शादी करना चाहते हैं और हमारे समाज से भी इसे अपेक्षाकृत अधिक स्वीकृति मिलने लग गयी है।

यह त्यौहार भाई और बहन का त्यौहार है / भाई बहन के प्यार का प्रतीक है। इन दोनों दिनों में बहनों में एक अलग तरह का उमंग देखने में आता है जिसका एक मात्र कारण सुख–दुःख में साथ निभाने की प्रतिबद्धता लेकिन आजकल सगी बहनों को उपहार चाहे नगद हो या अन्य किसी रूप में देकर, इतिश्री कर लेते हैं। जबकि आगे दोनों के बीच, भले ही मुंह–बोली बहन हो या मुंह–बोला भाई, एक निश्छल प्रेम देखने मिलता था। इसका एक छोटा सा उदाहरण आपको अवश्य ही आनंदित कर देगा जो इस प्रकार है –

जैसा सभी प्रबुद्ध पाठक जानते होंगे हिन्दी साहित्य युग के महानायक और उसकी आत्मा क्रमश: पं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और उनकी मुंह–बोली बहन महादेवी वर्मा के बीच रक्षाबंधन वाले, एक दिन जो घटना पढ़ने में आती है उसके अनुसार निरालाजी रिक्शे में बैठ मुंह–बोली बहन महादेवीजी के यहां राखी बंधवाने के लिये पहुंचे, उससे ही बारह रुपये माँगते हैं और तो और महादेवीजी के यह पूँछने पर कि 12 रुपये काहे चाहिए तो मुंह–बोला भाई उत्तर देता है – दुई रुपैया इस रिक्शे वाले को और 10 तुमको राखी बधाई का दूँगा। ऐसी निश्छल प्रेम वाली घटना पढ़ हम सभी की भी आंखे छलछला उठती हैं।

श्रावण पूर्णिमा के दिन राखी बांधकर बहन अपने भाई से स्वयं की रक्षा करते रहने की प्रार्थना करती है जबकि ऋषि पञ्चमी के दिन बहन उपवास कर भाई को राखी बांधकर भगवान से हमेशा अपने भाई की कुशल–मंगल की कामना करती है। जबकि आजकी बदली हुयी परिस्थिति में दोनों ही पर्व पर बहन–भाई दोनों को एक दूसरे की रक्षा का केवल संकल्प की आवश्यकता है जैसा रक्षाबंधन का शाब्दिक अर्थ 'सुरक्षा का बंधन' स्पष्टतौर पर इस ओर इंगित करता है।


आखिर निष्कर्ष में यही सत्य प्रतीत होता है कि दोनों ही पर्व बहन–भाई के रिश्तों की मधुरता को दर्शाता है। भारतीय परम्पराओं ऐसे पर्वों से सामाजिक सम्बन्धों को मजबूती मिलती है। दोनों का अपना–अपना अस्तित्व ही नहीं है बल्कि पौराणिक एवं सामाजिक महत्व है और हमें दोनों के महत्त्व को समझकर उसका सम्मान करना चाहिए.. न की अपने अपने सुविधा अनुसार धर्म की रीति को बदलना उचित है...

**गोवेर्धन दास बिन्नानी**
**राजा बाबू**

# आवारा पशुओं की शरण स्थली बना अस्पताल

- **मरीज वार्ड में रखे कचरा पात्र में सूअर मुंह मारता नजर आया**
- **रात्रि को मरीजों की सुरक्षा के लिए कोई गार्ड भी नहीं हैं**

**नारायणपुर,** (निसं)। उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत की मौजूदगी में 19 अगस्त को हुई मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी (एमआरएस) की मिटिंग में मंत्री द्वारा मरीजों के लिए अस्पताल में सुविधाओं को लेकर बड़े–बड़े दावे किये जा रहे थे लेकिन मंत्री के ये सब दावे खोखले साबित हो रहे हैं।




नारायणपुर अस्पताल परिसर में चिकित्सक कक्ष के सामने खड़ी गाय।

कस्बे का सरकारी अस्पताल इन दिनों आवारा पशुओं की शरण स्थली बना हुआ है। अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर केवल ढर्रा चल रहा है।

ऐसा ही नजारा गत रात्रि को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अस्पताल में देखने को मिला। जहां पर सरकारी अस्पताल के अंदर आवारा गाय व मरीज वार्ड में रखे कचरा पात्र में सूअर मुंह मारता नजर आया। इससे कस्बे की सरकारी अस्पताल की सुविधा व सुरक्षा की पोल खोल के रख दी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल में रात्रि को न तो मरीजों के लिए कोई सुविधा है और ना ही यहां पर कोई सुरक्षा गार्ड है। इस ओर अस्पताल प्रबन्धन का भी कोई ध्यान नहीं है।

सीएचसी अधिकारी प्रभारी डॉ.सुरेश मीणा ने बताया कि अस्पताल के मैंन गेट का निर्माण कार्य चल रहा है, कार्य पूरा होने पर गेट पर काऊ केचर लगा दिया जायेगा। जिससे आवारा पशुओं का आने–जाने का रास्ता बंद हो जायेगा।

# गणेश चतुर्थी पर अब नहीं सुनाई देती डंकों की खनखनाहट

**सांभरझील,** (निसं)। भाद्र पक्ष की चतुर्थी को भगवान गणेश के जन्मोत्सव को मनाने की परम्परा में शनैः शनैः काफी परिवर्तन भी देखने को मिल रहा है।

पीढ़ियों से जिस परम्परागत तरीके से गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाता था वह पूरी तरह से लुप्तप्राय हो गयी है। अपनी यादों को साझा करते हुये यहां के स्वतंत्रता सेनानी रहे स्वर्गीय बिहारीलाल खोडवाल के पुत्र प्रोफेसर सुरेश चंद अग्रवाल ने बताया कि आजादी से पहले जब सरकारी स्कूल कम हुआ करते थे और पब्लिक स्कूलें भी नहीं थी, उस वक्त गणेश चतुर्थी के मौके पर पंडित जी बच्चों को साथ लेकर डंके खनखनाते हुये सभी के घर के जाते और परम्परागत गीत "चौक च्यानणी भादूड़ो–दे दे माई लाड़ूडों, आधौ लाडू भावै कोनी–सांपतो पांती आवै कोनी..." गीत गाते हुये जाने की पुरानी परम्परा प्रचलित रही है।

इस दिन बच्चों की मां पंडितजी के तिलक व आरती कर दक्षिणा व लड्डू प्रदान करती थी तथा बच्चे पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लेते थे। इस तरह गणेश चतुर्थी पर बच्चे पंडितजी यानी गुरू के साथ गलियों व मौहल्लों में डंकों की खनखनाहट करते हुये उक्त गीत गाते चलते थे।

उस जमाने में गुड़ से बनायी जाने वाली गुड़धाणी घरों में प्रमुखता से बनायी जाती थी।

गणेश चतुर्थी के मौके पर दाल–बाटी चूरमा आज भी घरों में मनाया जाता है तथा मुख्य द्वार पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का श्रंगार कर दीप प्रज्जवलन कर पूजा जरूर की जाती है, लेकिन डंकों की खनखनाहट अब सुनायी नहीं देती है।

परम्परागत गीत अब सुनायी नहीं देता है। वह गीत इस प्रकार से है सुण सुण ऐ गीगा की माय, थारौ गीगौ पढ़बा जाय।

पढ़बा की पढ़ाई दै, छोरा नै मिठाई दै। आळो ढूंढ दिवाळो ढूंढ, बड़ी बहु की पैई ढूंढ, ढूंढ ढूँढाकर बारैआ, जोशी जी कै तिलक लगा, लाडूडा मै पान सुपारी, जोशी जी रै हुई दिवाळी। जौशण जी नै तिलियाँ दै,छोरा नै गुडधानी दै, ऊपर ठंडो पाणी दै। एक विद्या खोटी, दूजी पकड़ी चोटी। चोटी बोलै धम धम, विद्या आवै झम झम।



गणेश चतुर्थी पर काम आने वाले डंका दिखाता युवक।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 31 अगस्त, 2022**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, चित्रा नक्षत्र रात्रि 12:12 तक, शुक्ल योग रात्रि 10:47 तक, विष्टि करण रात्रि 11:30 तक, चन्द्रमा आज दिन 12:04 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–सिंह, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–वृष, बुध–कन्या, गुरू–मीन, शुक्र–सिंह, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज रवियोग रात्रि 12:12 तक है। आज भद्रा दिन 3:23 तक है। शुक्र सिंह राशि में सांय 4:18 पर प्रवेश करेगा। आज महागणपति चतुर्थी (स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त) है। गणेश पजून का श्रेष्ठ समय मध्यान्ह काल (वृश्चिक लग्न) में श्रेष्ठ बताया गया है। आज दिन 11:11 से 1:43 तक जिसमें 11:58 से 1:43 तक वृश्चिक में पूजन का समय श्रेष्ठ रहेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:18 तक, शुभ 10:53 से 12:23 तक, चर 3:16 से 5:11 तक, लाभ 3:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:09, सूर्यास्त 6:45

**मेष**
अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**मिथुन**
परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी और नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में प्रगति होगी और अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
अपने आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
धार्मिक–सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे।

**कुंभ**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। ावश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

# प्रदेश में 2021 में 6000 से ज्यादा दुष्कर्म के प्रकरण दर्ज हुए, जो पिछले वर्ष के मुकाबले कहीं अधिक हैं

## आंकड़े कहते हैं कि राजस्थान दुष्कर्म के मामलों में पहले नंबर पर हैं

- लेकिन सरकार का कहना है कि इस साल जनवरी से जून तक रेप और छेड़छाड़ के दर्ज केस में 48 प्रतिशत केस झूठे पाए गए हैं
- राजधानी जयपुर में भी हर तरह के क्राइम में बढ़ोतरी

**जयपुर**, (का.प्र.)। यह खबर राजस्थान सरकार और राजस्थान पुलिस के लिए ही नहीं बल्कि हर आम आदमी के लिए भी चिंताजनक है। राजस्थान की राजधानी जयपुर जहां क्राइम कैपिटल बन रहा है, वहीं राजस्थान दुष्कर्म के मामलों में देश में पहले नंबर पर रहा है। साल 2021 में राजस्थान में दुष्कर्म के जितने प्रकरण दर्ज हुए हैं, उतने दो बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में मिलकर भी दर्ज नहीं हुए।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की ओर से साल 2021 के जारी आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में 6 हजार से ज्यादा दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं। साल 2020 में दर्ज हुए दुष्कर्म के करीब 5000 प्रकरणों से एक हजार ज्यादा प्रकरण साल 2021 में दर्ज हुए हैं। देश भर में 2020 और 2021 में दर्द हुए दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान में सबसे अधिक बलात्कार के मामले सामने आए हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें तो राजस्थान में 2020 में 5310 और साल 2021 में 6337 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। वहीं पड़ौसी प्रदेश मध्य प्रदेश में भी 2020 और 2021 में बलात्कार के मामलों में कुछ बढ़ोतरी हुई है। दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान के बाद दूसरे स्थान पर रहे मध्य प्रदेश में 2020 में 2339 मामले थे,जबकि 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 2947 हो गया। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और असम ऐसे पांच राज्य हैं, जहां बलात्कार के सबसे अधिक मामले पिछले 2 साल में दर्ज हुए है।

एनसीआरबी की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक साल 2021 में राजस्थान से 6,337 बलात्कार के मामले महिला सुरक्षा के मामले में चिंताजनक स्थिति दर्शा रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 2021 में 2,845 बलात्कार के मामले दर्ज हुए और वह पूरे देश में तीसरे और 2,496 मामलों के साथ महाराष्ट्र चौथे स्थान पर हैं। असम पांचवां राज्य है जहां 1,733 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। देश की राजधानी दिल्ली में वर्ष 2021 में बलात्कार के 1,250 केस दर्ज किए गए हैं।

राज्य सरकार के अनुसार यहां सरकार ने फ्री एफआईआर रजिस्ट्रेशन की पॉलिसी बना रखी है। जिसके तहत शिकायत लेकर थाने आने वाले हर परिवादी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की जाती है। राजस्थान में अगर पुलिस थाने पर परिवादी की एफआईआर दर्ज नहीं की जाती है तो परिवादी एसपी कार्यालय में केस दर्ज करा सकते हैं। ये प्रक्रिया कॉन्ग्रेस सरकार के वर्तमान कार्यकाल में शुरु की गई है। हर केस दर्ज होने की पॉलिसी के कारण ही प्रदेश में दो साल में दर्ज होने वाले अपराध पिछले सालों की तुलना में कहीं ज्यादा बढ़ गए हैं। हाल ही में राजस्थान पुलिस ने रिकॉर्ड जारी किए हैं कि इस साल जनवरी से जून तक रेप और छेड़छाड़ के जो केस दर्ज कराए गए हैं, उनमें 48 प्रतिशत केस झूठे पाए गए हैं।

एनसीआरबी की ओर से जारी किए गए वर्ष 2021 के अपराधिक आंकड़ों के अनुसार जयपुर को क्राइम कैपिटल कहा जा सकता है। जयपुर में ना सिर्फ दुष्कर्म, महिला उत्पीड़न, वाहन चोरी, बल्कि सभी तरह के अपराधों में वृद्धि हुई है। एनसीआरबी की ओर से जारी किए गए वर्ष 2021 के अपराधिक आंकड़े ना केवल जयपुर शहर के लिए चिंता का एक बड़ा विषय है, बल्कि पुलिस के लिए एक बड़ी चेतावनी भी है।

एनसीआरबी की ओर से जारी किए गए वर्ष 2021 के आपराधिक आंकड़ों पर नजर डालें तो दुष्कर्म के मामले में मेट्रोपोलिटन शहरों में दिल्ली के बाद जयपुर पूरे देश में दूसरे नंबर पर है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वर्ष 2021 में 1232 महिलाएं दुष्कर्म का शिकार हुईं। दिल्ली में दुष्कर्म की क्राइम रेट 1.62 की गई. इसके बाद दूसरे नंबर पर राजस्थान की राजधानी जयपुर का नंबर आता है. जहां वर्ष 2021 में 503 महिलाएं दुष्कर्म का शिकार हुईं। मुंबई शहर में 2021 में 366 महिलाएं दुष्कर्म का शिकार हुई और दुष्कर्म की क्राइम रेट 4.3 रही। महिला उत्पीड़न की करें तो पहले नंबर पर देश की राजधानी दिल्ली है। 2021 में दिल्ली में 1051 महिलाएं महिला उत्पीड़न का शिकार हुई और महिला उत्पीड़न की क्राइम रेट 13.5 रही। इसी प्रकार से दूसरे नंबर पर मुंबई शहर का नाम आता है, जहां 2021 में 646 महिलाएं महिला उत्पीडन का शिकार हुई और महिला उत्पीड़न की क्राइम रेट 7.6 रही। तीसरे नंबर पर राजस्थान की राजधानी जयपुर है, जहां 2021 में 492 महिलाएं महिला उत्पीड़न का शिकार हुई।

# 'घड़साना आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच कराएं'



घड़साना में वकील के आत्महत्या मामले में जयपुर के सैशन कोर्ट में वकीलों ने न्यायिक कार्य स्थगित रखा।

**जयपुर**। राज्य मानवाधिकार आयोग ने श्रीगंगानगर के घड़साना बार संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह के पुलिस प्रताड़ना के चलते आत्महत्या करने के मामले में बीकानेर रेंज आईजी को कहा है कि वे मामले में उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करवाकर नौ सितंबर को रिपोर्ट पेश करें। आयोग ने यह आदेश प्रकरण में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए दिए।

आयोग ने कहा कि अखबारों से पता चला कि मृतक की पत्नी ने पुलिसकर्मियों पर पति के साथ मारपीट व आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। वहीं एसएचओ मदनलाल विश्नोई व एसआई कल्पना देवी, एएसआई कमल मीणा सहित अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में आरोप है कि विजय सिंह के 31 मार्च से नशे पर अंकुश लगाने के जनजागृति अभियान से पुलिस उनसे रंजिश रखने लगी और 18 अप्रैल को पुलिस ने विजय सिंह को थाने लाकर बेरहमी से पीटा।इसके बाद केस दर्ज होने पर पुलिस उन पर समझौते का दबाव बना कर प्रताड़ित कर रही थी। पूर्व बार अध्यक्ष के पुलिस प्रताड़ना से खुदकुशी के मामले में हाईकोर्ट सहित निचली अदालतों में वकीलों ने न्यायिक कार्य स्थगित रखा और केसों में पैरवी नहीं की।



स्वायत्त शासन मुख्यालय पर मंगलवार को सैंकड़ों सफाई कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर हंगामा किया। हाथों में झाड़ू लिए सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद जब कर्मचारियों ने मुख्य दफ्तर में घुसने की कोशिश की, तो उनकी पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। इसके बाद कर्मचारी वहीं धरने पर बैठ गए।

# राजस्थान नशा माफ़ियाओं की गिरफ़्त में है और सरकार मूकदर्शक बनी है : डॉ.पूनिया

- राजस्थान का राज नक्कालों के हाथ, ये नहीं बदलेंगे, हमें इन्हें बदलना होगा : शेखावत
- राजस्थान बलात्कार के मामले में एक बार फिर से देश में सिरमौर बन गया : राठौड़

**जयपुर**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़ों में राजस्थान को दुष्कर्म के मामलों में ट्विटर पर सरकार पर बार करते हुए कहा कि राजस्थान की अनेक चुनौतियों में से एक है। युवाओं के बीच नशे की प्रवृत्ति और इसका कारोबार। यह पंजाब से लेकर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र तक एक कोरिडोर के रूप में फैल गया, इसी के विरूद्ध जन जागरण और संघर्ष के कारण घड़साना के वकील विजय झोरड़ को आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया।

भाजपा श्रीगंगानगर इकाई और स्थानीय विधायक पीड़ित अधिवक्ता के परिवार को न्याय दिलाने के लिए आंदोलनरत है, लेकिन यह घटना राज्य की क़ानून व्यवस्था की पोल खोलती है कि किस तरह से राजस्थान अपराधियों और नशा माफ़ियाओं की गिरफ़्त में है, और गहलोत सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़ों में राजस्थान को दुष्कर्म के मामलों में नंबर एक राज्य बताने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गहलोत सरकार पर जोरदार हमला बोला। शेखावत ने कहा कि राजस्थान का राज इस समय नक्कालों के हाथ है। ये नहीं बदलेंगे, हमें इन्हें बदलना होगा। मंगलवार को अपने बयान में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि राजस्थान को दुष्कर्म के मामलों में नंबर एक देखकर सरकार को शर्म नहीं आती, पर हम असली राजस्थानियों को क्षोभ होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वो नकली राजस्थानी ही होगा, जिसका दिल बहन-बेटियों के मान पर हमले देख प्रतिकार को चीखता नहीं होगा।

वही उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि राजस्थान बलात्कार के मामले में एक बार फिर से देश में सिरमौर बन गया है। एनसीआरबी द्वारा जारी आंकडों के अनुसार राजस्थान महिला हिंसा और अत्याचार के मामलों में देश में पहले नंबर पर है। साल 2021 में प्रदेश में महिला बलात्कार के 6337 मामले दर्ज हुए, जो देश में सर्वाधिक है। राठौड़ ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बलात्कार के इतने अधिक केस देश के तीन बड़े राज्यों में मिलाकर भी दर्ज नहीं हुए हैं,जितने अकेले राजस्थान में हुए हैं। प्रदेश में वर्ष 2021 में कुल 6337 बलात्कार के मामले सामने आए हैं,जो साल 2020 में बलात्कार के दर्ज 5310 मामलों के मुकाबले 1027 ज्यादा हैं। कांग्रेस सरकार के राज में आज राजस्थान महिलाओं व बेटियों के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश बन गया है। इसी का परिणाम है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2020 और वर्ष 2021 में राजस्थान में देश में सबसे अधिक बलात्कार के मामले सामने आए हैं।

# आमिर खान, तापसी पन्नू, करीना कपूर को नोटिस

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य आयुक्त उमाशंकर शर्मा आयुक्तालय विशेष योग्यजन राजस्थान ने आमिर खान, तापसी पन्नू, करीना कपूर खान, निदेशक, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड व अन्य लोगों को नोटिस जारी किया है।

उन्होंने बताया कि विशेष योग्यजन सेवी सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने अपने अधिवक्ता दयानंद शर्मा, राहुल शर्मा व देवकृष्ण पुरोहित के जरिए भेजी शिकायत में उल्लेख किया है कि हाल में रिलीज हुई फिल्में लाल सिंह चड्ढा और शाबाश मिट्ठू विशेष योग्यजनों का अपमान करती हैं और इस बारे में फिल्म निर्माता/निदेशकों द्वारा ऑडिशन में कोई ध्यान नहीं दिया गया एवं केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने भी बिना ध्यान दिए सर्टिफिकेट जारी कर दिए।

शर्मा ने बताया कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार विशेष योगजनों के अधिकारों का सीधे तौर पर हनन है। शिकायत प्राप्त होने पर नोटिस जारी करते हुए फिल्म से जुड़े तमाम अभिनेता अभिनेत्री निर्देशकों एवं अन्य जिम्मेदार लोगों से स्पष्टीकरण मांगा है।

# आप पार्टी ने की केंद्र सरकार के पांच घोटालों की जांच की मांग

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर में आप नेता देवेंद्र शास्त्री ने प्रेस वार्ता में कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार देश में हर एक चीज महंगी कर के जनता की गाढ़ी मेहनत की कमाई को चूस रही है और जनता से वसूली गई उस मोटी रकम से बड़े पैमाने पर विधायक खरीदने व अपने अरबपति दोस्तों के कर्ज माफ करने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा अब तक महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, असम, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में सरकारें गिरा चुकी है। राजस्थान में भी सरकार गिराने का ऑपेराशन लोटस चलाया गया था लेकिन वो सफल नहीं हुआ।भाजपा अबतक देशभर में कुल 277 विधायक खरीद चुकी है। अगर इन बिके हुए सभी विधायकों को 20-20 करोड़ रुपए भी दिए गए तो अब तक भाजपा 5500 करोड़ विधायक खरीद में लगा चुकी है।

शास्त्री ने पांच घोटाले गिनाते हुए केंद्र सरकार से इनकी सीबीआई और ईडी से जांच कराने की मांग की है।


## तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री सुभाष चंद्र शर्मा**

का स्वर्गवास 29.08.2022 को हो गया है। तीये की बैठक बुधवार 31.08.2022 को सांय 5:00 से 6:00 बजे तक श्री गुजराती समाज महावीर मार्ग सी-स्कीम पर होगी।

**शोकाकुलः** मंजू शर्मा (धर्मपत्नी), विशाल- तनु (पुत्र- पुत्रवधू), विकास (पुत्र), लक्ष्मण प्रसाद जी, किशन कुमार शर्मा (भ्राता), अदम्य, निश्चय (पौत्र) एवं समस्त नवहाल परिवार।

9828551203, 9929249849



मेरी धर्मपत्नी

**श्रीमती रामजानकी देवी**

का स्वर्गवास दिनांक 29-8-2022 को हो गया है। जिसकी तीये की बैठक दिनांक 31-8-2022 बुधवार सांय 4 से 5 बजे तक श्रीकल्याण मैरेज गार्डन, विजयपुरा रोड पर होगी।

**शोकाकुल**- रामकल्याण (पति) रामेश्वरप्रसाद, भगवानसहाय, प्रल्हाद नारायण, सत्यनारायण (देवर), सुरेश- सुमन, चंद्रमोहन-सीता, अशोक-स्वाति, कमलेश-सीमा (पुत्र-पुत्रवधू) हेमंत- विजयलक्ष्मी, निखिल-आंचल, लवेश, लक्ष्य, केशव (पौत्र-पौत्रवधू) भावेश, नक्ष (पड़पौत्र) शकुंतला-ओमप्रकाश जी माचीवाल, संतोष-दयाकिशन जी by सांकुनिया, सुनीता-विमल जी मोदी (पुत्री-दामाद) समस्त डंगायच (चौधरी) परिवार बस्सी वाले।

8696600103, 7297994150

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# हत्या के अभियुक्त की जमानत मंजूर

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश फरजंद अली ने हत्या के अभियुक्त फूलचंद व तेजपाल की जमानत मंजूर की है।

अभियुक्त फूलचंद व तेजपाल पर अपने ही गांव के बालाराम हरितवाल की हत्या करने का आरोप है, जिनके विरूद्ध पुलिस थाना कालवाड़में धारा 302 में मामला दर्ज हुआ, जिसमें वह 16 मार्च से जेल में थे। अभियुक्तों की ओर से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता जे.आर. चौधरी ने न्यायालय में तर्क रखा कि घटना का कोई चश्मदीद गवाह नहीं है तथा संदेह के आधार पर मामला दर्ज कराया गया है तथा आरोपियों से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। न्यायालय ने चौधरी के तर्कों से सहमत होकर आरोपियों की जमानत मंजूर की है।

# नेपाली समाज ने मनाया हरितालिका तीज उत्सव

**जयपुर**। नेपाली महिलाओं ने मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज नगर समिति जयपुर उत्तर व दक्षिण के बैनर तले हरितालिका तीज मनाई गई। हरितालिका तीज को नेपाल में महिलाओं का प्रमुख त्यौहार माना जाता है। यह त्यौहार कृष्ण जन्माष्टमी के 11वें दिन मनाया जाता है। इस दिन नेपाल में महिलाओं की तरफ से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता है। कोरोना के चलते पीछले दो सालों से इस तरह के आयोजन नहीं कर पाए थे। अतः अब स्थिति सामान्य होने के उसी परम्परा को कायम रखते हुए इस साल जयपुर में नेपाली महिलाओं ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा विदेश में रहकर भी अपने देश की संस्कृति को जीवित रखने का संदेश दिया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाईड भवन, रामनिवास बाग, जयपुर में सम्पन्न हुए उक्त कार्यक्रम में पूरे जयपुर से हजारों की संख्या में नेपाली महिलाएं एकत्रित हुई थी। कार्यक्रम के माध्यम से अपनी कला और संस्कृति का सरक्षण, समाज में व्याप्त कुरीतियों का अन्त्य, देशभक्ति की भावना का विकास व नेपाली समाज को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का आहवान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज के मोहन गिरी थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि आज के दिन भारत के करीब 300-350 स्थानों पर मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज के बैनर तले यह हरितातिलाका तीज मनाई जा रही है। मोहन गिरी के अनुसार भारत में रह रहे नेपाली समुदाय की विभिन्न समस्याओं को समाधान के लिए यह संगठन 42 सालों से क्रियाशील है। 1950 की सन्धि के प्रावधानों तहत नेपाल के नागरिक भारत में और भारत के नागरिक नेपाल में जाकर बिना किसी रोकटोक के अपनी नौकरी पेशा, व्यापार व्यवसाय आदि कर सकते हैं। लेकिन भारत में रह रहे नेपाली नागरिक उक्त संधि द्वारा दी गई सुविधा व अधिकारों से वंचित है। यह 1950 के समझौते का उल्लंघन है। नेपाल व भारत की सरकारें भारत में रह रहे नेपाली नागरिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। हमारी मांग है कि 1950 की सन्धि के प्रावधानों को लागू करे। कार्यक्रम के अवसर पर उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण होने नेपाली विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।

# आंजना ने खिलाड़ीलाल के बयान को पार्टी के खिलाफ बताया

- सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा, ''खिलाड़ीलाल के मन में कोई बात थी तो पार्टी प्लेटफॉर्म पर कहते, उन्होंने लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास किया जो पार्टी हित में नहीं

**जयपुर**, (का.प्र.)। राज्य एससी आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ीलाल बैरवा के सोमवार को सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने और अशोक गहलोत को दिल्ली भेजने के बयान का विरोध करते हुए सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने खिलाड़ीलाल बैरवा के बयान को पार्टी के खिलाफ बताया है। इसी तरह से सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री टीकाराम जुली ने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लेकर कहा कि पार्टी और दलित हित में काम करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी है।

खिलाड़ी लाल बैरवा की ओर से दिए गए बयान को लेकर पूछे जाने पर सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि खिलाड़ीलाल की कोई मंशा रही होगी। उनके मन में कोई बात थी तो पार्टी प्लेटफॉर्म पर बात कहनी चाहिए थी न कि सार्वजनिक रूप से इस तरह प्रचार करना चाहिए था। इसकी जगह उन्होंने लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास किया जो पार्टी हित में नहीं है। उन्हें पायलट और गहलोत से बात करनी चाहिए थी। सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मिलने का वक्त मांगते और उन्हें बात कह सकते थे।

वहीं दूसरी ओर टीकाराम जूली ने कहा कि सोनिया गांधी ने पार्टी को लौटाने की बात कही है, तो उसके मायने दूसरे हैं, लौटाने का मतलब यह नहीं है कि हम इस्तीफा देकर घर बैठ जाएं। लौटाने का मतलब यह है कि हम पार्टी को कैसे मजबूत करें? मैं मंत्री के नाते काम कहूं तो जिस पार्टी की बदौलत बना हूं ,उस पार्टी को क्या दे रहा हूं, यह अहम है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी कोमजूबत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सीएम ने एक से बढ़कर एक योजनाएं और कार्यक्रम दिए हैं।

जुली ने खिलाड़ीलाल बैरवा के बयान को लेकर कहा कि इस मुद्दे से दलित समाज का कोई सरोकार नहीं है। मुख्यमंत्री गहलोत ने पहली चार दलित मंत्री बनाए हैं। पहली बार दलित वर्ग का मुख्य सचिव बनाया। कानून बनाकर एससी-एसटी की योजनाओं का जनसंख्या के हिसाब से फायदा पहुंचाने का प्रावधान किया। गहलोत ने एससी समाज के लिए कहीं कमी नहीं छोड़ी है। इससे पहले भी बीजेपी की सरकारें रही हैं, बीजेपी सरकारों ने कितने दलित मंत्री बनाए, दलित वर्ग के लिए कितना काम किया। जितना गहलोत सरकार ने दलित वर्ग के लिए काम किया उतना किसी सरकार ने नहीं किया।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या कम हुई, पर मौतों का सिलसिला अभी जारी

## राज्य में मंगलवार को 244 नए संक्रमित मिले, वहीं इस बीमारी से जयपुर और दौसा में दो लोगों की मौत हुई है

- राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में और गिरावट के बाद केवल 47 नए संक्रमित मिले हैं।

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर। प्रदेश में करोना संक्रमण के मामलों में भले ही गिरावट आ रही है, लेकिन इससे होने वाली मौतों को सिलसिला जारी है। राज्य में मंगलवार को जहां 244 नए संक्रमित मिले हैं, वहीं दो लोगों की मौत हुई है। हालांकि इस बीच राहत की बात यह रही कि नए संक्रमितों की तुलना में दोगुना मरीज ठीक हुए हैं।

प्रदेश में मंगलवार को 24 जिलों में 244 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले 218 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में नए संक्रमितों की संख्या में और गिरावट आई है। इस दौरान जिले में केवल 47 ही नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा अलवर में 32, जोधपुर में 18, दौसा में 16, भीलवाड़ा में 15, चित्तौड़गढ़ व डूंगरपुर में 12-12, प्रतापगढ़ में 11, भरतपुर में 8, अजमेर, झालावाड़, नागौर, सीकर व उदयपुर में 7-7, बूंदी में 6, बीकानेर, राजसमंद व सवाई माधोपुर में 5-5, जालौर, हनुमानगढ़ व धौलपुर 4-4, गंगानगर में 3, बाड़मेर और कोटा में एक-एक नया संक्रमित मिला है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में जांच के लिए 19 हजार 79 सैम्पल लिए गए हैं।

प्रदेश में मंगलवार को 494 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 2767 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज 195 मरीजों के स्वस्थ होने से 876 एक्टिव केस बचे हैं। इसके अलावा अलवर में 232, भरतपुर में 222, जोधपुर में 200, अजमेर में 107 और दौसा में 103 मामले मौजूद हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से जयपुर और दौसा में 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9627 संक्रमितों की मौत हो चुकी है।

जयपुर में मंगलवार को सबसे ज्यादा 7 नए संक्रमित झोटवाड़ा में मिले हैं। वहीं सांगानेर में 5, हरमाड़ा में 4, वैशाली नगर में 3, ब्रह्मपुरी, चांदपोल व खातीपुरा में 2-2 तथा अजमेर रोड, आमेर रोड, बरकत नगर, बस्सी, चाकसू, गोपालपुरा, जवाहर नगर, कोटपूतली, मालवीय नगर, मानसरोवर, मुरलीपुरा, पुरानी बस्ती, रेलवे स्टेशन, सिरसी रोड और सोड़ाला में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 5 संक्रमितों का पता गलत मिला है।

### राजस्थान देश में दसवें नम्बर पर

**जयपुर**। देश में करोना के मामलों में राजस्थान दसवें नंबर पर है। राज्य में इस महीने कुल संक्रमितों की संख्या तेरह लाख के पार हो गई है। पिछले सवा दो साल में तेरह लाख आठ हजार दो सौ अठासी मामले मिल चुके हैं। वहीं जबकि 9 हजार 627 मरीजों की मौत हो चुकी है। राजस्थान के अलावा 13 लाख से ज्यादा केस वाली सूची में सबसे ऊपर महाराष्ट्र है। इसके बाद केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, वेस्ट बंगाल, दिल्ली और उड़ीसा हैं।

राजस्थान में करोना के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगे है। अगस्त में अब तक राज्य में 14 हजार से ज्यादा संक्रमित मिल चुके हैं।


**आम सूचना** दि. 30.08.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर-617, रास्ता विद्याधर, चौकडी विश्वेश्वरजी (गली पटनीयान) जयपुर में उत्तरमुखी "राज भवन" के नाम से है, उक्त मकान के नीचे चौथी दुकान जो उत्तरमुखी है और मकान के सदर दरवाजे की पश्चिम की तरफ स्थित अन्य दुकान के बराबर चबुतरे पर खुलती है, मैं किरायेदार ओमप्रकाश केडिया (अग्रवाल) ने प्रोपराईटर पिंकसिटी डेन्टल डिपो के नाम से स्वयं बैठकर कारोबार डेन्टल गुड्स (दांता का सामान) का करते थे, जिनका निधन दिनांक 10.04.2022 को हो गया है, उनके जीवनकाल में उनके विधिक प्रतिनिधि ने ओमप्रकाश केडिया के साथ उक्त व्यवसाय किया हो तो मुझ भूस्वामी अजीत जूनीवाल पुत्र स्वर्गीय श्री सरदार मल जूनीवाल, निवासी- मकान नम्बर-617, रास्ता विद्याधर, चौकडी विश्वेश्वरजी, जयपुर से उक्त सूचना प्रकाशित होने से 30 दिन के भीतर सम्पर्क करें। अन्यथा सक्षम किराया अधिकरण के जरिये उक्त दुकान का कब्जा लेने की कार्यवाही की जावेगी, सूचित रहें। (अजीत जूनिवाल) मो.न.-9414054178

**नाम परिवर्तन**

मेरे सैन्य रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम व जन्मतिथि गलती से शिवा मूरत सिंह व 01 जुलाई 1939 है। भविष्य में शिवमूरत सिंह व जन्मतिथि 1 जनवरी 1940 से जाना जाये। आर्मी नं. 14832415-ए, रैंक सिपाही नाम विपिन कुमार सिंह युनिट 827 (I) TPT PLASC, निवासी ग्राम सिसौडा, पोस्ट, सौरम, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश पिन. 233302

मेरे सैन्य रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम व जन्मतिथि गलती से शुभवन्ती देवी व 01 जुलाई 1945 है। भविष्य में सुभावती देवी व जन्मतिथि 16 जून 1956 से जाना जाये। आर्मी नं. 14832415-ए, रैंक सिपाही नाम विपिन कुमार सिंह युनिट 827 (I) TPT PLASC, निवासी ग्राम सिसौडा, पोस्ट, सौरम, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश पिन. 233302

**खोया पाया**

सिरोही गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा ग्राम रोजदा स्थित राधाकृष्ण विहार आवासीय कॉलोनी में मनभरी देवी के नाम से जारी पट्टे मय साइट प्लाट नम्बर 83, 84, 85, 86, 87, 88, 89, 90, 91, 92, 93, 94, 95 खो गए है मिलने पर सूचित करें। मो. 9829453632

मैं जयसिंह शेखावत बयान करता हूँ कि बुनियादी गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा ग्राम कलवाडा तहसील सांगानेर स्थित राधा रेजिडेंसी फर्स्ट विस्तार में जारी मेरे नाम का पट्टा, रसीद, साइट प्लान प्लॉट नम्बर 37 के कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें। मो. 9928091514

आवास संख्या 36/163 मानसरोवर जयपुर का कब्जा पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। दिनेश सक्सैना मो. 9660311003

मैं रमन लाल जैन पुत्र श्री रामगोपाल जैन गाँव मौलोनी जिला भरतपुर अपने हल्प से बया करता हूँ कि GBPA दिनांक 08.08.2022 को टोंक रोड एयरपोर्ट चौराहे के पास गिर गयी है जिसकी मैंने तलाश की परन्तु वह कहीं नहीं मिली। मो.9459477172

**आम सूचना** मेरी अभिभाष्या श्रीमती मधु देवी पत्नी रंजीत सिंह 2, भुवनेश्वरी वाटिका, एक प्लाट सं. 7, लक्ष्मी विहार मीनावाला जयपुर जो कि महावीर स्वामी गृह नि.सह.स. द्वारा रमेश चन्द नरेडी को आवंटित किया गया है उक्त प्लाट को रमेश चन्द नरेडी से क्रय कर रही है। यदि उक्त संव्यवहार से किसी दीगर व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति है तो सूचना की तिथि से 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत करें। शशांक मधुर

दिनांक-31.08.2022 एडवोकेट, मो. 9828334959

**आम सूचना**

सत्यनारायण पुत्र श्री मेवाराम निवासी ग्राम चक जैतपुरा, पोस्ट खन्नीपुरा, तहसील आमेर जिला जयपुर को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण धन्ना पुत्र श्री लादू रमकी देवी धर्मपत्नी हनुमान राजू पुत्र श्री हनुमान निवासियान ग्राम शेरावतपुरा, पोस्ट मुण्डोता, तहसील आमेर, जिला जयपुर (राजस्थान) की कृषि भमि खसरा नम्बर 304, रकबा 0.6500 हैक्टेयर खसरा नम्बर 305, रकबा 0.6200 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 306, रकबा 1.3000 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 307, रकबा 2.900 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 322/994, रकबा 0.0600 हैक्टेयर, कुल किता 5 कुल रकबा 5.5500 हैक्टेयर जो कि ग्राम शेरावतपुरा पटवार हल्का मुण्डोता, तहसील आमेर, जिला जयपुर में स्थित है, आप ने दिनांक 28.01.2021 को मेरे अभिभाष्यगण से उपरोक्त भूमि का सौदा कुल राशि 25,43,000/-रूपये (अक्षरे पच्चीस लाख तितालीस हजार रूपये) में विक्रय करने का इकरारनामा निष्पादित किया था तथा इकरारनामें के अनुसार आप ने विकय मूल्य की कुल राशि में से 6,00,000/- रूपये (अक्षरे छः लाख रूपये) का भुगतान मेरे अभिभाष्यगण को कर दिया था तथा शेष राशि 19,43,000/- रूपये दिनांक 01.05.2021 तक आपके द्वारा भुगतान किया जाना था परन्तु आपने आज तक उपरोक्त बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है, अतः आपको सूचित किया जाता है कि आज दिनांक से 15 दिवस के अन्दर उपरोक्त बकाया राशि की अदायगी कर देवे अन्यथा मेरे अभिभाष्यगण एवं आपके मध्य किया गया इकरारनामा शून्य निष्प्रभावी माना जायेगा और आपके द्वारा उपरोक्त भूमि के पेटे अदा की गई अग्रिम राशि 6 लाख रूपये जब्त कर ली जायेगी। मेरा अभिभाष्य उपरोक्त कृषि भूमि को किसी भी अन्य व्यक्ति, संस्था आदि को विक्रय के लिए स्वतंत्र होगा। कृपया सूचित रहे। भवदीय हनुमान सहाय धायल- एडवोकेट मो. - 9414051400

**राजस्थान आवासन मंडल, वृत- प्रथम, प्रताप नगर जयपुर**

क्रमांक: 7151 **जाहिर आम सूचना** दिं. 30.08.2022

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 232/39 (MIG-A), (एरिया 105.84 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री कालूराम मीणा पुत्र श्री सांवताराम मीणा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 3650 दिनांक 06.11.2007 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 6525 दिनांक 19.03.2008 को जारी किया गया। श्री कालूराम मीणा की मृत्यु दिनांक 13.12.2008 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. श्री कालूराम मीणा द्वारा उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. श्री कालूराम मीणा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

**संपदा प्रबंधक वृत्त प्रथम, राज. आवा. मंडल**

**कार्यालय उपआवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर

Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772

क्रमांक-DHC-II/1502 दिनांक-30.08.2022

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 21/84 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 162.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती पान कंवर पत्नी स्व. श्री मोहर सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3567 दिनांक 04.12.1990 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.01.1991 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात श्रीमती पान कंवर की मृत्यु दिनांक 07.08.2002 को हो जाने के कारण वसीयतनामा अपंजीकृत के आधार पर श्री विनय राठौड़ पुत्र श्री जयसिंह ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्री विनय राठौड़ पुत्र श्री जयसिंह के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री विनय राठौड़ पुत्र श्री जयसिंह के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

# खेल किट लेने गई कॉलेज छात्रा से बंधक बनाकर रेप

■ चीख सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने छात्रा को मुक्त करवाया लेकिन शिक्षक भाग गया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायपुर थाना क्षेत्र से शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक शिक्षक ने खेल किट लेने गई कॉलेज छात्रा के साथ अपने किराये के घर में बंधक बनाकर रेप किया। उधर, कमरे में बंधक छात्रा की चीख सुनकर ग्रामीण जमा हो गये, जिन्होंने छात्रा को मुक्त करवाया लेकिन तभी मौका पाकर शिक्षक मौके से भागने में सफल रहा।

रायपुर पुलिस ने बताया कि एक 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा ने रिपोर्ट दी कि उसका राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल में नंबर आया था। उसे खेल के लिए किट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाहरी के शिक्षक गंगाराम मेघवंशी से लेने के लिए कहा गया। यह शिक्षक क्षेत्र के ही एक गांव में किराये से रहता है। आरोप है कि कॉलेज छात्रा शनिवार शाम साढे 7 बजे खेल किट लेने के लिए शिक्षक के किराये के मकान पर गई, जहां शिक्षक गंगाराम मेघवंशी अकेला था।

उसने कॉलेज छात्रा को किट लेने के लिए कमरे के अंदर बुलाया। छात्रा का आरोप है कि वह जैसे ही अंदर गई, शिक्षक ने दरवाजा बंद कर लिया और उसके साथ जबरन रेप किया। शिक्षक ने कमरे के अंदर एक अन्य कमरे में इस छात्रा को रात 9 बजे तक बंधक भी बनाकर रखा। छात्रा के चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो शिक्षक ने इस छात्रा को कमरे के अंदर बंद कर बाहर से ताला लगा दिया।

ग्रामीणों ने उससे पूछताछ की तो उसने कहां कि अंदर कोई नहीं है। इसके बाद दुबारा चीख सुनाई दी तो ग्रामीण अंदर गये और दरवाज़े पर लगा ताला खोल कर देखा तो छात्रा बंधक मिली। उधर, शिक्षक मौका पाकर वहां से भाग गया। ग्रामीण जब कमरे से बाहर आये तब तक शिक्षक वहां से जा चुका था। छात्रा को उसके घर ले जाया गया। इस दौरान छात्रा की मानसिक स्थिति खराब होने से वह रात में कुछ नहीं बता पाई। सुबह हालत में सुधार होने पर उसने आपबीती परिजनों को बताई। सूचना पर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद शाम को पीडित छात्रा ने थाने पहुंच कर शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# लापता युवती को पीड़ित परिवार से मिलाने पर चौकी प्रभारी ने मांगे 20 हजार

## मध्य प्रदेश से बाबा रामदेव के दर्शन करने आया था परिवार

■ परिजनों ने एसपी के समक्ष चौकी प्रभारी का मैसेज व ऑडियो रिकॉर्डिंग पेश की, एसपी ने निलंबित किया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने मध्य प्रदेश से पैदल लोक देवता बाबा रामदेव के दर्शन करने जा रहे एक परिवार की लापता हुई युवती को वापस मिलाने की एवज में बीस हजार रुपए मांगने के आरोपी सेतरावा चौकी प्रभारी गोरधनराम विश्नोई को निलंबित कर दिया है। इस परिवार से कयाल ने खुद ने बात की थी। परिजनों ने एसपी के समक्ष गोरधनराम की ओर से भेजे गए मैसेज के अलावा ऑडियो रिकॉर्ड पेश की थी।

ग्रामीण एसपी अनिल कयाल की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि गोरधनराम के खिलाफ गंभीर आरोपों में विभागीय जांच अपेक्षित है। ऐसे में प्रशासकीय कारणों के आधार पर उसे सस्पेंड करना आवश्यक है। उसे तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर उसका मुख्यालय जोधपुर ग्रामीण पुलिस लाइन किया जाता है।

यात्रा संपन्न कर वापस उज्जैन पहुंच चुके व्यक्ति ने बताया कि 21 अगस्त को रामदेवरा जाने के लिए वे देचू के निकट एक भंडारे में ठहरे थे। वहां आराम कर जब रवाना होने लगे तो उनकी रिश्ते की एक बहन वहां नहीं मिली। काफी देर तक नहीं लौटने और उसे फोन लगाने व जबाव नहीं आया। पूछताछ करने पर सामने आया कि मुंह पर कपड़ा बांधे एक युवक आगे-आगे निकला। उसके पीछे उसकी बहन भी जा रही थी। उनके पास कोई वाहन नहीं था। भंडारे के लोगों के साथ वे देचू पुलिस थाना पहुंचे।

इस व्यक्ति ने बताया कि देचू पुलिस थाने के लोगों ने बहन की फोटो लेकर आगे सेतरावा पुलिस चौकी को भेजी। थोड़ी देर में सेतरावा से पुलिस का मेरे पास फोन आया कि आपकी बहन का पता लगा लिया गया है। वह एक युवक के साथ में है। पुलिस थाने से बाहर आकर मुझे बीस हजार रुपए दे दो तो मैं तुम्हारी बहन को वहां पहुंचा दूंगा। पैसे नहीं देने पर बहन को छोड़ दूंगा तो वह एक लडक़े के साथ चली जाएगी। पुलिस आरंभिक जांच में पता लगा कि चौकी प्रभारी दोषी प्रतीत होता है इस पर एसपी ने उसे सस्पेंड कर दिया।

# रजिस्ट्री बाबू आठ हजार की रिश्वत लेते ट्रेप



सीकर एसीबी की टीम ने परबतसर के सूचना सहायक एवं रजिस्ट्री बाबू देवेन्द्र को ट्रेप किया।

■ एसीबी को देख भाग छूटा आरोपी, सीकर एसीबी टीम ने की कार्रवाई

**परबतसर, (निसं)।** सीकर एसीबी की टीम ने मंगलवार को परबतसर में कार्रवाई कर तहसील का सूचना सहायक एवं रजिस्ट्री बाबू देवेन्द्र को आठ हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रेप कर लिया है। आरोपी ने रिश्वत की राशि बडले वाले बालाजी मंदिर के पास ली। राशि लेते ही आरोपी को एसीबी के मौजूद होने की भनक लग गई और आरोपी रजिस्ट्री बाबू मौके से भाग छूटा। जिसे एसीबी टीम ने पीछा कर पकड़ा।

एसीबी डीएसपी जाकिर अख्तर की अगुवाई में कार्रवाई जारी रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित राजू ने परिवाद देकर बताया की आरोपी देवेन्द्र ने प्लाट रजिस्ट्री की जल्द रजिस्ट्री करने की एवज में 10 हजार रुपए मांगे थे ओर वह रिश्वत नहीं देने पर परेशान कर रहा था तब परिवाद का सत्यापन करवाया गया जिसमे 8 हजार में सौदा तय हुआ था।

जब जाकर सीकर एसीबी की टीम ने जाल बिछाया ओर कार्यवाई को अंजाम दिया गया ओर मंगलवार को यह राशि लेते हुए पकड़ा गया। आरोपी भनक लगते ही मौके से अपनी मोटरसाइकिल को भी छोड़ कर नौ दौ ग्यारह हुआ परंतु एसीबी की टीम ने भागते हुए के शर्ट की जेब में से रिश्वत की ली गई राशि आठ हजार रूपये बरामद कर तहसील कार्यालय ले गये। इसके बाद से क्षेत्र मे हडकंप मच गया।

# अलवर में एक महिने में तीसरा व्यापारी गुमशुदा

## पूर्व में दो व्यापारियों की हो चुकी है हत्या



दिनेश जसोरिया

■ व्यापारी की स्कूटी रेलवे की पार्किंग में मिली

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर में एक महीने में तीसरा व्यापारी गुमशुदा हुआ है। दो की पहले हत्या हो चुकी है। अब दारूकुटा मोहल्ला निवासी व्यापारी दिनेश जसोरिया के परिजनों ने सोमवार रात 1 बजे पुलिस को गुमशुदगी की रिपोर्ट दी है। व्यापारी का प्रिंटिंग व छपाई का बिजनेस है। इसके अलावा प्रॉपर्टी का काम भी करता है।

परिजनों ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि सोमवार दोपहर करीब 3 बजे से घर से बैंक जाने के लिए निकले थे, उसके बाद वापस नहीं लौटे हैं। उनकी स्कूटी रेलवे जंक्शन के सामने पार्किंग में मिली, तब पता लगा कि जम्मूतवी ट्रेन से टिकट लेकर बैठे थे लेकिन उसके बाद कोई सूचना नहीं है। उनके मोबाइल की आखिरी लोकेशन अलवर के निकट बुर्जा तक मिली, बाद में फोन नहीं लगे। अलवर जंक्शन पर करीब सवा तीन बजे के बाद व्यापारी दिनेश जसोरिया फुटेज में नजर आ रहे हैं। वे टिकट काउंटर से टिकट लेकर ट्रेन में चढे थे। लेकिन इसके बाद उनका कोई पता नहीं लगा है। उनके बेटे का कहना है कि वे कभी भी बिना बताए कहीं नहीं जाते थे। घर से बैंक जाने की कहकर गए थे। बैंक में रूटीन में थोडा बहुत काम रहता है। वैसे कोई ज्यादा परेशानी नहीं थी।

एक महीने पहले राखी कारोबारी घनश्याम सैनी का तिजारा के पास एक गांव में मर्डर कर दिया था। पुलिस ने खुलासा किया था कि 50 लाख की रंगदारी मांगने के लिए पपला गैंग से जुडे बदमाशों ने किडनैप कर हत्या की थी।


20 दिन पहले अलवर के कारोबारी मंगत अरोडा की 10 अगस्त को रेवाडी में हत्या कर दी गई। इस हत्या में रेवाडी का व्यापारी ही मुख्य हत्यारा निकाला। मंगत अरोडा की हत्या के 10 दिन बाद ही इस घटना से अलवर के व्यापारियों में रोष है। व्यापार संघ के प्रतिनिधि रमेश जुनेजा पहले ही प्रशासन से मांग कर चुके हैं कि सुरक्षा चौकस नहीं है। अब अलवर के व्यापारी डरे हुए हैं। दिनदहाडे अपहरण कर मर्डर कर दिया जाता है।

## च्वाइस फिलिंग का अंतिम मौका आज

**कोटा, (निसं)।** देश के ख्यातनाम तकनीकी शिक्षण संस्थानों में शामिल बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बिट्स) के तीनों कैम्पस पिलानी, गोवा एवं हैदराबाद में बी-टेक कोर्स की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थी अपनी 12वीं कक्षा की समस्त जानकारी एवं च्वाइस फिलिंग 31 अगस्त तक कर सकते हैं। च्वाइस फिलिंग के उपरान्त 1 से 5 सितम्बर के मध्य विद्यार्थी अपनी भरी हुई च्वाइसेज में एडिट कर सकते हैं एवं 8 सितम्बर तक पहले राउण्ड का परिणाम घोषित किया जाएगा।

विद्यार्थी बिट्सेट काउंसलिंग प्रक्रिया में बिट्स के तीनों कैम्पस की सारी ब्रांचें मिलाकर 39 च्वाइसेज को भर सकते हैं। इस वर्ष प्रथम बार बिट्सेट परीक्षा 450 की जगह 390 अंक की हुई, ऐसे में विद्यार्थियों को वेबसाइट पर दी गई गत वर्षों की कॉलेज मिलने की कटऑफ को हुई परीक्षा के अंकों के आधार पर ही समझना चाहिए। स्टूडेंट्स को बिट्सेट च्वाइस फिलिंग में तीनों कैम्पस की ब्रांचेज को प्राथमिकता के घटते क्रम में भरना है। उन्हें च्वाइसेज को सेव करके दोबारा भरने का विकल्प नहीं दिया गया है, ऐसे में विद्यार्थियों को सर्वप्रथम बिट्सेट की अपनी प्राथमिकता सूची को पूर्णरूप से बनाकर ही वेबसाइट पर भरना चाहिए।

# हरियाणा रोड़वेज बस पुलिया से नीचे गिरी, तीन की मौत



पुल के नीचे पड़ी बस व मौके पर जमा भीड़।

**कोटपूतली/बहरोड़, (निसं)।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सोतानाला पुलिया से गुजर रही हरियाणा रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। जिसमें सवार तीन माह के मासूम सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं 14 जने गंभीर घायल हो गये।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को बहरोड़ के कैलाश पार्क अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस के अनुसार दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पनियाला के समीप सोतानाला पुलिया पर किसी वाहन को ओवरटेक करते समय असंतुलित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे की सूचना पर डीएसपी आनंद राव व बहरोड़ थाना प्रभारा घटना स्थल पर पहुंचे। हादसा इतना भयावह था कि बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

मृतकों की पहचान क्रमशः कोटपूतली के नारेहड़ा निवासी रतन सिंह तंवर (62) पुत्र मूलसिंह तंवर एवं फूली देवी (65) पत्नी सुगन चंद सैनी निवासी ढ्राणी उपली कोठी, कोटपूतली के रूप में हुई है। मृतकों में तीन माह का एक बच्चा मनराज पुत्र प्रवीण शर्मा निवासी ग्राम कौसली जिला रेवाड़ी भी शामिल है। जिसे उसकी मां टीना शर्मा अपने ससुराल हरियाणा के ग्राम कौसली, जिला रेवाड़ी से लेकर कोटपूतली के गौशाला रोड़ स्थित अपने पीहर आ रही थी।

## आरोपी को सात वर्ष का कारावास

**बौंली, (निसं)।** पोक्सो एवं परिवार न्यायालय जिला सवाई माधोपुर में एक 7 वर्षीय नाबालिग के साथ अप्राकृतिक मैथुन करने के आरोपी नरेश चंद्र मोची निवासी बंबोरी थाना कोतवाली सवाई माधोपुर को आरोप सिद्ध हो जाने पर 7 वर्ष का कठोर कारावास व 26हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि 31 दिसंबर 2020 को 7 वर्षीय नाबालिग पुत्र के साथ पिता ने कोतवाली थाने में उपस्थित होकर मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि 30 दिसंबर 2020 को में मजदूरी करने गया हुआ था। जब मैं शाम को 5:30 बजे वापस घर आया तो मेरी पत्नी ने बताया कि नरेश मोची अपने 7 वर्षीय पुत्र को अपने कमरे में ले गया और उसके साथ गलत हरकत कर अप्राकृतिक मैथुन किया। पुलिस ने अनुसंधान के बाद आरोपी नरेश मोची को 1 जनवरी 2021 को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया। न्यायालय ने आरोपी पर लगाए आरोप दोष सिद्ध हो जाने पर दंडित किया है।

# त्रासदीपूर्ण आर्थिक नीतियों के चलते रोटी भी टैक्स मुक्त नहीं है! : आर्य




हल्ला बोल रैली में जिला समन्वयक सुचित्रा आर्य का स्वागत किया।

**झुंझनू, (निसं)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 4 सितंबर को नई दिल्ली में प्रस्तावित महंगाई पर हल्ला बोल रैली की तैयारियों को लेकर विधायक एवं निर्वतमान जिला अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त झुंझनू जिला समन्वयक एवं राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डवलपमेन्ट बोर्ड उपाध्यक्ष सुचित्रा ने आर्य ने जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुआ कहा कि आज खेती की लागत दो गुणा बढ़ा दिया है खाद, बीज, पम्पसेट, पेस्टिसाइड के मूल्यों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है तथा रसोई गैस सिलेंडर 406 रुपये से बढ़ कर 1053 रुपये का हो गया है। केंद्र की त्रासदीपूर्ण आर्थिक नीतियों के चलते रोटी भी अब टैक्स मुक्त नहीं रही है! बेरोजगारी दर 8 फीसदी से अधिक है; अग्निपथ जैसी आधारहीन योजना के चलते युवा अपने भविष्य को लेकर आशंकित है, जनमानस की आवाज उठाने वालों पर राजनैतिक प्रतिशोधपूर्वक इडी और सीबीआई की कार्यवाही हो रही है।

इन्ही सब बातों को मध्यनजर रखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की 4 सितंबर को नई दिल्ली में महंगाई पर हल्ला बोल रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमे जिले से अधिक से अधिक संख्याबल के साथ पहुंचे। इस दौरान विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुवे कहा आमजन में कमरतोड़ महंगाई से त्राहिमाम मचा हुआ है, जनआक्रोश चरम पर है। साथ जिला प्रभारी फूलसिंह ओला ने अपने संबोधन में कहा महंगाई और बेरोजगारी के दोयम आघात ने देश को झकझोरने में कोई कसर नहीं छोडी है। विधायक जेपी चंदेलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया। इस दौरान उपसिथत रहे प्रधान दिनेश सुंडा, पूर्व प्रधान हरपाल, नगरपालिका चैयरमेन नरेश सोनी, मंडावा नगरपालिका चैयरमैन गोकुल सैनी, एमडी चौपदार, ताराचंद सैनी, महेंद्र शर्मा, नागरमल, हरिकृष्ण यादव, शारदा ढाका, अनिता चौधरी, मुस्ताक आदि मौजूद रहें।

## आरएएस का परिणाम जारी

**अजमेर, (निसं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य परीक्षा) परीक्षा, 2021 का परिणाम जारी किया गया।

आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि मुख्य परीक्षा, 2021 के परिणाम स्वरूप 2174 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए पूर्णतः अस्थायी रूप से सफल घोषित किए गए हैं। माननीय उच्च न्यायालय में याचिकाएं विचाराधीन होने के कारण 259 अभ्यर्थियों का परिणाम सीलबंद लिफाफों में रखा गया है। प्रशासनिक कारणों से 2 अभ्यर्थियों का परिणाम रोका गया है। आयोग द्वारा श्रेणीवार कट ऑफ मार्क्स भी परिणाम के साथ ही जारी किए जा चुके हैं। अटल ने कहा कि मुख्य परीक्षा का आयोजन समस्त संभागीय मुख्यालयों के 113 केंद्रों पर 20 व 21 मार्च 2022 को किया गया था। कुल 800 अंकों की परीक्षा में प्रथम दिवस सामान्य अध्ययन प्रथम व द्वितीय की परीक्षा तथा द्वितीय दिवस सामान्य अध्ययन तृतीय व चतुर्थ प्रश्न-पत्र में सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी की परीक्षा आयोजित की गई थी।

आयोग द्वारा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय एवं उपखंड स्तर पर 27 अक्टूबर 2021 को कराया गया था।

# इतिहास में पन्नाधाय का योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता : राजनाथ सिंह



केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पन्नाधाय, उदय सिंह और चन्दन की प्रतिमाओं का अनावरण किया।

**उदयपुर, (कासं)।** मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उदयपुर पहुंच कर गोवर्धन सागर स्थित पन्नाधाय पार्क में नवस्थापित पन्नाधाय, उदय सिंह और चंदन की भव्य प्रतिमाओं का अपने कर कमलों से अनावरण किया। इस मौके पर केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी ने पन्नाधाय के बलिदान और मेवाड के इतिहास में उनके योगदान को याद किया। उदयपुर संभाग के सभी छह जिलों से बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग एवं अन्य लोग पन्नाधाय की प्रतिमाओं के अनावरण के साक्षी बनने कार्यक्रम में पहुंचे।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जो भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, वे अनोखी हैं एवं उन्होंने आज तक पन्नाधाय की ऐसी प्रतिमा हिंदुस्तान में कहीं नहीं देखी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भूमि को वीर-वीरांगनाओं ने अपने रक्त से सींचा है, यहां के इतिहास में वीरों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सिंह ने कहा कि अगर पन्नाधाय नहीं होती तो इतिहास ही कुछ और होता। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कोने कोने से शौर्य की गाथाएं सुनने को मिलती है, चाहे हाडी रानी हो या जोधपुर में अमृता देवी विश्नोई के नेतृत्व में पेडों की रक्षार्थ विश्नोई समुदाय द्वारा दिया गया बलिदान। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत और रक्षा क्षेत्र में हो रही प्रगति सहित विभिन्न बिन्दुओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि 2047 तक पौने तीन लाख करोड का रक्षा निर्यात भारत से किया जाएगा क्योंकि हम भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं। कहा कि रक्षा खरीद का 68 फिसदी हिस्सा भारत से ही खरीदेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेनाओं के रहते कोई भी भारत की एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता।

केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि राजस्थान की धरती को कई वीरों और वीरांगनाओं ने अपने बलिदान से सींचा है, कई वीरांगनाओं ने राजभक्ति के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर किया है। पन्नाधाय ने राजभक्ति के लिए एवं अपने राज्य की रक्षार्थ अपने पुत्र को बलिदान कर दिया। कटारिया ने कहा कि मेवाड ने कभी गुलामी स्वीकार नहीं की एवं यहां के वीरों ने हमेशा संघर्ष का रास्ता अपनाया और अपने प्रदेश को स्वाधीन रखने में कोई कसर नहीं छोडी। कार्यक्रम के अंत में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने आभार व्यक्त किया।

पन्नाधाय की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में बांसवाडा सांसद कनकमल कटारा, चित्तौडगढ सांसद सी पी जोशी, पूर्व मंत्री मदन दिलावर, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, मावली विधायक धर्मनारायण जोशी, झाडोल विधायक बाबूलाल खराडी, गोगुन्दा विधायक प्रताप लाल भील, सलुम्बर विधायक अमृतलाल मीणा, गुर्जर समाज अध्यक्ष रामेश्वर लाल गुर्जर, महापौर जी एस टांक, उप महापौर पारस सिंघवी सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बीसलपुर बांध से पानी की निकासी जारी

**टोंक, (निसं)।** बीसलपुर बांध का जलस्तर 315.50 आरएलमीटर बना रहने के साथ ही मंगलवार को दो गेट खोलकर पानी की निकासी जारी रही। बीसलपुर बांध परियोजना के अधिकारियों के अनुसार मंगलवार को बीसलपुर बांध गेट नं. 9 व 10 को खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। जिसने 9 हजार 15 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

## राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

एफ.6.(1) परीक्षा/व0अ0/2016-17/ 378 दिनांक 30-08-2022

### प्रेस विज्ञप्ति

आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2016 के अन्तर्गत अपात्र पाये गये 49 अभ्यर्थियों के विरुद्ध दिनांक 29.06.2022 को 49 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में पूर्णतः अस्थाई रुप से प्रतिस्थापित एवं नॉन-ज्वाईनर अभ्यर्थियों के विरूद्ध आरक्षित सूची से पिकअप 133 अभ्यर्थियों में से आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध सूची में अंकित अभ्यर्थियों को पत्र प्रेषित कर एवं एस.एम.एस द्वारा सूचित कर समुचित अवसर दिये जाने के उपरांत भी विस्तृत आवेदन पत्र एवं दस्तावेज आयोग को प्रस्तुत नहीं किये गये हैं। अतः इस संबंध में अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध सूची में अंकित अभ्यर्थीगण आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) प्राप्त कर उसे पूर्ण रुप से भरकर मय समस्त शैक्षणिक योग्यता, जाति एवं वांछित प्रमाण पत्र की फोटो प्रति के विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 7 दिवस की समयावधि में आवश्यक रुप से व्यक्तिशः अथवा डाक द्वारा आयोग कार्यालय में जमा करावें। निर्धारित समयावधि में विस्तृत आवेदन पत्र, दस्तावेजों सहित प्रस्तुत नहीं करने वाले अभ्यर्थियों का आयोग द्वारा उक्त परीक्षा में चयन निरस्त कर दिया जाएगा। सूचनार्थ।

(एच.एल.अटल) सचिव

# गणेश चतुर्थी आज, आस्था के रंग में रंगी गुलाबी नगरी

- पूजन के लिए डंका, गुड़धानी, सिंदूर सहित अन्य सामग्री की जमकर खरीदारी
- सड़कों और दुकानों पर सजीं गणपति बप्पा की प्रतिमाएं
- धूमधाम से मनाया सिंजारा महोत्सव

**जयपुर, (का.सं.)।** वैश्विक कोरोना महामारी के दो साल बाद आस्था नगरी में बुधवार को प्रथम पूज्य श्रीगणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंगलवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। लोगों ने गणेश पूजन के लिए डंका, गुणधानी, सिंदूर सहित पूजन सामठाी खरीदी।

गणेश चतुर्थी पर विघ्न विनायक को घरों और मंदिरों में स्थापित करने के लिए शहर की सड़कों और दुकानों पर गणपति बप्पा की प्रतिमाओं से सजी दुकानों से लोग प्रथम पूज्य की प्रतिमाएं घर ले गए। पर्यावरण के लिए अनुकूल होने के कारण गाय के गोबर और मिट्टी की प्रतिमाओं को लेकर इस बार अच्छा उत्साह दिखा। पांच, दस या इससे अधिक दिनों तक घर में गणेश पूजा करने वालों ने बड़ी प्रतिमाएं खरीदीं।

गणेश चतुर्थी बुधवार को रवि, शुक्ल और ब्रह्म योग में मनाई जाएगी। घरों में द्वारपाल गणेशजी की विधि--विधान से पूजा-अर्चना कर गुड़धानी का भोग लगाया जाएगा और डंके अर्पित किए जाएंगे। महाराष्ट्रीयन परिवारों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। यह समारोह गणेश चतुर्थी से शुरू होकर अनंत चतुर्दशी तक चलेगा।

भाद्रपद शुक्ल तृतीया मंगलवार को सिंजारा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर के गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्य को मेहंदी लगाकर भक्तों को वितरित की गई। मेहंदी लेने के लिए श्रद्धालु गणेश मंदिरों में उमड़ पड़े। घरों में भी सिंजारा महोत्सव पर बच्चों के हाथों पर मेहंदी लगाई गई।गढ़ गणेश मंदिर में महंत प्रदीप औदीच्य के सानिध्य में बाल स्वरूप पुरुषाकृति गणपति को वेद मंत्रों के साथ मेहंदी धारण कराकर श्रद्धालुओं को वितरित की गई।मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में गणेशजी महाराज का विशेष शृंगार कर सिंजारे की मेहंदी धारण कराई गई। महंत कैलाश शर्मा के सानिध्य में भक्तों को 3100 किलो मेहंदी का प्रसाद वितरण किया गया। महिलाओं और कुंवारी कन्याओं को डोरा एवं मेहंदी दी गई। बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं मनौती सूत्र भी बांधकर अपनी मनोकामना गणपति के समक्ष रखी।

गणेश चतुर्थी पर मोतीडूंगरी श्री गणेशजी को विशेष पोशाक धारण कराकर चांदी के सिंहासन पर विराजमान किया गया। प्रथम पूज्य के शीश पर स्वर्ण मुकुट आकर्षण का केन्द्र रहा। इस मौके पर गणेशजी महाराज का पारंपरिक नौलखा शृंगार किया गया। नोलड़ी के नोलखा हार में मोती, सोना, पन्ना, माणक आदि के भाव स्वरूप दर्शाए गए। सिंजारा महोत्सव पर भक्ति संध्या और रात्रि जागरण हुआ। बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश गणेश में गौरव मेहता और आनंद मेहता ने सिंदूरी चोला चढ़ाकर मेहंदी अर्पित की। सूरजपोल के स्थित श्वेत सिद्धी विनायक मंदिर में महंत मोहनलाल पांडे ने प्रथम पूज्य को मेहंदी अर्पित की।

## ट्रक कंटेनर से डोडा-पोस्त बरामद तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** दौलतपुरा थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रक कंटेनर के अन्दर लोहे की चादर बना छिपाकर ले जा रही 656 किलो 800 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम वंदिता राणा ने बताया कि दौलतपुरा थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक आरोपी तस्कर हरीश कुमार टांक (40) निवासी निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 34 प्लास्टिक के कट्टों से 656 किलो 800 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया गया है।

आरोपित द्वारा यह अवैध डोडा पोस्त ट्रक कंटेनर के अन्दर लोहे की चादर बना छिपाकर ले जा रही थी। साथ ही आरोपित ने पूछताछ में यह अवैध डोडा पोस्त प्रकाश जाट निवासी अमरपुरा भटेवर चौराहा उदयपुर के कहने पर धारूहेड़ा से लेकर चित्तौड़गढ उदयपुर रोड लेकर जाना स्वीकार किया है।

# अहीर समाज ने परिचय सम्मेलन किया




**मानसरोवर के राजा पैराडाइज़ गार्डन में अहिर समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया।**

**जयपुर, (का.सं.)।** जिला अहीर सभा के तत्वावधान में मानसरोवर स्थित राजा पैराडाइज़ गार्डन में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। सम्मेलन में 109 युवक एवं 40 बालिकाओं के बायोडाटा आए। इसमें कई युवक-युवतियों ने मंच से परिचय दिया। वही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने समाज को एकजुट होकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने एवं शिक्षा रोजगार को बढ़ावा देने की बात कही, इस दौरान उपस्थित समाज के सभी लोगो ने शहीद मेजर संकल्प यादव को श्रंद्धाजलि देते हुए उनके माता-पिता का शॉल ओढ़ा कर सम्मान किया गया व आये हुए अतिथियों एवं भामाशाह का जयपुर अहीर सभा के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में समाज के हजारों लोगों ने शिरकत कर प्रसादी ग्रहण की।

## पिस्टल व देशी कट्टा सहित बदमाश गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी से जिंदा कारतूस भी बरामद किए
- सांगानेर सदर में अवैध शराब सहित तस्कर पकड़ा

**जयपुर।** सदर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पश्चिम (डीएसटी) ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन के तहत कार्रवाई करते हुए जयपुर रेलवे स्टेशन के पास से किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हथियार लेकर घूम रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अवैध पिस्टल व देशी कट्टा और ग्यारह जिंदा कारतूस और दो मैगजीन बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया कि आरोपी संजय शर्मा (25) निवासी मेड़ता नागौर हाल गुंटूर आंध्र प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध हथियार की तस्करी के लिए एक बदमाश जयपुर आया है।

इस पर सूचना पर सदर थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन सर्किल के पास हुलिए के आधार पर संदिग्ध को पकड़ लिया। उसके बैग की तलाश लेने पर उसमें से एक पिस्टल, देसी कट्टा और दो मैग्जीन मय ग्यारह जिंदा कारतूस मिले। गिरफ्तार आरोपी के सोशल मीडिया के जरिए बाहरी बड़े बदमाशों से सम्पर्क होने की जानकारी मिली है। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

वहीं दूसरी ओर पुलिस ने सांगानेर सदर इलाके में एक मकान पर से भारी मात्रा में शराब बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया गिरफ्तार आरोपित राकेश कुमार रैगर (20) बालाजी की ढाणी गांव श्यामपुरा कलां, लालसोट हाल नागल्या की ढाणी, श्रीराम की नांगल का रहने वाला है। मुखबिर की सूचना पर संतोष कॉलोनी स्थित मकान पर दबिश दी गई, जहां पर विभिन ब्रांड की देशी व अंग्रेजी शराब की 147 पेटियां बरामद हुई। इस पर आरोपित संजय शर्मा को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## यादगार में नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा

जयपुर,(कासं)। राजधानी जयपुर में मंगलवार को अजमेरी गेट स्थित यादगार भवन में रोड सेफ्टी अवेयरनेस हॉल में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान की ओर से यातायात पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में नेत्रदान से संबंधित दो लघु फिल्में दिखाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात दक्षिण राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने कार्यक्रम की जानकारी देकर आगुंतकों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के उपाध्यक्ष अशोक भण्डारी सेवानिवृत आईपीएस ने नेत्रदान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेत्रदान में भारतवर्ष में राजस्थान दूसरे पायदान पर है जिसमें पुलिस विभाग की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

किसी भी घटना पर सर्वप्रथम पुलिसकर्मी द्वारा परिवारजनों को नेत्रदान करने के लिए प्रेरित किया जाता है। नेत्रदान से ही कॉर्निया ब्लाइंडनेस से पीड़ित व्यक्तियों की सहायता कर कॉर्निया प्रत्यारोपण के द्वारा नई रोशनी दी जा सकती है।

आमजन को धार्मिक भ्रांतियों से दूर रहकर इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात उत्तर सैयद मुस्तफा अली जैदी द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में आई बैंक से पदाधिकारी एवं दुर्घटना अनुसंधान इकाइयों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अभी भी वक्त है गहलोत जी संभल जाइए : डॉ.पूनिया

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने फेसबुक-ट्विटर पर प्रदेशवासियों के साथ लाइव संवाद में कहा, ''सियासत में बेशक आप जादूगर हैं, लेकिन कम से कम ऐसा काला जादू राजस्थान की सुरक्षा पर तो मत कीजिए, उन माताओं, बहनों, बेटियों, बच्चियों और बच्चों पर तो मत करिए''

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने फेसबुक-ट्विटर पर प्रदेशवासियों के साथ लाइव संवाद में कहा कि आपसे रूबरू हुआ हूं सामान्य तौर पर एक ऐसे मुद्दे और मसले को लेकर जिसने केवल एक सियासी तौर पर नहीं, बल्कि आम आदमी की तरह मन को उद्वेलित किया है।

उन्होंने कहा कि जादूगर जो गुजरात में जाकर राजस्थान मॉडल की बात करते हैं, कौन सा मॉडल, 2018 में राजस्थान विधानसभा चुनाव होता है, कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी होता है, उसमें एक भरोसा दिलाया जाता है, वादा किया जाता है, विश्वास दिलाया जाता है कि, जन सुरक्षा देंगे, महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देंगे, उनकी सुरक्षा का हम पूरा ख्याल रखेंगे, पुलिस को आधुनिक बनाएंगे, संसाधनों से लैस करेंगे। जन घोषणापत्र की कितनी बातें थोथी हैं, कितनी कागज से धरातल पर उतरी हैं, मैं उन पर नहीं जाता।

पूनिया ने कहा कि जन सुरक्षा का भरोसा देने वाली वही अशोक गहलोत सरकार जन घोषणा पत्र में यह वादा करती है, लेकिन इस सरकार के शासन के 1351 दिनों में 7 लाख 97 हजार 643 मुकदमे यह अपने आपमें इस बात की बानगी है। यह मुकदमे मुख्यमंत्री की नजर में 47 फीसदी फेक हैं, जो मुकदमे दर्ज होते हैं उनका लॉजिक दिया जाता है कि हमने फ्री कर दी है, आप जाइए एसपी के यहां रजिस्टर्ड कीजिए, वो एफआईआर के रूप में तब्दील हो जाएगी। आज हम शर्मसार हैं ऐसी सरकार की सरपरस्ती में जहां नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो इस बात को प्रमाणित करता है आंकड़ों के जरिए, जहां 6337 दुष्कर्म के आंकड़े हैं, 17 दुष्कर्म प्रतिदिन, क्या राजस्थान शर्मसार नहीं होगा?

अभी भी वक्त है गहलोत जी संभल जाइए, संभालिए, सियासत में बेशक आप जादूगर हैं, लेकिन कम से कम ऐसा काला जादू राजस्थान की सुरक्षा पर तो मत कीजिए उन माताओं, बहनों, बेटियों और बच्चियों और बच्चों पर तो मत करिए। उन्होंने कहा कि जो चिंता मुझे सबसे ज्यादा है, एक जिम्मेदार राजनीतिक दल के रूप में पंजाब से लेकर और बाड़मेर तक एक कॉरिडोर है नौजवानों को नशे की गिरफ्त में लेना, नशे का इतना बड़ा कारोबार जिसमें कल घढसाना में एक वकील को आत्महत्या पर मजबूर होना पड़ा, क्योंकि उसने नशे के खिलाफ एक मुहिम चलाई थी। उस मुहिम में उस वकील पर पुलिस प्रशासन का इतना दबाव था कि उनको आखिरकार आत्महत्या करनी पड़ी। कांग्रेस सरकार की किसान कर्जमाफी के वादे के कारण ना जाने कितने किसान अवसाद में चले गए।

## स्टूडेंट के लापता होने पर कॉलेज में हंगामा

**जयपुर।** राजधानी के हरमाड़ा इलाके में श्रीबालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए घर से निकला स्टूडेंट लापता हो गया। लापता स्टूडेंट की साइकिल कॉलेज परिसर के बाहर खड़ी मिली। मंगलवार दोपहर परिजनों ने कॉलेज में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा किया। करधनी थाना पुलिस ने लापता स्टूडेंट की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि शिवालिक नगर लालचंद लिंक रोड पिथावास निवासी ओमप्रकाश कुमावत ने करधनी थाने में बेटे की गुमशुदगी दर्ज करवाई है। उनका बेटा अनिल कुमावत (19) बेनाड़ रोड स्थित श्रीबालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज से बी-फॉमसी कर रहा है। सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे साइकिल से कॉलेज जाने के लिए निकला था। कॉलेज में उसका एग्जाम था। देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उसका मोबाइल भी बंद मिला। काफी तलाश के बाद भी बेटे अनिल का पता नहीं चला। मंगलवार दोपहर कॉलेज पहुंचे परिजनों ने हंगामा कर नारेबाजी की।हंगामा के सूचना पर हरमाड़ा थाना पुलिस कॉलेज पहुंची। पुलिस को कॉलेज परिसर के पास लापता स्टूडेंट अनिल की साइकिल खड़ी मिली। कॉलेज में लगे सीसीटीवी फुटेजों को पुलिस टीम ने खंगाला। जिसमें कॉलेज परिसर में अनिल दिखाई नहीं दिया। एक दिन से ज्यादा समय के बाद भी लापता बेटा नहीं मिलने पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। हरमाड़ा पुलिस ने समझाइस कर मामले को शांत करवाया। करधनी थाने में लापता अनिल की गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस अनिल की तलाश कर रही है।

## नकबजन गिरफ्तार

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना पुलिस ने शातिर नकबजन को धर-दबोचा है और उसके पास से चुराया गया माल बरामद किया जा चुका है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।थानाधिकारी रमेश सैनी ने बताया कि शातिर नकबजन सीताराम प्रजापत निवासी नैनवा जिला बूंदी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बजरी मंडी रोड नम्बर एक पर एक व्यक्ति संदिग्ध दिख रहा है जो इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने की फिराक में घूम रहा है।मौके पर पहुंची पुलिस ने हुलिए के आधार पर घेराबंदी करते हुए आरोपित सीताराम को धरा और उसके पास से चार टेबलेट मोबाइल, चांदी के बने 12 सिक्के और हजारों रुपये की नकदी बरामद की है।




**जयपुर कायस्थ समाज सेवा संस्थान की ओर से अध्यक्ष अनूप बरतनीयां ने विमल सक्सेना को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्हें ये सम्मान जीवन बीमा के 25 बार एम.डी.आर.डी. पात्रता प्राप्त करने पर दिया गया है।**

## चोरी करने आए बदमाश को लोगों ने पकड़ा

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में चोरी करने आए चोर को लोगों ने मौके पर पकड़ लिया। वहीं, इस बीच दो चोर मौका पाकर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर चुराया गया माल बरामद किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपित राजकिरण वर्मा उर्फ़ कमल (25) निवासी रैगरों का मोहल्ला, मालपुरा गेट का रहने वाला है। वह अपने दो अन्य साथियों सहित दुशाद नगर में स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग में 29 अगस्त की रात चोरी करने आया था। आरोपियों ने मौके से लोहे के सरिए, तार के बण्डल सहित कई सामान चुराकर बगल के प्लाट में फेंककर भागने की फ़िराक में थे। इसी दौरान लोगों ने एक चोर राजकिरण को पकड़ लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# फायरिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

- महेश नगर में फ्री में खाना नहीं देने पर की थी फायरिंग

**जयपुर।** राजधानी की महेश नगर थाना पुलिस ने सब्जीवालाज की दुकान पर फायरिंग करने के मामले में दो और बदमाशों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से पिस्टल बरामद की है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल भीम सिंह की अहम भूमिका रही।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया 25 अगस्त की रात फ्री में खाना नहीं देने पर हिस्ट्रीशीटर राहुल सैनी ने अपने साथियों के साथ मिल कर इलाके में स्थित सब्जीवालाज की दुकान पर फायरिंग की थी। मामले में हिस्ट्रीशीटर राहुल सैनी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब वारदात में शामिल बदमाश अजय उर्फ़ अज्जू (23) निवासी रामदेव नगर कच्ची बस्ती, महेश नगर और विक्रम सिंह (22) निवासी गांव बिलिया थाना सरवाड़ जिला अजमेर हाल एकता नगर धाबास, करणी विहार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्टल बरामद की गई है। गौरतलब है कि महेश नगर सज्जन सिंह कवियां ने बताया कि 24 अगस्त की रात करीब 10 बजे हिस्ट्रीशीटर राहुल सैनी अपने साथियों के साथ श्रीगोपी सब्जीवालाज की शॉप पर गया। शॉप कीपर गौरीशंकर से फ्री खाना देने की बात पर झगड़ा हो गया। फ्री खाना नहीं देने पर गाली-गलौज व लड़ाई झगड़ा कर चले गए। देर रात करीब 1 बजे दुकान के शटर पर फायरिंग की।

## सार-समाचार

### मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी की मुरलीपुरा थाना पुलिस ने एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 13 महंगे एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने एक दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि एक शातिर मोबाइल चोर नन्दू सिंह निवासी अजीतगढ़ जिला सीकर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 13 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए गए है। आरोपित के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। साथ ही आरोपी बहुत ही शातिर प्रवृति का अपराधी है जो पूर्व में भी कई मामलों में चालान शुदा है। आरोपी नशा करने का आदि है। नशे की लत को पूरा करने के लिए मोबाइल चुराता है।

### आरयू में कुलपति सचिवालय पर प्रदर्शन

**जयपुर,(कासं)।** राजस्थान विश्वविद्यालय में कुलपति सचिवालय पर मंगलवार को बीपीएड छात्रों ने चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं करवाए जाने और 25 सितंबर से पूर्व परिणाम घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि आगामी 25 सितंबर को पीटीआई भर्ती परीक्षा होनी है लेकिन विवि के चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं नहीं होने से वह इस परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। ऐसे में परीक्षाएं जल्द करवाई जाएं। इस दौरान छात्रों में जागो विश्वविद्यालय जागो की जमकर नारे लगाए और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय के नवनिर्वाचित महासचिव अरविंद जाजड़ा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### जैन श्रद्धालुओं ने मनाया रोठ तीज पव

**जयपुर, (का.सं.)।** धर्म नगरी छोटी काशी के नाम से विख्यात राजधानी जयपुर में मंगलवार को जैन धर्म का रोठ तीज का पावन पर्व श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया। इस दौरान जैन श्रद्धालुओं ने प्रातः 6.15 बजे से श्रीजी के कलशाभिषेक एवं शांतिधारा कर नित्य नियम पूजन कर रोठ तीज की अष्ट द्रव्यों से पूजन आराधना की, जिसके पश्चात महिलाओं ने घरों पर मोटे आटे और देशी घी में बने रोठ और दूध, मांवों और बुरा से बनी खीर व तोरई की सब्जी को चूल्हों व सिकड़ी पर तैयार कर मंदिर में लेकर आये और श्रीजी को समर्पित किये। यह पर्व विशेष रूप से महिलाएं मानती है और इस दिन व्रत रखती है। इस व्रत की अवधि तीन वर्ष, 12 वर्ष और 24 वर्ष की होती है।

### युवती को मोबाइल पर अश्लील क्लिप भेजी

**जयपुर।** करणी विहार इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवती के मोबाइल पर अश्लील ऑडियो क्लिप भेजने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 22 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है। आरोप है कुछ दिन से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर अश्लील ऑडियो क्लिप भेजी जा रही है। वह एक दिन होटल में ठहरने का दबाव बना रहा है। ऐसा नहीं करने पर मरने और मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### प्रेम नारायण महामंत्री नियुक्त

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित भंवर लाल शर्मा ने प्रेम नारायण मेहता को प्रांतीय कार्यकारिणी में महामंत्री नियुक्त किया है। राजस्थान ब्राह्मण महासभ के प्रमुख महामंत्री सुरेश चंद्र जोशी के अनुसार विधायक सरदारशहर एवं अध्यक्ष भंवर लाल शर्मा ने मेहता को नियुक्ति प्रदान की है।

# जेडीए के जोन 7 में पट्टे लेने वालों की भीड़ उमड़ी

**जयपुर, (का.सं.)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पट्टे जारी करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पट्टे जारी करने के लिए जेडीए द्वारा नियमित रूप से कैम्प आयोजित कर आमजन को ज्यादा से ज्यादा पट्टे जारी किये जा रहे है।

जैन ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान - 2021 के तीसरे चरण में पुनः शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जेडीए द्वारा शिविरों का सफल संचालन किया जा रहा है एवं शिविरों में पट्टे लेने हेतु आने वाले भूखण्डधारियों को आवेदन करने के पश्चात् आधे से एक घंटे में ही पट्टे जारी किये जा रहे हैं। जेडीसी ने बताया कि प्रशासन शहरो के संग अभियान के अन्तर्गत एक ही छत के नीचे सभी कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत भूखण्ड का पट्टा जारी किये जाने के साथ भवन निर्माण स्वीकृति, नाम हस्तांतरण, उप-विभाजन, 54 ई के तहत पट्टे जारी करना एवं विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

जेडीसी ने बताया कि मंगलवार को जेडीए के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन 7 के चित्रकूट स्टेडियम में स्थित शिविर का अवलोकन व निरीक्षण किया गया। इस शिविर में जन समुदाय का जबरदस्त रूझान देखने को मिला। ऐसा लग रहा था जैसे कोई बड़े से मेले में आ गए हों।

रंग बिरंगी वेशभूषा में स्त्री पुरुषों की जबरदस्त भीड़ इस शिविर में नजर आ रही थी और सभी अपने अपने हाथों में अपने आवेदन पत्र और अन्य दस्तावेज लिए व्यवस्थित रूप से उनको जमा कराने की कार्रवाई में लगे थे। उपायुक्त स्वयं और उनकी पूरी टीम पूरी मुस्तैदी के साथ में हर व्यक्ति को सहजता से अटेंड कर रहे थे। साथ ही उनकी समस्या को सुन समझ कर उनका समुचित समाधान भी सुझा रहे थे। इतनी बड़ी भीड़ होते हुए भी किसी तरह की कोई अव्यवस्था या धक्का-मुक्की नहीं दिखाई दे रही थी।सभी व्यवस्थित तरीके से अपने अपने आवेदन देकर अपनी अपनी पत्रावलीयां तैयार कराने में जुटे हुए थे।



**जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन 7 स्थित चित्रकूट स्टेडियम में प्रशासन शहरो के संग शिविर का आयोजन किया गया।**

## बाइक सवार बदमाशों ने युवती का पर्स छीना

**जयपुर।** राजधानी के मुहाना इलाके में बाइक सवार बदमाश चलती स्कूटी पर महिला का पर्स छीन कर फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।पुलिस ने बताया कि शारदा एन्क्लेव, मोहनपुरा निवासी दिव्या नरुका 28 अगस्त की रात करीब 9 बजे स्कूटी पर घर की तरफ आ रही थी।

इस दौरान पत्रकार कॉलोनी मोड़ पर बाइक सवार बदमाशों ने चलती स्कूटी पर झपट्टा मार पर्स छीन लिया और फरार हो गए। पर्स में कुछ नकदी और मोबाइल रखा हुआ था। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। इधर, प्रताप नगर इलाके में बदमाश 28 अगस्त की रात करीब 10 बजे बृजपुरी निवासी दिनेश सचवानी की मां का घर के बाहर से मोबाइल छीन ले गए। वहीं, रामनगरिया इलाके में बदमाश आशीष विहार में 28 अगस्त की दोपहर ब्रज वाटिका निवासी सीमा की बहन का मोबाइल छीन ले गए। उधर, सांगानेर इलाके में बदमाश गायत्री नगर निवासी रूपेश शर्मा का सेक्टर-3, में मोबाइल छीन ले गए।



## We Love Memoirs Day

We Love Memoirs Day has been created so that readers and authors can be brought together to observe this incredible style of writing. A memoir is more focused on person's life and belief than an autobiography. For millennia, notable historical figures penned memoirs documenting what they considered some of the most formative years of their lives. From war journals and politics to business and travel, you can write a memoir about anything.

#TRIED&TASTED

# Bhog To Offer

Through the 10-day extravaganza devotees prepare bhog/prasad daily to please their beloved God.

The 10-day long extravaganza is here. Ganesh Chaturthi, one of the most widely celebrated festivals across the subcontinent, especially in Maharashtra and Karnataka. Devotees will bring home beautifully sculpted and painted Ganesha idols today.

Any Indian festival is simply incomplete without a host of delectable dishes and Vinayak Chaturthi is no different. Through the 10-day extravaganza, devotees prepare bhog/prasaddaily to please their beloved God. We enlist some popularly prepared bhog on Ganesh Chaturthi.

### Satori



**Ingredients**

- 1 cup Milk
- 1 cup Ghee
- 1 1/2 cup Sooji
- 1/2 cup Maida
- 1/2 cup Sugar, powdered
- 1/4 tsp Elaichi powder
- A pinch of salt
- 5-6 Raisins

**Preparation**

1. Combine half cup sooji, maida, half cup ghee, a dash of salt. Mix till the flour turns sticky. Then add half cup milk to knead dough. Add some warm water, if required. Let it rest for half an hour.
2. Roast one cup sooji in half cup ghee. When it turns brown, add elaichi powder, raisins and milk. Let it all cook till it becomes sticky.
3. Let the sooji mixture cool down then make small ladoos out of them.
4. Roll small rotis from the dough and enclose the ladoos in each of them.
5. Deep fry as is or roll again to make puris before frying.

### Dry Fruit Modak

**Ingredients**

- 6 Figs
- 8 Seedless Dates
- 15-16 Almonds
- 1 tsp Walnuts
- 12-13 Peanuts
- 5-6 Pistachios
- 9-10 Cashewnuts
- 1 tsp Sesame Seeds
- 1 tsp Chironji
- 1 tsp KhusKhus
- 1 tsp Dessicated Coconut
- 1 tbsp Ghee
- 10 Raisins (chopped)
- 5 Apricots (chopped)
- 1 tsp Cardamom Powder



**Preparation**

1. Soak figs for two hours.
2. Also soak dates for two hours.
3. Take almonds, peanuts, walnuts, pistachios and cashewnuts in a grinder.
4. Grind all the nuts together.
5. Put the ground nuts on a pan and sauté well.
6. Now in another pan take sesame seeds, chironji, khuskhus and dessicated coconut. Dry roast them well.
7. Take soaked figs and dates in a grinder.
8. Grind them to form a paste.
9. Now take ghee in a pan, add the figs-dates paste to it.
10. Sauté it well and add chopped raisins and apricots.
11. Mix thoroughly and add ground fry fruits. Mix the dry fruits well in order to infuse them perfectly with the paste.
12. Now add the coconut mixture and cardamom powder.
13. Mix the ingredients well with the paste to form a thick mixture.
14. Take a modak shaped mould and apply ghee on it. Put the mixture in the mould to give the perfect shape of a modak.
15. Serve them after the puja.

### Boondi Ke Ladoo



**Ingredients**

- 500 gms gram flour
- 1 litre water or milk
- 750 gms ghee (for frying)
- 750 gms sugar
- 3 1/2 cups water
- 10-12 drops orange colour
- 10-12 saffron flakes, soaked
- 50 gms cashew nuts, chopped
- 50 gms raisins
- 10 cardamoms (peeled)
- Boondi strainer or fryer of medium sized holes


**Preparation**

1. Prepare a thin batter with gram flour and water or milk. Heat ghee in a pan.
2. Fill the fryer or strainer with the batter up to the half.
3. Position it over pan and drain boondis in hot ghee by hitting the strainer on side of the pan, lifting up then again hitting. This process should be finished very quickly.
4. Fry them to golden colour, drain and remove. Use up all the batter.
5. Prepare sugar syrup of one and a half thread consistency by boiling sugar and water.
6. Add saffron water and colour to the syrup. Mix the boondis, syrup, dry fruits and cardamom.
7. After 10 minutes, sprinkle over a little hot water, cover and keep for 1 1/2 hour.
8. Prepare round balls with moist hands and serve.

And here the Home Minister pounced upon this God sent opportunity to settle his course with Rathore, his old enemy. He poisoned the ears of the Chief Minister. The Chief Secretary of the state along with several other powerful bureaucrats too joined him in the attack as they too were more than keen to teach Rathore a lesson for life. Their rivalry went back some 5-6 years, when Mr Rathore became instrumental in getting the then District Collector of Sawai Madhopur suspended against the all out support of the entire higher bureaucracy at state and central level. It was mandatory for the bureaucracy to protect the pride of fellow officer, after-all they were the coveted IAS. In fact, the Collector was unhappy with Rathore.

# When Futji Brought The Government To It's Knee

(...1)





Sunayan Sharma
*IFS (Retd.), Ex field director project tiger Sariska & keoladeo national park, Bharatpur*



Ramaswamy Venkataraman, the Ex-President of India.

While I was lost in the tranquilizing world of multi-coloured song birds at the World famed Keoladeo National Park, Bharatpur, posted as the Research Officer; I woke up to my posting orders as Field Director of the much famous tiger reserve of Sariska. Though I was quite reluctant to leave this heaven of feathered friends but this order could not be avoided as it was a posting on promotion.

I was planning to move when the Chief Wildlife Warden Rajasthan, telephonically instructed me to join the new office immediately giving me no time for even essential preparations. I was instructed to assume charge of the new office in the absence of Mr Fateh Singh Rathore, the existing Field Director there.

I knew him very well. He was one of the most knowledgeable wildlife officers in the country and more popularly called by his pet name 'Futji'. I did not find it befitting to take over the office in his absence like this but the chief was bent upon seeing compliance of his orders in this fashion. Evidently and as the grape wine whispered, the government wanted to shift Futji at the earliest and the officer was being pushed to do so.

I tried to find out the mystery behind this arbitrary action but the chief revealed nothing, not even a hint. I had no option except to follow the government orders immediately and so next day itself I reached Sariska. Futji was out of station. I reported my presence to the chief who insisted I assume the charge immediately and send the compliance report without waiting for Mr Rathore to reach Sariska. By now I could make out something serious was boiling in the power corridors of the government against him. Unwillingly, I assumed the charge. I was going to be in the midst of things unpleasant.

### High Privilege

Those were the days when neither mobiles were in vogue nor landline connectivity was reliable in remote areas like Sariska. The second day Futji arrived and as expected, showed his annoyance for his non ceremonious ouster from this office but he was not surprised by this governmental action; perhaps he was aware of the growing developments in the government.

Of course I was totally ignorant about all these intricacies and he could appreciate my position.

My curiosity was at a high pitch, and I was dying to learn from the horse's mouth, the story behind this inappropriate behaviour of the government.

On my insistence he shared that though his enmity with the then Home Minister of the government of Rajasthan was pretty old and he always addressed him as a shikari (poacher) but the present crisis had arisen out of another matter. In fact, few days back Futji had an informal meeting with the late Shri R Venkatraman, the then Hon'ble President of India, at the Rashtrapati Bhavan, in New Delhi. This informal meeting was arranged by his friend and the then Resident Commissioner of Rajasthan, posted at Delhi; who is tasked with multifarious duties of maintaining high level liaison with Ministries /Departments/Institutions in Government of India, foreign Diplomatic Missions and other stakeholders to promote the interest of the state government. As evident from this unusual meeting, Fateh Singh had been enjoying high privilege among people of imminence and power through his close friends, occupying high places in the governments.




Main entrance gate to Sariska Reserve.

## #FUTJI-TALES

Undoubtedly he was blessed with immense knowledge about wildlife especially tiger and also he had gripping style of rendering jungle stories with which he (as Field Director of Ranthambhore Tiger Reserve) mesmerized late Shri Rajeev Gandhi; the youngest Prime Minister of India, his family and friends, during their long New Year vacation trip in 1985, at Ranthambhore National Park.

Alas! Shri Rajeev Gandhi had passed away some time back but the memories of his bonding with Rathore were still afresh on the mind of Shri Venkatramanji, and perhaps these were the reasons responsible for his instantaneous acceptance of Fateh Singh's informal invitation to visit Sariska Tiger Reserve in the hottest days of June 1991. And amazingly it was a programme of two night halts at Sariska, which brought a shocking surprise to everybody in the government of Rajasthan.

And here the Home Minister pounced upon this God sent opportunity to settle his course with Rathore, his old enemy. He poisoned ears of the Chief Minister. The Chief Secretary of the state along with several other powerful bureaucrats joined him in the attack as they too were more than keen to teach Rathore a lesson for life. Their rivalry went back some 5-6 years, when Mr Rathore became instrumental in getting the then District Collector of Sawai Madhopur suspended against the all out support of the entire higher bureaucracy at the state and central level.



Water dries in important resources like Siliberi Nullah.

### The Sanctum Sanctorum

It was mandatory for the bureaucracy to protect the pride of fellow officer, after all they were the coveted IAS. In fact, the Collector was unhappy with Rathore for not allowing him unquestioned entry into the park with his friends and kins. The annoyed Collector, taking advantage of some flaws in the revenue generating land records – pertaining to some pieces of land located inside the Ranthambhore National Park – issued special permission to villagers allowing them rampant cattle grazing in this important tiger habitat, severely spoiling serenity of the sanctum sanctorum of the tiger land.

Protesting the Collector's action the emotional Rathore telegraphically sent his resignation directly to Shri Rajeev Gandhi, the then Prime Minister of India and Chairman of the Steering Committee of the Project Tiger, in India. The Prime Minister took it seriously and ordered strict action against the concerned officers, reversing the Collector's order with retrospective effect. Grazing was stopped immediately and a high level committee was set up to enquire into the matter which held the Collector responsible for this malicious deed.

Consequently, the Collector was placed under suspension invoking hue and cry among the top bureaucracy in the state. Since that day Rathore was under the radar of the bureaucracy. He was not allowed to be posted back at Ranthambhore and his posting at Sariska was the result of this vengeance only. This feeling of revenge had not subsided even after 5 years of that incidence. Now this new fuel had doubled their attacks on Rathore.

### The Witty Diplomacy

The Chief Minister was provoked that Rathore not only went too far in violating the protocol but had put the state and particularly the Chief Minister to huge embarrassment by inviting such a dignitary at his own level and that too for 2 night halts during such hostile weather conditions, where Sariska was merely a one night destination. They pleaded that the President is bound to get bored and the state shall have to face the consequences.

Convinced with these arguments, the CM desired to get this programme cancelled but without inciting ire of the President. But none in his battery of officers had any convincing reason to put out.

The CM famous for his witty diplomacy geared up his resources but initially seemed failing in his efforts. The scheduled visit dates were inching closer and enhancing tension in his camp.

Meanwhile, the concerned authorities at the state and district level were instructed to pull up their socks to not leave any stone unturned in keeping the President entertained during his forthcoming visit. But how could this all be possible without taking Rathore in the loop, who evidently had been thrown away by the bureaucracy.

The Chief Wildlife Warden of the state was assigned this responsibility of taking the President around the Reserve and relate all that was there to see. But how could this all be possible without Rathore, on whose invitation the President had made his extensive programme, casting aside the necessary protocol?

The complexity of the situation had gheraoed the CWLW considerably, where Rathore seemed totally calm and relaxed. Also he assured his boss, the CWlW, not to worry at all as he shall take care of every thing and no one in the government need to worry a bit.

Of course, Rathore was questioned by the Government about his authority to invite the President at such an odd time and that too at his personal level to which he quietly replied: "The President was keen on visiting the Reserve without any pomp and show, and dared to face the harshness of weather in the interest of wildlife viewing it as the best time from this purpose." Technically, he was right but his invitation had put the government in pretty odd position.

***To Be Continued...***

writetoarbit@rashtradoot.com





#PARENTING

# The Best Ages For Kids



The best age to learn a second language.

Parenting a new human means making sure they have all the skills they need to thrive. But that can be a stressful proposition not least because of all the conflicting advice out there.

Parenting a new human means making sure they have all the skills they need to thrive. But that can be a stressful proposition-not least because of all the conflicting advice out there. When should kids start reading? How can parents best help them learn multiple languages? How early should a child learn to swim or play sports?

There's no universally perfect age or method for introducing a kid to new physical or intellectual pursuits but that doesn't mean the timing doesn't matter. We asked experts when and how caregivers should bring new hobbies and life skills into a child's sphere.

### The best age to learn a second language (or a third one)

Hoping to raise a polyglot? Get them started on speaking new languages as early as you can.

When it comes to learning how to speak a language, children start picking up bits and pieces while they are still in the womb. Because of this, "there's no reason to wait on introducing a child to another language," he explains.

An early start is especially important for identifying and mastering pronunciations that are not common in a child's native tongue. Distinguishing small differences between sounds becomes more difficult around age five or six as we become set in the vocalizations we're accustomed to.

While tackling multiple languages at the same time may slow a child's initial learning progress, it doesn't disadvantage them in the long term.

The easiest way for a child to speak multiple languages is to start them all at or before birth and the next best thing is to introduce new languages while they're still in preschool.

That doesn't mean older kids and grown-ups shouldn't try to pick up new languages as well. Some aspects of language learning, like vocabulary, actually come easier to adults, so while the learning process can begin as early as birth, it's certainly a life-long endeavour.

### The best age to start reading with your child

Similar to the beginning of verbal language understanding it's never too early to introduce a child to literature. Shared book reading with new-borns can be an integral part of developing early childhood literacy. It should start from birth. We know that children have visual abilities, we know that they're already taking in language.

In addition to familiarizing the child with the sounds and structures that make up spoken language, shared time devoted to reading as an activity builds the emotional connection between the child and their caregiver, and creates a safe space for further interest for reading in the future. It's a way of carving out time in which you're interacting back and forth with your child.



The best age to teach children to swim.

As a caregiver reads aloud, the level of engagement will depend on the age of the child. Under the age of three, kids' attention spans are short so reading at them won't be super effective. Instead engage in a dialogue to engage the child in the narrative of the story. There's no rule saying you have to read every word on the page. You can let the kid hold the book, you can let them go backwards in the book and all over the place, it's really okay.

Reading aloud inviting the young reader to interact with the story helps a child build what 'emergent literacy'. At this stage usually under the age of three, a kid can't read and write conventionally. But they can already start to make a connection between the words on the page in front of them and the story they're being told.

### The best age to teach children to swim

Developing physical coordination skills is important from both a functional and a safety standpoint. To prevent paediatric drownings the earlier a child can be exposed to water the better.

Babies as young as 18 months have natural reflexes that allow them to begin building water safety skills with the proper guidance and supervision. Some level of coordination is needed but not much. More advanced swimming skills will develop later on as a child builds more general coordination and becomes more comfortable in the water.

### When kids should start playing sports

As both a social and a physical activity, playing sports can be an important part of childhood. Getting started in athletics isn't feasible however until a child is potty trained. Start with young kids in sports that build fundamental motor skills: track for running; gymnastics for running, jumping and landing safely, as well as building upper body strength; dance and martial arts to build overall body awareness, strength, and flexibility; tennis and baseball for throwing.

Above all, begin with a variety of sports so they can figure out what they enjoy most and want to continue pursuing. In the end this is supposed to be fun and good as healthy physical activity. So getting active feedback from the child about if they're enjoying it is important.



The best age to start reading with your child.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कटारिया के फिर बिगड़े बोल, भाजपा की सांसें फूली

## प्रतिमा अनावरण समारोह में राजवंश का कोई भी प्रतिनिधि शामिल नहीं

- **मंत्री राजनाथ सिंह को इस समारोह में बुलाने के चक्कर में यह कार्यक्रम तीन बार स्थगित हुआ**

**उदयपुर,** (का.सं)। मंगलवार को यहां सम्पन्न प्रतिमा अनावरण समारोह में उदबोधन के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाबचन्द कटारिया की जबान एक बार फिर फिसल गई और एक नया विवाद खड़ा हो गया।

गौरतलब है कि कटारिया अपने विवादित बयानों के लिए हमेशा ही चर्चित रहे है। महाराणा प्रताप पर उनके द्वारा की गई एक टिप्पणी से राजपूत समुदाय का एक तबका अभी तक नाराज चल रहा है और इसी नाराजगी को दूर करने के लिए कटारिया ने राजनाथ सिंह के माध्यम से प्रतिमा का अनावरण करवाने का फैसला किया था। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को इस समारोह में आमंत्रित करने के चक्कर में यह प्रतिमा का अनावरण समारोह तीन बार स्थगित हुआ। दरअसल कटारिया की सियासी चाल के तहत प्रतिमा अनावरण किसी कद्दावर राजपूत नेता से करवा कर पार्टी से रूठे राजपूतों को फिर से मनाना था वहीं केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल के माध्यम से क्षेत्र के गुर्जर मतदाताओं में सेंध लगाना था।

इन दो उद्देश्यों में वे सफल हुए या नहीं यह तो वक्त तय करेगा, लेकिन अपने बिगड़े बोल से उन्होंने वारी समाज को नाराज कर दिया। उदय सिंह को सुरक्षित बचाकर किले से बाहर भेजने वाले तीरथ वारी के लिए कटारिया ने नितांत अशिष्ट भाषा का उपयोग किया जो आज लोकतंत्र में असहनीय है। उनके बिगड़े बोल मुंह से निकलते ही वहां मौजूद वारी समाज के लोग, इतिहासकार और कुछ राजपूत भी नाराज हो गए। कटारिया के इस बिगड़े बोल की सर्वत्र निंदा की जा रही है। अशिष्ट संबोधन से आहत वहां मौजूद वारी समाज के कुछ लोगों ने यह मामला कोर्ट में ले जाने की भी चेतावनी दी। आगे क्या होगा यह भविष्य की गर्त में है लेकिन कटारिया ने अपने बिगड़े बोल से भाजपा के लिए एक और नई समस्या खड़ी कर दी है।

इधर भीड़ जुटाने के भी प्रयास को लेकर गांवों के अतिरिक्त शहरी कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई। समारोह में लगभग दस हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए जो राजनाथ सिंह के संबोधन के बीच जय एकलिंगनाथ के नारे लगाते रहे। इधर, जिस राजपूत समाज को मनाने के प्रयास किए जा रहे थे उस राजवंश का कोई भी प्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित नहीं था। समारोह स्थल पर महाराणा उदय सिंह के वंशज को भी इस समारोह में नहीं बुलाने की चर्चा जोरों पर रही। पुलिस प्रशासन भी कार्यक्रम को लेकर सतर्क रहा।

किसी काले वस्त्रधारी को समारोह परिसर में प्रवेश नहीं दिया गया। ऐसी आशंका व्यक्त की गई थी कि कुछ लोग समारोह में खलल डाल सकते हैं। इसलिए काले कपड़े पहने विशेषकर युवाओं को समारोह परिसर में प्रवेश से पूर्व ही पुलिस ने रोक दिया। डेढ घंटे तक चले समारोह में चिलचिलाती धूप में भी कार्यकर्ता बैठे रहे। समारोह की भव्यता पर कोई अंगुली नहीं उठी लेकिन कटारिया के बिगड़े बोल ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में लाकर भाजपा की सांसें फूला दी हैं।

# नंदिनी शर्मा बनी आरजेएस

**करौली** (नि.स.)। करौली के वरिष्ठ अधिवक्ता नवल किशोर शर्मा की पुत्री नंदिनी शर्मा का आरजेएस में चयन हुआ है। इससे पहले उन्होंने एलएलबी टॉप करने पर उसे गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था। करौली के 132 केवी जीएसएस कॉलोनी निवासी एडवोकेट नवल किशोर शर्मा की पुत्री नंदिनी शर्मा ने राजस्थान यूनिवर्सिटी से एलएलबी टॉप करके गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।



उसके बाद भारत की सबसे प्रतिष्ठित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बेंगलुरू से एलएलएम टॉप करके यूजीसी नेट क्वालिफाइड हुई और उसके बाद ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत में लॉ लेक्चरर के पद पर नियुक्त हुई।

अब नंदिनी शर्मा का आरजेएस में चयन हुआ है। नंदिनी शर्मा ने बिना किसी कोचिंग के सेल्फ स्टडी से यह सफलता हासिल की है जिसको लेकर उनके परिवार में खुशी की लहर है एडवोकेट नवल किशोर शर्मा को बधाइयां देने वालों का तांता लग गया। एडवोकेट नवल किशोर शर्मा करौली न्यायालय में अधिवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। जिनको बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथलेश पाल सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बधाइयां दी।

# स्वास्थ्य उपकरणों की खरीद घोटाले ने तूल पकड़ा

## लंपी वायरस पर अधिकारियों को घेरा

- **जिला परिषद की बैठक में अंतिम छोर के गांवों तक पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा उठाया**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। श्रीगंगानगर जिला परिषद की बैठक में मंगलवार को ग्रामीण इलाके के कई मुद्दे उठे। सदस्यों ने लंपी स्किन डिजीज से गायों की मौत, मामले में पशुपालन विभाग के ढुलमुल रवैये, हेल्थ डिपार्टमेंट में उपकरणों की खरीद, नहरी विभाग में किसानों को पानी मिलने से जुड़े मामले और पीएचईडी में अंतिम छोर के गांवों तक पानी नहीं पहुंच पानी का मुद्दा उठाया।

सदस्यों ने हेल्थ डिपार्टमेंट में कथित भ्रष्टाचार का मामला उठाते हुए कहा कि करीब सात साल पहले उपकरणों की खरीद में गड़बड़ी हुई। मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सदस्यों ने सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता से कहा कि अब तक इस मामले में हुई कार्रवाई के बारे में सदन को अवगत करवाया। जोन नंबर दो के सदस्य दूलाराम मेघवाल का कहना था कि मामले में अब तक जांच नहीं होना और तत्कालीन अफसरों पर कार्रवाई नहीं होना चिंता का विषय है। उनके साथ ही जोन नंबर 31 से सदस्य शंकर पन्नू ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ नहीं होने का मुद्दा उठाया। उपकरण खरीद मामले को जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा ने गंभीरता से लेते हुए कहा कि करीब सात साल में इस मामले में जांच नहीं होना बेहद गंभीर है। हेल्थ डिपार्टमेंट के अफसर इस मामले में तुरंत कार्रवाई करें।

रायसिंहनगर के जोन नंबर चार से सदस्य दीपेश नायक ने अफसरों की मनमानी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि रायसिंहनगर इलाके में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर का ट्रांसफर करने में जबरदस्त अनियमितता की गई। नायक ने कहा कि बीडीओ लेवल पर ट्रांसफर किया गया। उन्होंने मामले में अनियमितता का मुद्दा उठाया और संबंधित अधिकारी से जवाब चाहा। सदस्यों ने जिले के कई इलाकों में नरेगा में कामकाज शुरू होने का मामला उठाते हुए कहा कि कई जगह पर काम करने वाले लोगों को अपने इलाके से दूरी पर जाकर मनरेगा के काम में जुटना पड़ता है और उनके आने जाने का किराया भी उन्हें अपनी जेब से भुगतना पड़ता है।

लंपी स्किन डिजीज के मामले में सदस्यों ने हर गांव में पशुपालन विभाग की टीम भेजने के दावे पर रोष जताया। उनका कहना था कि उनके यहां तो अब तक कोई टीम नहीं आई। उनका कहना था कि सरकार के दावों के बावजूद लोगों को अपने खर्च पर पशुधन सहायकों को रुपए देकर पशुओं का इलाज करवाना पड़ा। सूरतगढ़ विधायक रामप्रताप कासनिया ने भी लंपी स्किन डिजीज के मामले में सदस्यों की आपत्ति को उचित ठहराते हुए कहा कि इस मामले में सरकार के स्तर पर पर्याप्त कार्रवाई नहीं हुई। जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्रीकरणपुर विधायक गुरमीत कुन्नर, सूरतगढ़ विधायक रामप्रताप कासनिया, जिला परिषद सीईओ मोहम्मद जुनैद सहित विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# ट्रेलर चालक को झपकी आने से ट्रेलर व ऊंटगाड़ा की भीड़ंत



राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे के बाद सड़क पर बिखरे तेल के पीपे।

- **ट्रेलर से सड़क पर बहा से सैंकडों लीटर रिफाइड तेल**
- **ऊंटगाडा सवार दो जने घायल**

**सुजानगढ़,** (निसं)। मंगलवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो ट्रेलर व ऊंट गाडे की टक्कर में ऊंट गाडा सवार दो जने घायल हो गए। हाईवे पैट्रोलिंग के कुलदीप चारण ने बताया कि ठरडा बस स्टैण्ड के पास मंगलवार सुबह पांच बजे एक खाली ट्रेलर आरजे 14 जीएल 9523 राजगढ से नागौर जा रहा था, के चालक को नींद की झपकी आने से आगे चल रहे ऊंट गाडा से ट्रेलर टकरा गया।

उसके बाद गुजरात के गांधी धाम से हरियाणा के करनाल जा रहे रिफाइंड तेल के पीपों से भरे ट्रेलर एचआर 56 ए 6612 से भी नागौर जा रहा ट्रैलर टकरा गया। नागौर जा रहे ट्रेलर की टक्कर से ऊंटगाडा क्षतिग्रस्त हो गया। हरियाणा के करनाल जा रहे ट्रेलर के ड्राइवर साइड क्षतिग्रस्त होने से तेल के पीपे सडक पर बिखर गये तथा सैंकडों लीटर तेल सडक पर फैल गया। तेल के सडक पर फैलने की वजह से आवागमन कर रहे वाहनों के टायर फिसलने लगे थे। अपने गांव चारियां से पाबोलाव के पशु मेले में जा रहे ऊंटगाडा में सवार नानूराम पुत्र बालाराम जाट व हीरालाल पुत्र मांगीलाल जाट घायल हो गए।

घायलों को राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। करनाल जा रहे ट्रेलर के चालक प्रदीप पुत्र वेदप्रकाश निवासी धनौदा, तहसील नरवाणा, जिला जिंद, हरियाणा ने बताया कि वह गुजरात के गांधी धाम से रिफाइंड तेल के 1600 पीपे लेकर हरियाणा के करनाल जा रहा था। तभी सामने से आ रहे ट्रेलर को देख कर मैने अपनी गाडी सडक से नीचे उतार ली, लेकिन उसने पहले ऊंटगाडे के टक्कर मारी और फिर सडक से नीचे खडी मेरी गाडी के टक्कर मार दी। जिससे मेरा ट्रेलर क्षतिग्रस्त हो गया तथा तेल के पीपे व तेल सडक पर फैल गए। वहीं दूसरे टेलर के चालक जितेन्द्रसिंह शेखावत निवासी सुलिया बास, दांतारामगढ जिला सीकर ने बताया कि ऊंट गाडे को बचाने के चक्कर में हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर हाईवे पैट्रोलिंग की टीम व पुलिस पंहूची। जिन्होने क्रेन बुला कर दोनो वाहनों व ऊंट गाडे को सडक से हटाकर साइड में करवाया।

# गुजरात बॉर्डर पर 50 लाख की शराब पकड़ी

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने प्लास्टिक कट्टों में छुपाकर तस्करी हो रही 50 लाख की अंग्रेजी शराब पकड़ी है। आरोपी अवैध शराब की गुजरात तस्करी कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए।

थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक ट्रक से अवैध शराब की तस्करी हो रही है। इस पर पुलिस टीम ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर वाहनों को तलाशी ली। इस दौरान एक ट्रक उदयपुर की ओर से आया। जिसे टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को ट्रक का चालक उतरकर भाग गया। पुलिस ने ट्रक का तिरपाल हटाकर देखा तो प्लास्टिक कट्टों के अंदर पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब की पेटियां भरी थी। पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए चौकी में खडा करवाया है। शराब की पेटियों को ट्रक से उतारकर गिनती की गई तो उसमें 575 कार्टन बरामद हुए। थानाधिकारी ने बताया कि पकडी शराब की कीमत करीब 5० लाख रूपये आंकी गई है।

# छूआछूत के नाम पर किसी पर अन्याय नहीं होने देंगे : गोगामेडी

**जालोर,** (कासं)। जालोर में सुराणा प्रकरण को लेकर मंगलवार को सर्व समाज की आम महासभा जालोर जिला मुख्यालय पर मलकेश्वर महादेव मठ पर आयोजित हुई। महासभा में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेवसिंह गोगामेडी ने सर्व समाज के हजारों लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छुआछूत के नाम पर किसी के साथ करणी सेना अन्याय होने नही देगी।

सुराणा प्रकरण में एक स्वर्ण जाति के व्यक्ति होने से इस मामले को इतना तूल दिया गया है। उन्होने कहा कि कलैक्टर व एसपी सही जांच कर रहे हैं। यह दोनो जांच गलत करते है तो उन्हे हटाया जाये। उन्होंने कहा कि सायला थानाधिकारी घ्रुवप्रसाद द्वारा समय रहते ठोस कार्यवाही नहीं करने से मामला बिगडा है तथा एक वर्ग का पक्ष लेने पर उसे तुंरत निलम्बित किया जाये। वही निर्दोष कॉनिस्टेबल थानसिंह को तुंरत निलम्बन रद्द करने की मांग की। वही गोगामडी में मंच पर उपस्थित पूर्व जिला परिषद सदस्या पवनी मेघवाल की बोतल से पानी पीकर बताया कि क्षत्रिय कभी छुआछुत नही करते है तथा इस अन्याय के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा।




सर्व समाज की महासभा करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोगामेडी के आतिथ्य में संपन्न हुई।

करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेन्द्रसिंह कटार ने कहा कि स्कूल में मटकी नही होने पर भी मटकी बताकर छुआछूत का झुठा केस दर्ज करवाकर एक निर्दोष को फंसाया जा रहा है। गोगामेडी ने प्रशासन के समक्ष सायला थानाधिकारी ध्रुवप्रसाद को निलम्बित करने व कॉनिस्टेबल थानसिंह को बहाल करने की मांग रखते हुए कलैक्ट्रेट की ओर कूच किया। काफी संख्या में सर्व समाज के लोग कलैक्ट्रेट गेट के समक्ष बैठ गये। जिला कलैक्टर निशांत जैन व एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने आश्वास्त किया कि कॉनिस्टेबल थानसिंह की जांच सोमवार तक पूर्ण कर निर्णय लिया जायेगा। वही सायला थानाधिकारी को निलम्बन करने को लेकर जानकारी उच्चाधिकारियों को दी जायेगी। उक्त आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया।

# सात दिन से लापता महिला का शव खेत में मिला

- **मैडिकल बोर्ड से कराया पोस्टमार्टम**
- **शव पूरी तरह सड़ने से उसमे बदबू आ रही थी**

**गंगापुर सिटी** (निस)। वजीरपुर उपखंड के पीलोदा थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव में खेत में एक शव मिला है। शव 7 दिन पूर्व लापता हुई महिला का बताया जा रहा है। इस कारण शव पूरी तरह सड़ चुका था और उसमें से बदबू आ रही थी। परिजनों के हत्या की आशंका जताने पर पीलोदा थाना पुलिस ने शव को गंगापुर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

उप निरीक्षक संतोष शर्मा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त पीलोदा के सुंदरपुर गांव निवासी अशोका बाई (4०) पत्नी भगवान सिंह जाटव के रूप में हुई है। मृतका के पति भगवान सिंह ने बताया कि अशोका बाई 23 अगस्त से घर से लापता थी और पीलोदा थाने में इसकी गुमशुदगी की शिकायत की गई थी, लेकिन महिला का कहीं कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों के साथ-साथ पुलिस ने भी काफी छानबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार देर शाम सुंदरपुर के ही खेतों में एक महिला के शव पडे होने की सूचना मिली। सूचना पर आस-पास ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर पीलोदा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस शव को गंगापुर लेकर आई और सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। शव की शिनाख्त होने के बाद में मंगलवार सुबह मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया और पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# तीन साल की बच्ची पी गई टॉयलेट क्लीनर

- **पेट के पीछे का पूरा हिस्सा जल चुका था, डॉक्टरों ने पेट को फिर से बना जान बचाई**

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में हाल ही में एक जटिल ऑपरेशन कर 3 साल की बच्ची की जान बचाई है। बच्ची ने खेलते-खेलते टॉयलेट क्लीनर पी लिया था। इससे उसके पेट का अंदरूनी हिस्सा जल गया। डॉक्टरों ने जटिल ऑपरेशन कर पेट को फिर से रीकंसट्रक्ट किया। अब बच्ची पुनः स्वस्थ हो रही है।

शिशु सर्जरी विभाग की डॉ. गरिमा अरोडा ने बताया कि हाल ही में जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में एक केस देखा गया। तीन साल की एक बच्ची ने स्नानघर में रखा टॉयलेट क्लिनर में से थोड़ासा खेल-खेल में पी लिया। बच्ची को निरीक्षण में रखा गया। 24 घण्टे के अन्दर बच्ची का पेट फूलने लगा तथा सामान्य स्थिति में गिरावट आने लगी।

शिशु सर्जरी विभाग की टीम को बच्ची के इमरजेंसी ऑपरेशन की जरूरत लगी तथा बच्ची को तुरंत ऑपरेशन के लिए लिया गया। ऑपरेशन के दौरान पाया गया कि बच्ची के पेट का आधे से ज्यादा हिस्सा जल चुका है। मुख्यतया पेट के पीछे का पूरा हिस्सा जल चुका था। पेट में इन्फेशन भी पूरी तरह से फैल गया था। शिशु सर्जरी टीम के अथक प्रयासों से बच्ची के पेट को दोबारा रिकन्स्ट्रक्ट किया गया। उन्होने बताया कि ऑपरेशन में करीब 3-4 घण्टे का समय लगा। बच्ची अब पूरी तरह से स्वस्थ है तथा सामान्य बच्चों की तरह मुंह से खाना खा रही है।

ऑपरेशन टीम में प्रभारी डॉ. गरिमा अरोरा के साथ डॉ. दिनेश कुमार, बारोलिया, डॉ. शुभम दिक्षित, निश्चेतना प्रभारी डॉ. वीना पटोदी, डॉ. वीना माथुर, डॉ. रिचा सिंह, नर्सिंग स्टाफ रमा शर्मा, प्रशांत फेडरिक आदि शामिल थे। ऑपरेशन के बाद की सम्पूर्ण देख रेख में शिशु सर्जरी के नर्सिंग प्रभारी राजेश दोसाया, रजनी चौहान और उनकी टीम का बखूबी योगदान रहा।

# राज्य सूचना आयुक्त व रीडर के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

- **सूचना आयोग में अपीलार्थियों के साथ होता है मुलजिमों सा व्यवहार**

**पाटन,** (निसं)। राजस्थान राज्य सूचना आयोग जयपुर के कोर्ट न. 02 के सूचना आयुक्त व रीडर द्वारा गैर कानूनी व असवैधानिक निर्णय पारित करने एवं अपीलार्थीयों को धमकाने के सन्दर्भ में कार्यवाही को लेकर महामहिम राज्यपाल महोदय को आरटीआई कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता के जरिए ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में राज्यपाल महोदय को अवगत करवाया गया है कि राजस्थान सूचना आयोग जयपुर के कोर्ट न. 02 में आरटीआई की अपील पर संबंधित विभाग के अधिकारीयो की मर्जी के मुताबिक निर्णय किये जा रहे है।

सूचना आयुक्त के फैसले अब अतार्किक मनमाना, बल्कि गैरकानूनी और असवैधानिक आने लगे है ऐसा करना आरटीआई कानून को ध्वस्त करना जैसा है। अपीलार्थीयो को रीडर प्रकाश द्वारा आयुक्त के समक्ष धमकाया जाता है और यह कहा जाता है कि यहां क्यो आते हो । अपीलार्थीयो के साथ मुलजिमों जैसा व्यवहार किया जाता है, आर्डरशीट पर अपीलार्थी के उपस्थिति हस्ताक्षर नही करवाये जाते हैं एवं ना ही अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज पत्रावली में सामिल किये जाते है।

अपीलार्थी को अनुपस्थित दिखाकर गलत विधि विरुद्ध मनमाना निर्णय किये जा रहे है। सूचना आयोग की कोर्ट न. 02 में संबंधित विभागों के अधिकारीयों से मिलकर तथा उनसे सांठगांठ कर अपीलार्थीयों के विरुद्ध निर्णय पारीत किये जाते है तथा अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना तथा सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध नही करवायी जाती है। काफी जिदोजहद के बाद मिलने वाली सूचना से आम नागरिक हताश होने लगे है और सूचना आयोग पर से लोगों का विश्वास उठने लगा है। आम नागरिकों को सूचना तक पहुँच में रोडे अटाकाए जा रहे है।

कभी अवलोकन का बहाना कभी तारीख पर तारीख एवं रिडर द्वारा अपीलार्थी को धमकाकर अपीलार्थीयों को आर्थिक हानी व मानसिक पिडा देकर परेशान किया जा रहा है। सूचना आयोग में सम्पूर्ण राजस्थान से अपीलार्थी आते है वहां पर फोटो कोफी मशीन की व्यवस्था की जाये जिससे परेशानियों का सामना नहीं करना पडे। कोर्ट रूम की पारदर्शिता लाने के लिऐ सी.सी.टी.वी कैमरे लगाये जाये, कोर्ट न. 2 के रीडर प्रकाश को तुरन्त प्रभाव से हटाया जाये। अपीलार्थीयों के आर्डरशीट पर सुनवाई के हस्ताक्षर करवाये जाये। तथा कोर्ट न. 02 से जारी निणयों की जांच एक स्वत्रन्त कमेटी गठीत कर करवायी जाये एंव जो भी दोषी हो उनके खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग आरटीआई कार्यकर्ता एंव सामाजिक कार्यकर्ता ने राज्यपाल से की।

# नशीली दवा सप्लायर गिरफ्तार

**नोखा,** (निस)। वृत की जसरासर पुलिस कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। जिसमें नशीली दवाइयों के सप्लायर को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि राज्य स्तरीय तस्करों की धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बीकानेर सुनील कुमार व नोखा सीओ भवानी सिंह इन्दा के निर्देशन में वांछित अपराधियों को धड़पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत जसरासर पुलिस टीम ने राज्य स्तरीय मादक पदार्थ नशीली टेबलेट सप्लायर के आरोपी केसराराम पुत्र खेमाराम तर्ड निवासी थावरिया को शांतिभंग में गिरफ्तार किया।

आरोपी पिछले वर्ष सितंबर 2021 में राजियासर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ टेबलेट बरामद के आरोप में गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया था और आरोपी पूर्व में भी मादक पदार्थ कि तस्करी में 12 साल पजांब में जेल में रहा हुआ है। मामले की जांच थानाधिकारी सूरतगढ़ द्वारा की जा रही है। अब जसरासर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के बारे में अनुसंधान अधिकारी सूरतगढ़ शहर थानाधिकारी को सूचित किया।

थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि 30 सितंबर 2021 को थानाधिकारी राजियासर ने दो व्यक्तियों से मादक पदार्थ टेबलेट 1,17,000 बरामद कर एक गाड़ी व आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया था, जिसकी जांच थानाधिकारी सूरतगढ़ द्वारा की जा रही थी। जिसको लेकर आरोपी केसराराम एक साल से फरार चल रहा था।

# रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेशी मंदिर में लगे जयकारे

## पुलिस व्यवस्था पुख्ता, प्रशासन चाक चौबंद

- **अतिरिक्त बसें यात्रियों को रेलवे स्टेशन से लेकर हेलीपेड पर छोड़ेंगी**

**सवाईमाधोपुर,** (निसं)। रणथम्भौर दुर्ग में स्थित विश्व प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश जी के लक्खी मेले का मंगलवार को आगाज हुआ। यह मेला 1 सितम्बर तक चलेगा।

गणेश मंदिर के ट्रस्टी संजय दाधीच व महन्त बृजकिशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि गणेश चतुर्थी पर बुधवार को प्रात: 4 बजे मंगला आरती होगी , दोपहर 12 बजे श्रृंगार आरती कर मोदक भोग लगाया जाएगा। मंदिर परिसर में दर्शन के लिए बेरिकेटस लगाये गये हैं । जिससे श्रद्धालु गणेश जी के आसानी से दर्शन हो सकें। कोरोना के बाद इस वर्ष मेले में लाखों की तादाद में भक्त आने की संभावना है। इसको लेकर प्रशासन द्वारा पूर्ण तैयारियां की गई। प्रशासन ने पूरे रास्ते पुलिस, सीआरएफ के जवान तैनात किये है।

साथ ही स्काउट गाइड के जवान भी मेले में पूर्ण सहयोग दे रहे हैं। रास्ते में पड़ने वाले तालाबों को लेकर गोताखोर तैनात किये हैं। पूरे मार्ग पर पानी व खाने की व्यवस्था को देखते हुए व्यवसाय मण्डल व कार्यकर्ताओं द्वारा हजारों की संख्या में नि:शुल्क भण्डारे लगाये गये हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसको लेकर हर समय चिकित्सा टीम तैनात और आगजनी न हो इसको लेकर अग्निशमन यंत्र की टीम को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिये गये। ट्रेन से आने वाले यात्रियों के लिए मेले में जाने के लिए रेलवे स्टेशन से परिवहन विभाग द्वारा अतिरिक्त बस लगवाई गई हैं जो यात्रियों को रेलवे स्टेशन से लेकर हेलीपेड पर छोड़ेंगी। वाहन से आने वाले यात्रियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था गणेशधाम पर गई है। मार्ग में मेले को लेकर कई अस्थाई खिलाने व घेरलू समान की दुकानें भी लगी हैं।



रणथम्भौर दुर्ग में स्थित विश्व प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश प्रतिमा।

# अघोषित विद्युत कटौती की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

**पावटा,** (निसं)। पंचायत समिति के क्षेत्र में पिछले तीन-चार महीनों से अघोषित विद्युत कटौती के चलते पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी के नेतृत्व में सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचायत समिति सदस्यों सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और विद्युत कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी करते हुए अधिक्षण अभियंता जयपुर जिला वृत्त के नाम अधिकारी अधिशासी अभियंता कोटपुतली जेपी बेरवा को ज्ञापन सौंपा।

- **समस्या से अवगत कराते समय अधिशासी अभियंता ने जनप्रतिनिधियों के साथ की अभद्रता**
- **जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग कार्यालय पावटा परिसर में दिया धरना**

जगन चौधरी ने बताया कि अधिकारियों की मनमर्जी से क्षेत्र में शाम के समय सिंगल फेस विद्युत कटौती हो रही है। वहीं किसानों को रात में 2 बजे थ्री फेस बिजली दी जा रही है। जबकि राज्य सरकार द्वारा किसानों को दो ब्लॉक में विद्युत सप्लाई देने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे व दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक विद्युत सप्लाई देने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जबकि विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमर्जी करते हुए किसानों को रात्रि 2 बजे से विद्युत सप्लाई दे रहे हैं। जिससे आमजन व किसानों को बेहाल कर रखा है। रात्रि में किसानों को जहरीले जानवर के काटने व खडी फसल से चोट लगने का डर रहता है।

सिंचाई करने में असुविधा होती है। वहीं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर ने बताया कि किसानों एवं आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित उपरोक्त ब्लॉक अनुसार बिजली आपूर्ति की जाए। साथ ही शाम को सिंगल फेस विद्युत आपूर्ति की अघोषित कटौती को बंद किया जाए। किसानों को थ्री फेस बिजली दिन में दी जाए। अन्यथा विद्युत विभाग के इस तानाशाही रवैये के खिलाफ बडा आंदोलन किया जाएगा।

इसी समस्या से अवगत करवाते समय ग्राम पंचायत सरपंचों, पंचायत समिति सदस्यों सहित जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों का आक्रोश उस समय और बढ़ गया जब वो विद्युत कार्यालय पहुंचे तो समस्या से अवगत करवाते समय जिम्मेदार अधिकारी अधिशासी अभियंता कोटपुतली जेपी बेरवा द्वारा उनसे अभद्रता की। जिस पर पंचायत सरपंचों, पंचायत समिति सदस्यों सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा अधिकारी अधिशासी अभियंता के इस रवैये की निंदा करते हुए आक्रोशित होकर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर धरने पर बैठ गए। जिस पर अधिकारी अधिशासी अभियंता कोटपुतली जेपी बैरवा के द्वारा प्रागपुरा पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। जिस पर सभी के द्वारा समझाईश के बाद अधिकारी अधिशासी अभियंता कोटपुतली जेपी बेरवा के द्वारा की गई अभद्रता की माफी मांगने के बाद ही धरना समाप्त हुआ। इस अवसर पर पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, विराटनगर पंचायत समिति सदस्य महेश बैराठी, जयराम थालोड, पंचायत समिति सदस्य वेदप्रकाश बाकोलिया, खेलना सरपंच राजकुमार, लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव, टोरडा गुजरान सरपंच प्रेमनाथ महाराज, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुखराम धनकड, सतपाल फानन, अनिल पांछुडाला, बंसी गेट, वीरतेजाजी नगर सरपंच प्रतिनिधि अमित गजराज, बुचारा पूर्व सरपंच ओमप्रकाश, कारौली सरपंच श्रवन सिंह, प्रेमनगर सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम पलसानिया, पांछुडाला सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह, कैरोडी सरपंच उदय वीर सिंह, भैसलाना सरपंच प्रतिनिधि करण सिंह सहित सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।



पावटा पंचायत समिति क्षेत्र में पिछले तीन-चार महीनों से हो रही अघोषित विद्युत कटौती से परेशान जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विद्युत कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया।

## एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**फागी,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण व कन्या भ्रूण हत्या एक अपराध, विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला के अंतर्गत लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम (पीसीपीएनडीटी एक्ट ),1994 के बारे में महाविद्यालय की छात्राओं को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. अर्चना जोशी ने बताया की आज समाज में गिरते लिंगानुपात को संभालने की जरूरत है और इसमें राज्य, मीडिया, पत्रकारों, गैर सरकारी संगठनों, चिकित्सकों, महिला संगठनों और जनता को साथ खड़े होने की आवश्यकता है।

मनीषा शर्मा ने बताया कि बेटों को वरीयता देने, महिलाओं के खिलाफ सामाजिक भेदभाव और सांस्कृतिक प्रथाओं के कारण भारत में बड़े पैमाने पर हो रही कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और घटने लिंगानुपात की रोकथाम के लिए 1994 में भारतीय संसद द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट पारित किया गया था। उन्होंने बताया कि महिला अधिकारों की रक्षा के लिए युवाओं को इस अधिनियम के बारे में और अधिक जानना चाहिए ,जिससे महिला मुद्दों के प्रति युवाओं में संवेदनशीलता और समझ उत्पन्न करने से हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। जिसमें हमारी महिलाएं सुरक्षित और सशक्त जीवन जी सकें और कि प्रकृति में बराबर भागीदार कर सके। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. ममता सिंह ने बताया कि महिलाओं को समाज में अपनी भूमिका सशक्त करनी होगी, सुशिक्षित होकर कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठानी होगी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एचएन गुप्ता ने अंत में कन्या भ्रूण हत्या के कारण व उसके निदान पर प्रकाश डालते हुए संगोष्ठी का समापन समापन किया।

## बॉलीबाल प्रतियोगिता की तैयारी बैठक

**पावटा,** (निसं)। राउमावि पावटा के खेल मैदान में बॉलीबाल खेल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विकास अधिकारी आर के वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को पावटा पंचायत समिति सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पावटा विकास अधिकारी आर के वर्मा, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी व ग्राम पंचायत सरपंच व पंचायत समिति सदस्यों के नेतृत्व में 4 सितबर को शाम 5 बजे तक प्रतियोगियों के रजिस्ट्रेशन व 5 सितबर को सुबह 8 बजे एक दिवसीय आयोजित होने वाली बॉलीबाल खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन को लेकर चर्चा की गई। पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभा को अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उक्त प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। जगन चौधरी ने खेल प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने के लिए सभी को सकारात्मक सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर पावटा विकास अधिकारी आर के वर्मा, प्रधान पूजा चौधरी, विराटनगर पंचायत समिति सदस्य महेश बैराठी, जयराम थालोड, पंचायत समिति सदस्य वेदप्रकाश बाकोलिया, खेलना सरपंच राजकुमार, लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव, टोरडा गुजरान सरपंच प्रेमनाथ महाराज, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुखराम धनकड, सतपाल फानन, अनिल पांछुडाला, बंसी गेट, वीरतेजाजी नगर सरपंच प्रतिनिधि अमित गजराज, बुचारा पूर्व सरपंच ओमप्रकाश, कारौली सरपंच श्रवन सिंह, प्रेमनगर सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम पलसानिया, पांछुडाला सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह, कैरोडी सरपंच उदय वीर सिंह, भैसलाना सरपंच प्रतिनिधि करण सिंह सहित सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### नष्ट हुई फसलों के मुआवजे की मांग

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। उनियारा में नैनवां रोड पर भगवान शिव मंदिर में भारतीय किसान संघ उनियारा ने उपाध्यक्ष टोंक मदन कुमावत के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया। आयोजित बैठक में किसानों की समस्याओं पर विस्तार रूप से चर्चा की। बैठक उपरांत किसान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी के साथ रैली निकालते हुए उनियारा उपखण्ड कार्यालय पहुंचे। जहां पर जिला कलेक्टर के नाम उनियारा उपखण्ड अधिकारी प्रतिनिधि नायब तहसीलदार उनियारा को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि अतिवृष्टि, प्रतिकुल वातावरण तथा पीलीया रोग सहित अन्य से किसानों की 95 प्रतिशत फसलें नष्ट हो गई है। जिसके कारण किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए स्पेशल गिरदावरी करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जाए। इस दौरान रामस्वरूप धाकड,राजेश कुमार, हंसराज गुर्जर सहित कई किसान मौजूद थे।

### निर्माण कार्य में धांधली का आरोप

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के मित्रपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत उदगांव के मानपुर गांव में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों में ग्राम पंचायत उदगांव सरपंच द्वारा घटिया निर्माण सामग्री व धांधली करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीण कुंजी लाल मीणा, हंसराज, वआंसू मीणा ने बताया कि विद्यालय में ग्राम पंचायत द्वारा मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। जिसमें दो नंबर की ईंटें लगाई जा रही हैं। ईटों पर ही चुनाई करके आरसीसी पटकने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है किविद्यालय का कार्य चेक करके उसकी गुणवत्ता जांच करने के बाद ही कार्य शुरू करने दिया जाए।

### गणेश चतुर्थी महोत्सव आज़ से

**खैरथल**,(निसं)। स्थानीय चालीस फुटा रोड के समीप मेमसाब बुटिक वाली गली में श्रीसिद्धिविनायक परिवार के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी महोत्सव 31 अगस्त से 4 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव में 31 अगस्त को प्रात: सवा नौ बजे गणेशजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस चालीस फुटा रोड पहुंच कर सम्पन्न होगी। विशाल पांडाल में भगवान गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। आरती प्रतिदिन प्रात: सवा नौ बजे व सांयकाल सवा सात बजे होगी। जबकि 3 सितंबर शनिवार को दोपहर बारह बजे आम भंडारे का आयोजन किया गया है। महा आरती 3 सितंबर सायं सवा सात बजे होगी। 4 सितंबर को प्रात: 11 बजे जयसमंद बांध अलवर में प्रतिमा को विसर्जन समारोह होगा।

### बोराज ने चंद्रभानपुरा टीम को हराया

**बोराज,** (निसं)। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों में मंगलवार को बोराज व चंद्रभानपुरा के बीच फाइनल मैच खेला गया। पीटीआई संतोष शर्मा ने बताया कि चंद्रभान पुरा टीम के कप्तान सहवाग लोहिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 रन पर ऑल आउट हो गए। मुकाबले में अजय मीणा की कप्तानी में बोराज की टीम ने 2 विकेट पर 6 ओवर 3 बॉल में लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से फाइनल मैच जीता।


**पंजाब एण्ड सिंध बैंक**

30–31, मोहन टॉवर, प्रिन्स रोड़, विद्युत नगर, अजमेर रोड़, जयपुर– 302021, फोनः 0141–2358628 ई–मेलः zo.jaipur@psb.co.in

**परिशिष्ट–IVक {नियम 8(6) का परन्तुक देखें}**
**अचल सम्पतियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस**

प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का **कब्जा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है"** के आधार पर दिनांक **01/10/2022** को बेचा जाएगा। ऋणी, गारन्टर प्रत्याभूति–दाता, आरक्षित ज्ञात ऋण भार सहित आरक्षित मूल्य अचल व अग्रिम धनराशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

| क्र. सं. | शाखा का नाम एवं ऋणी एवं जमानतदार का नाम | ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्तियों का विवरण | वर्तमान बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि | ई–नीलामी की दिनांक एवं समय | नोडल, अधिकारी नाम एवं नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर–302019**<br>(1) मिस पुजा कवंर पुत्री भवंर लाल कुमावत<br>(2) श्रीमती सन्तोष कवंर पत्नी श्री रतन सिंह,<br>(3) श्री रामअवतार पुत्र श्री ज्वाला प्रसाद, | ग्रीन टाउन 36, टेलेन्ट पब्लिक स्कुल के पास, दादी का फाटक, बैनाड रोड, झोटवाडा, जयपुर मे स्थित है, जो कि मिस पुजा कवंर पुत्री भवंर लाल कुमावत एंव श्रीमती सन्तोष कवंर पत्नी श्री रतन सिंह के नाम से है। चतुर्थ सीमाएंः– उत्तरः– रोड 30 फिट, दक्षिणः– प्लॉट न. 37, पूर्वः– प्लॉट न. 36ए, पश्चिमः– रोड 30 फिट | रूपये **23,29,114.21** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 39,61,000/-**<br>**रू. 3,96,100/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ मो. नं. 7060468879 |
| 2. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर–302019**<br>(1) श्रीमती शिमाला पत्नी श्री जय नारायण जाट, (2) श्री जय नारायण जाट पुत्र श्री राधा किशन, | फ्लेट न. 108, तिसरी मंजिल, प्लाट न0 545, जे.वी.वी. एन.एल पावर हाउस के पास, पत्रकार कॉलोनी, गांव धोलाई, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान मे स्थित है, जो कि श्रीमती शिमाला पत्नी श्री जय नारायण जाट के नाम से है। चतुर्थ सीमाएं :– उत्तर :– खुली जगह व रोड, दक्षिण :– लिफ्ट एंव लोबी, पूर्वः– खुली जगह, पश्चिमः– प्लाट न0 545ए | रूपये **29,18,346.22** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 28,68,750/-**<br>**रू. 2,86,875/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ मो. नं. 7060468879 |
| 3. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर–302019**<br>(1) श्री मोहन लाल सैनी पुत्र श्री गिरधारी लाल सैनी,<br>(2) श्री कृष्ण कुमार शर्मा पुत्र श्री रामराज शर्मा, | फ्लेट नं. एस 1, द्वितीय तल, यश अपार्टमेंन्ट, मुहाना मण्डी गेट नं. 2 के सामने, स्वर्ण विहार, गांव हाज्यावाला, मुहाना मण्डी रोड, सांगानेर, जयपुर में स्थित है जो की श्री मोहन लाल सैनी पुत्र श्री गिरधारी लाल सैनी के नाम सें है। चतुर्थ सीमाएं :– उत्तर :– फ्लेट नं. एस 03, दक्षिण :– फ्लेट नं. एस 02, पूर्व :– सीढीयां व गलियारा, पश्चिमः– रोड 160 फीट चौडी | रूपये **20,01,516.93** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 19,35,000/-**<br>**रू. 1,93,500/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ मो. नं. 7060468879 |
| 4. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर–302019**<br>(1) श्रीमति साधना पत्नी श्री घनश्याम शर्मा<br>(2) श्री रजत शर्मा पुत्र श्री घनश्याम शर्मा<br>(3) श्री अमित शर्मा पुत्र श्री सुरेश शर्मा | फ्लेट नं. एस 109, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 151, वर्धमान सरोवर, ए ब्लाक वन्दे मातरम मार्ग, खुशी विहार कॉलोनी के पीछे, गनपतपुरा, जयपुर में स्थित है जो श्रीमति साधना पत्नी श्री घनश्याम शर्मा के नाम से है। | रूपये **23,87,849.45** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 22,62,500/-**<br>**रू. 2,26,250/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ मो. नं. 7060468879 |
| 5. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर–302019**<br>(1) श्रीमती ज्योति शर्मा पत्नी श्री राजेश कुमार शर्मा,<br>(2) श्री राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री हनुमान प्रसाद शर्मा,<br>(3) नरेश कुमार कुमावत पुत्र श्री गोपाल लाल कुमावत, | फ्लेट नं. जी–3, भूतल, प्लाट न0 38, कृष्णा सरोवर, इस्कोन रोड़, धोलाई, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान मे स्थित है, जो कि श्रीमती ज्योति शर्मा पत्नी श्री राजेश कुमार शर्मा के नाम से है, जिसका क्षेत्रफल 1100 वर्ग फीट हैं। चतुर्थ सीमाएं :– उत्तर :– लिफ्ट एंव अन्य प्लॉट, दक्षिण :– अन्य प्लॉट, पूर्वः– बालकनी के बाद अन्य प्लॉट, पश्चिमः– सीडीया एंव खुली जगह | रूपये **25,16,347.85** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 23,65,000/-**<br>**रू. 2,36,500/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ मो. नं. 7060468879 |
| 6. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर–302019**<br>(1) श्री जलालुद्दीन अंसारी पुत्र श्री मोहराम अंसारी,<br>(2) श्री चन्द्रप्रकाश शर्मा पुत्र श्री ज्ञानचंद शर्मा, | फ्लेट नं. 102, भू–तल, प्लॉट नं. 155, श्री दादू दयाल नगर स्कीम, ब्लॉक– ए, ग्राम कल्याणपुरा, तहसील सांगानेर, जयपुर में स्थित है जो श्री जलालुद्दीन अंसारी पुत्र श्री मोहराम अंसारी के नाम से है। | रूपये **30,25,938.61** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 20,07,000/-**<br>**रू. 2,00,700/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | |
| 7. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर–302019**<br>(1) श्रीमती ओमप्रभा पत्नी श्री प्रदीप कुमार<br>(2) श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री भगवान दास, | फ्लेट नं. टी–1, तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 51, विनायक मैरिज गार्डन के पीछे, सुमेर नगर – प्रथम, मुहाना मंडी रोड, जयपुर में स्थित है जो श्रीमती ओमप्रभा पत्नी श्री प्रदीप कुमार के नाम से है। | रूपये **17,91,252.79** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 20,32,000/-**<br>**रू. 2,03,200/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ मो. नं. 7060468879 |
| 8. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर–302019**<br>1) श्रीमति नीतू वर्मा पत्नी श्री देवेन्द्र प्रकाश महावर,<br>(2) श्री देवेन्द्र प्रकाश महावर पुत्र श्री रमेश चंन्द्र महावर,<br>(3) श्री रमेश चंन्द्र महावर पुत्र श्री नाथू लाल,<br>(4) श्री भूपेन्द्र सिंह पुत्र श्री बाबू लाल सिंह, | फ्लेट नं. एस 3, द्वितीय तल, यश अपार्टमेंन्ट, प्लॉट नं. 558, मुहाना मण्डी गेट नं. 2 के सामने, स्वर्ण विहार, गांव हाज्यावाला, मुहाना मण्डी रोड, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, में स्थित है जो की श्रीमति नीतू वर्मा पत्नी श्री देवेन्द्र प्रकाश महावर एंव श्री देवेन्द्र प्रकाश महावर पुत्र श्री रमेश चंन्द्र महावर के नाम सें है। चतुर्थ सीमाएंः– उत्तर :– फ्लेट नं. एस 02, दक्षिण :– प्लॉट नं. 559, पूर्व :– सीडी व गलियारा, पश्चिमः– रोड 160 फीट चौडी | रूपये **19,25,347.35** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 21,50,000/-**<br>**रू. 2,15,000/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ मो. नं. 7060468879 |
| 9. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर–302019**<br>1. श्रीमती ममता नेनवानी पत्नी श्री कन्हैया नेनवानी (ऋणी),<br>2. श्री अनंत कुमार माथुर पुत्र श्री कल्याण राय माथुर और श्री योगेश गिडवानी पुत्र श्री किशोर गिडवानी (गारंटर) | फ्लैट नंबर 107, राधा गोविंद एन्क्लेव, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर 155, ब्लॉक–ए, दादूदयाल नगर, कल्याणपुरा, मुहाना मंडी रोड, तहसील – सांगानेर, जयपुर (राज.) में स्थित है जो की श्रीमति ममता नेनवाली पत्नी श्री कन्हैया नेनवाली के नाम से है। क्षेत्रफल– 950 वर्गफीट, चतुर्थ सीमाएंः– पूर्व :– प्लॉट नं. 132, पश्चिमः– सीढ़िया एवं कोरिडोर, उत्तर :– प्लॉट नं. 154, दक्षिणः– प्लॉट नं. 156 | रूपये **31,58,749.81** दिनांक 31.07.2022 तक ब्याज शामिल + आगे का ब्याज, लागते, शुल्क एवं अन्य खर्चे इत्यादि। | **रू. 19,24,200/-**<br>**रू. 1,92,500/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ मो. नं. 7060468879 |
| 10. | **12– पार्क स्ट्रीट, स्टेशन रोड़, जयपुर–302006**<br>1. मैसर्स इलेक्ट्रोनिक हाऊस (प्रोपराईटर श्री विकास कुमार शर्मा) (ऋणी),<br>(2) श्री विकास कुमार शर्मा पुत्र श्री श्याम सुंदर शर्मा,<br>(3) श्रीमती नेहा शर्मा पत्नी श्री विकास कुमार शर्मा<br>(4) श्रीमती सरला चौधरी पत्नी श्री भंवर चौधरी,<br>(5) श्री विजय उप्पल पुत्र श्री राम सिंह उप्पल, | मैसर्स इलेक्ट्रोनिक हाऊस (प्रोपराईटर श्री विकास कुमार शर्मा) के नाम से प्लॉट नं. ए, स्कीम वेदांत सिटी, रीको औद्योगिक क्षेत्र के पास, गांव बगरू कलां, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान में स्थित, क्षेत्रफल 420.99 वर्गगज।<br>मैसर्स इलेक्ट्रोनिक हाऊस (प्रोपराईटर श्री विकास कुमार शर्मा) के नाम से दुकान नं. जी– 32 एवं जी–39, भूतल में, जो गोल्डन टाईम्स अपार्टमेंट, प्लॉट नं. ए–4, सेंट्रल स्पाईन विद्याधर नगर, जयपुर, राजस्थान में स्थित, क्षेत्रफल 553.02 वर्गफीट। | रूपये **1,30,78,713.17** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 31,68,000/-**<br>**रू. 3,16,800/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-**<br>**रू. 88,51,000/-**<br>**रू. 8,85,100/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री पृथ्वीराज मीणा मो. नं. 8094333353 |
| 11. | **12– पार्क स्ट्रीट, स्टेशन रोड़, जयपुर–302006**<br>1. श्रीमती नितिका चौधरी पुत्री श्री गुलाब सिंह<br>2. श्री गुलाब पुत्र श्री उमा राम जाट | श्रीमती नितिका चौधरी पुत्री श्री गुलाब सिंह के नाम से फ्लैट नं. 106, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 545, (पूर्वी हिस्सा), पत्रकार कॉलोनी, ग्राम धोलई, तहसील सांगानेर, जयपुर (राज.) 302017 में स्थित, क्षेत्रफल 1400 वर्गफीट। | रूपये **34,06,318.96** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 26,53,560/-**<br>**रू. 2,65,356/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री पृथ्वीराज मीणा मो. नं. 8094333353 |
| 12. | **12– पार्क स्ट्रीट, स्टेशन रोड़, जयपुर–302006**<br>(1) श्री गौरव धाभाई पुत्र श्री गोविंद सिंह धाभाई, (2) श्रीमती अनीता गुर्जर पुत्री श्री रामदेव गुर्जर<br>(3) श्री जितेंद्र गुर्जर पुत्र श्री रामकरण गुर्जर | श्रीमती अनिता गुर्जर पुत्री श्री रामदेव गुर्जर के नाम से फ्लैट नं. 107, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 545, (पूर्वी हिस्सा), पत्रकार कॉलोनी, ग्राम धोलई, तहसील सांगानेर, जयपुर (राज.) 302017 में स्थित, क्षेत्रफल 1400 वर्गफीट। | रूपये **28,25,292.94** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 26,53,560/-**<br>**रू. 2,65,356/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री पृथ्वीराज मीणा मो. नं. 8094333353 |
| 13. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) श्रीमती विमला शर्मा,<br>(2) श्री चतरभुज शर्मा,<br>(3) श्री संजय शर्मा पुत्र वाल्मीकि शर्मा, | साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो फ्लैट नंबर एफ–02, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर सीडी –267, श्री दादू दयाल नगर, सीडी ब्लॉक कल्याणपुरा, मुहाना मंडी रोड, तहसील –सांगानेर, जयपुर में स्थित है। | रूपये **29,04,458.52** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 28,05,000/-**<br>**रू. 2,80,500/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 14. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव,<br>(2) श्री नवीन श्रीवास्तव,<br>(3) श्री सौरभ कुलश्रेष्ठ | साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो येस अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर एफ–3, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर 2, कृष्णा सागर, गांव – रामसिंहपुरा उर्फ धोलाई मुहाना मंडी रोड, सांगानेर, जयपुर में स्थित है। | रूपये **25,60,971.03** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 21,28,500/-**<br>**रू. 2,12,850/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 15. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) श्री रवींद्र सिंह<br>(2) श्री राजू सैनी,<br>(3) श्री रविंदर सिंह चौहान | साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो फ्लैट नं. एफ–1, प्लॉट नं. 46, स्कीम कैलाशपुरी, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर में स्थित है। | रूपये **14,27,000.98** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 14,85,000/-**<br>**रू. 1,48,500/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 16. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) श्री प्रभु दयाल धानका<br>(2) श्री सांवर मल धानका<br>(3) श्रीमती मीना बाहेती | साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो प्लॉट नंबर एस–226, प्रथम तल, एस–ब्लॉक, 80 फीट रोड, महेश नगर, जयपुर (राजस्थान) में स्थित है। | रूपये **11,47,439.38** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 34,01,000/-**<br>**रू. 3,40,100/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 17. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) श्रीमती पिंकी शर्मा<br>(2) श्री मुकेश चंद दायमा | साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 52 एवं 53 का मध्य हिस्सा, ए– ब्लॉक, भगवती नगर, निवारू रोड़, जयपुर में स्थित है। | रूपये **22,36,497.05** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 25,47,000/-**<br>**रू. 2,54,700/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 18. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) श्रीमती निर्मला देवी चिप्पा<br>(2) श्री रामावतार चिप्पा<br>(3) श्री अरुण कुमार चिप्पा<br>(4) श्री आशीष कुमार चिप्पा | साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो आवासीय भूमि संरचना के साथ प्लॉट नं. 23, कमला नगर, चोर्डिया पेट्रोल पम्प के पास, सांगानेर बाजार, जयपुर (राज.)– 302029 | रूपये **35,98,926.13** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 57,40,000/-**<br>**रू. 5,74,000/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 19. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) श्री भानु प्रताप सिंह पुत्र श्री बेदपाल सिंह<br>(2) श्रीमती आकांक्षा विजय पत्नी श्री भानु प्रताप सिंह | साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो प्लॉट नंबर 175, अंसल सुशांत सिटी 1 के पास, ओके प्लस एक्सोटिका, माछवा, कालवाड़ रोड, जयपुर, राजस्थान– 302012 में स्थित है। | रूपये **24,22,240.72** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 44,39,000/-**<br>**रू. 4,43,900/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 20. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) आशा काविया<br>(2) श्री भवानी दास चारण | साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो प्लॉट नंबर 74–बी, श्री राम विहार–ए, ग्राम–श्री किशनपुरा, सांगानेर, जयपुर में स्थित है। | रूपये **30,08,049.35** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 38,88,000/-**<br>**रू. 3,88,800/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 21. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) श्री अनिल कुमार शर्मा<br>(2) श्री मुकेश चंद दायमा | साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 52 एवं 53 का उत्तरी हिस्सा, ए– ब्लॉक, आर्यन पब्लिक स्कूल के पास, भगवती नगर, निवारू रोड़, जयपुर में स्थित है। | रूपये **20,09,229.26** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 28,43,000/-**<br>**रू. 2,84,300/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 22. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>श्रीमती मीना राठौर पत्नी श्री राजू सिंह (ऋणी),<br>श्री राजू सिंह पुत्र श्री राम सिंह (सह–ऋणी) | श्रीमती मीना राठौड पत्नी श्री राजु सिंह के नाम से आवासीय सम्पत्ति जो फ्लैट नंबर टी–02, तीसरी मंजिल, जगदंबा अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 575 नॉर्थ पार्ट, मुहाना मंडी गेट नंबर 2 के पास, स्वर्ण विहार, गांव– हाज्यावाला, मुहाना रोड, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) में स्थित, क्षेत्रफल– 1420 वर्गफीट, सीमाएं– पूर्व में खुली जगह एवं 40 फीट रोड, पश्चिम– सीढ़िया, कोरिडोर एवं फ्लैट नं. टी–1, उत्तर में– प्लॉट नं. 574, दक्षिण– प्लॉट नं. 575–ए का दक्षिणी हिस्सा, ऋण भार– ज्ञात नहीं | रूपये **27,35,562.63** दिनांक 31.07.2022 तक ब्याज शामिल + आगे का ब्याज, लागते, शुल्क एवं अन्य खर्चे इत्यादि। | **रू. 22,48,000/-**<br>**रू. 2,24,800/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 23. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>श्रीमती रीना आवाला पत्नी श्री सोनू कंडेरा (ऋणी),<br>श्री सोनू कंडेरा पुत्र श्री धनपत राम कंडेरा (सह–ऋणी),<br>श्री संतोष कुमार अग्रवाल पुत्र श्री राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (गारंटर) | श्रीमती रीना आवाला पत्नी सोनु कंडेरा के नाम से आवासीय सम्पत्ति जो जगदम्बा अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर टी–01, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 576–ए का साउथ पार्ट, मुहाना मंडी गेट नंबर 2 के पास, स्वर्ण विहार, गांव– हाज्यावाला, मुहाना रोड, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) में स्थित, क्षेत्रफल– 1420 वर्गफीट (सुपर बिल्ट अप एरिया), सीमाएं– पूर्व में रोड, पश्चिम– रोड़, उत्तर में– प्लॉट नं. 576 का उत्तरी भाग, दक्षिण– प्लॉट नं. 577, ऋण भार– ज्ञात नहीं | रूपये **25,51,336.21** दिनांक 31.07.2022 तक ब्याज शामिल + आगे का ब्याज, लागते, शुल्क एवं अन्य खर्चे इत्यादि। | **रू. 24,59,700/-**<br>**रू. 2,45,970/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 24. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) श्रीमती नसीम पत्नी श्री जाकिर हुसैन,<br>(2) श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री मोहम्मद नूर खां,<br>(3) श्री पवन कुमार गुप्ता पुत्र श्री मुरलीधर गुप्ता, | फ्लेट नं. जी–2, भूतल पर, पूर्वी भाग में पीछे की तरफ प्लॉट नं. 575 (उत्तरी भाग का हिस्सा), स्वर्ण विहार, ग्राम हाज्यावाला, मुहाना मंडी, सांगानेर, जयपुर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 1163 वर्गफीट (सुपरबिल्टअप एरिया) है जो कि श्रीमती नसीम पत्नी श्री जाकिर हुसैन के नाम से है। | रूपये **28,07,590.65** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 24,59,700/-**<br>**रू. 2,45,970/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 25. | **दुकान नंबर 43,44,45, प्लॉट नंबर 11, विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर (राज.)**<br>(1) श्री विष्णु कुमार गौतम पुत्र श्री कैलाश चंद गौतम,<br>(2) श्रीमती नीलम शर्मा पत्नी श्री विष्णु कुमार गौतम<br>(3) श्री राजू सिंह पुत्र श्री शंकर सिंह, | फ्लेट नं. एस–2, द्वितीय मंजिल, प्लॉट नं. 01, विनायक विहार, दादू दयाल नगर, बड़ मोहनपुरा, मुहाना मंडी रोड, सांगानेर रोड, जयपुर में स्थित है जो कि श्री विष्णु कुमार गौतम पुत्र श्री कैलाश चंद गौतम के नाम से है। जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट (सुपरबिल्ट अप) है। | रूपये **34,99,558.46** दिनांक 31.07.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 30,94,200/-**<br>**रू. 3,09,420/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज कुमार सांखला मो. नं. 7986137790/ 9413849166 |
| 26. | **मंडावर (एम1164), रामनिवास एंड कंपनी के पास, मेन रोड, मंडावर जिला दौसा– 321609**<br>(1) श्री आशु खान पुत्र श्री सरवन खान,<br>(2) श्री मोहन लाल सैनी पुत्र श्री रामकरण सैनी,<br>(3) श्री उम्मेद सिंह राजपूत पुत्र श्री धन्ना सिंह राजपूत | खसरा नं. 630/1, सतानंद कॉलोनी, तहसील मंडावर जिला दौसा– 321609 में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 117 वर्गगज हैं जो कि श्री आशु खान पुत्र श्री सरवन खान के नाम से है। | रूपये **8,32,164.92** दिनांक 30.08.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 13,00,000/-**<br>**रू. 1,30,000/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **30/09/2022** सांय 04.00 बजे तक<br>**रू. 10,000/-** | **01/10/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री मनोज मीणा मो. नं. 7976247195 |

**नोडल अधिकारी के अनुसार कार्यालय समय में निरीक्षण किया जायेगा।**

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए **पंजाब एण्ड सिंध बैंक की वेबसाईट** अथवा नोडल अधिकारी से तथा बोली जमा करने व ई–बोली प्रक्रिया के प्रशिक्षण हेतु मैसर्स सी–1, इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, उद्योग विहार, फेज–2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग नं. 301, गुड़गांव, हरियाणा–122015 **श्री भाविक पान्डेय मो. नं.** 08866682937, 7291981124/25/26, 0124-4302020/21/22/23/24, ईमेलः E-mail: **gujarat@c1inida.com, support@bankeauctions.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है एवं वेबसाईट अर्थात् **https://bankeauctions.com, http://ibapi.in** पर देखें।

दिनांकः 31.08.2022 स्थानः जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी,
पंजाब एण्ड सिंध बैंक

## संक्षिप्त

### रेलवे का विशेष अभियान जारी

**फुलेरा, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मण्डल रेल प्रबंधक नरेन्द्र के दिशा निर्देशानुसार मण्डल सुरक्षा आयुक्त ज्योति मणि के नेतृत्व में ट्रेन में अनाधिकृत चैन पुलिंग की रोकथाम के लिए विशेष अभियान लगातार जारी है। मण्डल वाणिज्यिक प्रबंधक पूजा मित्तल ने बताया कि उपरोक्त विशेष अभियान के तहत जनवरी से 15 अगस्त 2022 के दौरान जयपुर मण्डल पर सवारी गाड़ियों में अनाधिकृत चैन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कार्यवाही करते हुए 818 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर समय-समय पर माननीय रेलवे न्यायालय में पेश किया गया। जिनसे न्यायालय द्वारा कुल 3,20,760 जुर्माना वसूलने के आदेश हुए।

### करंट से मैकेनिक घायल,जयपुर रैफर

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा अजमेर सड़क मार्ग पर स्थित मिस्त्री मार्केट में मंगलवार को हाई वॉल्टेज विद्युत लाइन के छू जाने से क्रेन व डम्पर ट्रोली में प्रवाहित हुए करंट की चपेट में आने से मैकेनिक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जयपुर रैफर किया गया। मंगलवार की दोपहर को मिस्त्री मार्केट में डम्पर ट्रॉली को उठाने के दौरान क्रेन के आगे का भाग उपर से गुजर रही हाई वॉल्टेज विद्युत लाईन के सम्पर्क में आने से दुकान पर काम कर रहा मैकेनिक हुसैन खां देशवाली घायल हो गया। मौजूद लोगों ने मैकेनिक को मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया।

### राधाष्टमी धूमधाम से मनायी जाएगी

**चाकसू, (निसं)।** सोमवार को मनोहरा तालाब स्थित श्री गोपीनाथ मंदिर प्रांगण में श्री गोपीनाथ मंदिर सेवा समिति चाकसू के सदस्यों की अहम बैठक में चार सितम्बर रविवार को राधाष्टमी पर्व विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया। सेवा समिति के संरक्षक कैलाश शर्मा एवं मुकेश दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मंत्री राम प्रकाश शर्मा ने बताया की राधाष्टमी पर्व पर विधिविधान पूर्वक पंचामृत अभिषेक, नवीन पोशाक धारण, श्रंगार एवं भव्य झांकी का आयोजन होगा भक्ति संगीत से साथ बधाई गान ,उछाल आदि के कार्यक्रम एवं प्रसादी वितरण किया जायेगा।

### लल्लू रामनाडा को अध्यक्ष बनाया

**फागी, (निसं)।** कस्बे में स्थित जांगिड़ समाज छात्रावास में जांगिड़ समाज की तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सत्यनारायण उर्फ लल्लू जांगिड़ रामनाडा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। नवयुवक मण्डल अध्यक्ष भंवर जांगिड़ ने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी रामनिवास काला एवं चुनाव पर्यवेक्षक प्रेमप्रकाश जांगिड़ ने नव निर्वाचित अध्यक्ष लल्लू जांगिड़ को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर विश्वकर्मा महामंडल अध्यक्ष जगदीश शेरगढ़, तहसील प्रभारी रामनिवास सीधड़, रामनिवास खाती अध्यापक, सत्यनारायण आसलिया अनेक पंच पटेल एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान किया

**कोटपूतली।** भाजपा नेता मुकेश गोयल की पहल पर शुरू हुआ रक्तमणि कार्यक्रम 2542 दिनों से लगातार जारी है। इस क्रम में मरीज को आवश्यकता पडने पर अभियान से जुडे हुए हेमन्त यादव पुत्र रमेश यादव ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

# डीजे पर लगाई गई पाबंदी की पालना की जाए: चिन्मयी गोपाल



**विभिन्न समाजों के यात्रा कार्यक्रम एवं मार्ग की व्यवस्थाओं, कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने अधिकारियों की बैठक ली।**

**टोंक, (निसं)।** आगामी दिनों में 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 6 सितम्बर को जलझूलनी एकादशी एवं 9 सितम्बर को अनन्त चतुर्दशी के त्योहारों को देखते हुए मेलों के आयोजन, विभिन्न समाजों के डोल एवं गणेश विसर्जन की यात्रा कार्यक्रम एवं मार्ग की व्यवस्थाओं, कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक रखी गई।

जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने कहा कि सभी लोग त्यौहार भाईचारे, सौहार्द एवं खुशी के साथ मनाएं। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत के ढीले तारों को कसवाने, मेडिकल विभाग को एम्बूलेंस की व्यवस्था मौके पर रखने, नगर परिषद को सड़कों के गड्ढों को भरने, डोल एवं गणेश विसर्जन की यात्रा के मार्ग में आने वाले पेड़ों की छटाई करने तथा फायर बिग्रेड की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा डीजे पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई है, इसकी शत प्रतिशत पालना की जाएगी। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने कहा कि कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य-मुख्य स्थानों पर पुलिस जाब्ता मुस्तैद रहने की बात कही। एसडीआरएफ की टीमों का गठन कर नाव व गोताखोरों को चतुर्भुज तालाब पर तैनात रखा जाएगा

बैठक में पूर्व पार्षद अशोक बैरवा ने अन्नपूर्णा डूंगरी गणेश मंदिर के आस-पास यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किए जाने का सुझाव दिया। मणिन्द्र बैरवा ने कहा कि मेले के दौरान काफी संख्या में महिलाएं आती हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए अधिक मात्रा में महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाए। ब्रज बिहारी शर्मा ने कहा कि चतुर्भुज तालाब के घाटों पर बनी सीढियों व तालाब के चारों तरफ बबूल की झाडिया उगी हुई है, जिसकी कटाई की जाएं, ताकि पूजा अर्चना करने में समस्या ना हो।

बैठक में सीईओ देशलदान, एएसपी प्रकाश चंद, एएसपी राकेश कुमार बैरवा, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, तहसीलदार एवं कार्यवाहक नगर परिषद आयुक्त रामधन गुर्जर तथा पार्षद सुनील बंसल, सलीमुद्दीन खान, अब्दुल कवि खान, आनन्द वर्धन बम्ब, मोहम्मद उमर खान, मोहन लाल गुर्जर, राजाराम शर्मा, महावीर टाटावत, सय्यद मेहमूद शाह, शब्बीर अहमद, हरिप्रसाद बैरवा सहित कार्यक्रम आयोजन के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे।

## टोंक शहर अभय कमाण्ड सेन्टर की नजर में

**टोंक, (निसं)।** टोंक शहर की तीसरी आंख अभय कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर की नजर ने एक स्कूली बालक को राहत प्रदान की, जब उसकी नेहरु पार्क से गायब हुई साईकिल तीसरी आंख अभय कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर से मिल गई।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि सीनियर कक्षा में अध्ययनरत एक बालक ने अभय कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर टोंक पर उपस्थित होकर सूचना दी कि नेहरू पार्क टोंक के बाहर से उसकी साइकिल कोई अज्ञात व्यक्ति उठाकर ले गया है। साइकिल खोने पर परिवारजन के डर से बालक घबराया हुआ था, अभय कमाण्ड सेन्टर पर कार्यरत महिला कानि. रेखा कुमारी मीणा एवं सीमा ताखर ने बालक को विश्वास दिलाया एवं उसके बताये अनुसार समय पर नेहरू पार्क के आस पास लगे हुऐ सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, तो एक व्यक्ति साइकिल लेकर जाता हुआ नजर आया, जिसकी जानकारी तुरन्त थानाधिकारी कोतवाली एवं डीएसटी टीम को दी गई। डीएसटी टीम ने तुरन्त उस व्यक्ति की पहचान कर ली। उक्त व्यक्ति के घर पहुंचे और साइकिल के सम्बन्ध में जानकारी करने पर समान साइकिल होने के कारण उस व्यक्ति ने गलती से साइकिल लाना स्वीकार किया। उस व्यक्ति से साइकिल प्राप्त कर बालक को सुपुर्द की।

## सार-समाचार

### आस्था की न्यायिक सेवा में 39 वीं रैंक

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के डिडवाना ग्राम की रहने वाली आस्था शर्मा का प्रथम प्रयास में राजस्थान न्यायिक सेवा में 39वें स्थान पर चयन हुआ है। आस्था शर्मा द्वारा प्रथम प्रयास में ही न्यायिक सेवा में सफलता हासिल करने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में जाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। विद्यालय शिक्षा सेंट एन्सलम स्कूल, मानसरोवर, जयपुर से करने के पश्चात क्लेट के माध्यम से नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी कोलकाता से विधि की डिग्री हासिल की। विधि की पढ़ाई करने के दौरान ही आस्था ने यह महसूस किया कि न्यायाधीश रहते हुए लोगों को न्याय दिलाना एवं बच्चों तथा महिलाओं के अधिकारों की आसानी से सुरक्षा करने में सक्षम हो सकते हैं अत: उसने न्यायिक सेवा की तरफ जाने का रुझान होने पर तैयारी प्रारंभ कर दी। कोरोना के मद्देनजर घर पर ही रहकर ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से आस्था शर्मा ने तैयारी की। उनके पिता मनोज कुमार शर्मा अभी जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में उपनिदेशक विधि के पद पर जयपुर में कार्यरत हैं एवं माता एकता शर्मा ग्रहिणी है तथा उनका छोटा भाई शिवम शर्मा दिल्ली में स्नातक की पढ़ाई कर रहा है।



### गणेश मंदिरों में की आकर्षक रोशनी



**राजगढ़, (निसं)।** राजगढ़ कस्बे के बड़ा गणपति मंदिर एवं रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिरों में की गई भव्य लाइटिंग प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। नवयुवक मंडल एवं सेवाभावी लोगों की ओर से गणेश मंदिरों के आसपास के भवनों को भी भव्य प्रकाश व्यवस्था से सुसज्जित किया है जिससे गणेश मंदिरों की आभा दर्शनीय हो गई है। बड़ा गणपति मंदिर समिति के अध्यक्ष बाबू खुटेटा, महेश आकड एवं फूल सिंह ने बताया कि इस बार गणेश मंदिर पर भव्य सजावट एवं श्रृगार के साथ आकर्षक झांकियां प्रमुख आकर्षण का केंद्र होगी। इधर कस्बे के रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिर पर भी आसपास के समूचे क्षेत्र को आकर्षक बनाया गया है जिसको देखने दूरदराज के लोग राजगढ़ आ रहे हैं।

### किसान की बेटी बनी न्यायिक अधिकारी

**कोटपूतली, (निसं)।** कहते है कि अगर बेटियों को भी बेटों के समान ही पढ़ाई व खेलों के क्षेत्र में आगे बढने का अवसर दिया जाये तो वे बेटों से भी अधिक सफलता प्राप्त करती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है निकटवर्ती ग्राम महरमपुर राजपूत की ढ्राणी भोमसिंह वाली निवासी रजनी यादव ने, जिन्होंने राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरजेएस (न्यायिक अधिकारी) परीक्षा में चयनित होकर सफलता प्राप्त करके क्षेत्र, समाज व परिवार का नाम रोशन किया है। आरपीएससी द्वारा मंगलवार को घोषित की गई आरजेएस 2022 परीक्षा परिणाम में रजनी ने प्रदेश भर में 54 वीं रैंक हांसिल की है। उन्होंने प्रथम प्रयास में ही अपनी कडी मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पण से जज बनने में सफलता हांसिल की है। रजनी एक सामान्य ग्रामीण परिवेश के किसान परिवार से आती है। जिनके परिवार में अभी तक कोई जज तो क्या वकील भी नहीं है। रजनी के दादा रामकरण यादव राजस्थान पुलिस सेवाओं से रिटायर्ड से है। रजनी ने प्राथमिक शिक्षा गाँव में हांसिल करने के बाद कॉलेज व लॉ की पढ़ाई राजस्थान विश्वविधालय जयपुर से की है। उनके पिता राजेन्द्र कुमार यादव सरकारी सेवाओं में अध्यापक व मां सरोज देवी गृहणी है।

### दुकान में चोरी वारदात की

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के स्टेशन रोड स्थित आरोग्य केंद्र की दुकान के पीछे का गेट तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दुकान संचालिका कविता शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दी है कि उनकी स्टेशन रोड पर आरोग्य केंद्र के नाम से दुकान है। रोज की तरह सोमवार रात्रि को भी 8 बजे अपनी दुकान बंद कर पास ही अपने मकान पर चली गई थी। सुबह 7:30 बजे दुकान आई तो दुकान के पीछे के गेट का ताला टूटा हुआ मिला साथ ही दुकान के पीछे बने गोदाम का भी ताला व सांकल टूटी हुई मिली। उन्होंने दुकान संभाली तो गले में रखें 15 सो रुपए नहीं मिले। कविता शर्मा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक व एसडीएम ने नाले के ऊपर से बनने वाली सड़क के निर्माण को रूकवाया

■ अधिकारियों को कहा पहले नाला ओपन कर सफाई कराएं

**किशनगढ़बास, (निसं)।** 35 साल पहले से सड़क के नीचे दबे गंदे पानी निकासी के नाले को ओपन कराकर सफाई कराने के लिए अभिभाषक संघ ने एसडीएम गंगाधर मीणा को लिखित में पत्र दिया है वहीं शहरवासी विधायक दीपचंद खेरिया से बाजार में रहने वाले जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए सडक के नीचे सालों से दबे पानी निकासी के नाले की सफाई कराने की मांग को लेकर मिले है।

विधायक व एसडीएम ने जलभराव एवं पानी निकासी की समस्या को देखते हुए अभिभाषक संघ वह शहर वासियों की मांग पर पीडब्ल्यूडी अभियंता हितेश गुप्ता व नगर पालिका ईओ महेश गुर्जर को खैरथल रोड से मुख्य बाजार की सडक पर बीचोबीच दबें 35 साल से भी अधिक पुराने गंदे पानी निकासी के नाले को ओपन कराकर सफाई कराने के लिए निर्देशित करते हुए नाले पर बनने वाली करीब 50 फुट लंबी सड़क के कार्य को रुकवा दिया है।

विधायक ने अधिकारियों को कहा है इस कार्य में जितनी राशि की आवश्यकता पड़ेगी वह देने के लिए तैयार हैं। दूसरी ओर लोगों का मानना है कि सडक के नीचे दबें नालों को ओपन कराने से गंज रोड अस्पताल और न्यायपालिका गेट के सामने से होकर आने वाले गंदे पानी निकासी के नालों से अवरूद्ध हो रही पानी निकासी को निजात मिल सकती है।

अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमित गौड़ सहित गंज रोड के सुनील यादव राकेश सैनी राजेश यादव दिनेश कुमार प्रेमचंद महेंद्र गुप्ता ओम प्रकाश आदि ने बताया है कि खैरथल रोड से मुख्य बाजार की ओर आने वाली सड़क के नीचे 3 चोडे और गहरे 35 साल से भी पुरानी गंदे पानी निकासी नाले दबें हैं। तीनों अलग-अलग नालों से गंज रोड अस्पताल और न्यायपालिका गेट के सामने बने गंदे पानी निकासी के नालों का पानी इनमें से होकर जोहड़ खाई में जाता है। लेकिन दुर्भाग्य से 35 साल से नालों के ऊपर सड़क पर सड़क तो बना दी गई लेकिन किसी ने नालों की सफाई कराना मुनासिब नहीं समझा।

## रुक्टा डेमोक्रेटिक मंच ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

■ सरकारी कार्यस्थलों पर जातिगत भेदभाव पर रोकथाम की मांग

**जयपुर।** राजस्थान के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षकों के नवगठित मंच, रुक्टा डेमोक्रेटिक ने मंच प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर राजस्थान सिविल सेवाएं (आचरण) नियम 1971 में संशोधन कर कॉलेज, विश्वविद्यालय सहित समस्त सरकारी कार्यालयों में जातिगत भेदभाव एवं उत्पीडन निवारण प्रकोष्ठ के गठन की पुरजोर मांग की है। ज्ञापन की प्रति उच्च शिक्षा मंत्री एवं राज्य अनुसूचित जाति आयोग को भी भेजी गई है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि समस्त सरकारी कार्यालयों में जातिगत भेदभाव एवं उत्पीडन निवारण प्रकोष्ठ गठित करवाया जाए। राजस्थान सिविल सेवाएं (आचरण) नियम 1971 में संशोधन कर लैंगिक उत्पीड़न पर रोकथाम की तरह यह जोड़ा जाए कि कार्यस्थल पर जातिगत उत्पीडन निषेध और कानूनन अपराध है। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई सरकारी कर्मचारी कार्यस्थल पर जातिगत भेदभाव एवं उत्पीडन के किसी भी कृत्य में लिप्त नहीं होगा। प्रत्येक सरकारी कर्मचारी जो किसी कार्यस्थल का प्रभारी है उसके ध्यान में लाए जाने पर ऐसे कार्यस्थल पर जाति उत्पीडन को रोकने के लिए उचित कदम उठाएगा। सरकारी कार्यस्थल में जातिगत भेदभाव एवं उत्पीडन निवारक प्रकोष्ठ सक्रिय रहे। जांच में लापरवाही एवं ढिलाई बरतने वाले सदस्यों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही का प्रावधान हो। सरकारी कार्यालयों में जातिगत भेदभाव एवं अत्याचार की घटनाओं के प्रति जागरूक बनाने के लिए अभियान चलाया जाए।

## ग्राम विकास अधिकारी धरने पर रहे

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय पंचायत समिति में ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश आव्हान पर मंगलवार को भी ग्राम विकास अधिकारी मांगों को लेकर धरने प्रदर्शन पर रहे।

संघ के अध्यक्ष विनोदकुमार जैन ने बताया कि जब तक सरकार ग्राम विकास अधिकारियों की मांगों को पूरा नहीं करेगी तब तक राज कार्यों का बहिष्कार करके धरना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को नया नहीं, न्याय चाहिए कार्यक्रम को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1 से 10 सितंबर तक सप्तम चरण में ग्राम विकास अधिकारी प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इसी प्रकार अष्टम चरण में 11 सितंबर से 1 अक्टूबर तक जयपुर में स्थित शहीद स्मारक पर मांगों को लेकर अनशन पर रहेंगे। 2 अक्टूबर को आयोजित गांधी जयंती पर महा तर्पण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी ग्राम विकास अधिकारी हवन कुंड में आहुतियां देकर प्रदर्शन करेंगे।

## किसान सेवा समिति ने ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में हुई भारी बारिश से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसान सेवा समिति ने एसडीएम रामकुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

समिति अध्यक्ष कैलाश गुर्जर के नेतृत्व में रामलाल मेघवंशी, सुनिता कंवर, अर्चना सैनी, जगदीश शर्मा, भैरू खाती आदि ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र की सभी 38 ग्राम पंचायतों में खराब हुई फसलों का सर्वे करवा किसानों को आर्थिक सहायता स्वरूप मुआवजा राशि दिये जाने की मांग की। उससे पूर्व सिकोईडीकोन कार्यालय में हुई बैठक में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में पशु चिकित्सा नोडल प्रभारी डॉ. अनिल परतानी ने गौवंश में फैल रहे लम्पी संक्रमण की रोकथाम व गायो की हो रही मौतों के आंकडों को नियंत्रित किये जाने को लेकर आवश्यक जानकारियां दी।

## सर्वश्रेष्ठ स्काउट-गाइड को हवाई सफर की सौगात मिलेगी

**लालसोट, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र के सोनड एवं होदायली सहित लालसोट के सर्वश्रेष्ठ स्काउट गाइडों को हवाई सफर की सौगात मिलेगी।

उपखंड क्षेत्र की डिडवाना ग्राम के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सर्वश्रेष्ठ स्काउट ग्रुप घोषित किया गया है। वहीं गाइड विंग में अपेल अकेडमी लालसोट को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है, तो सर्वश्रेष्ठ इको क्लब का अवार्ड सूरज इंटरनेशनल स्कूल डिडवाना को मिला है, तो बेस्ट स्काउट विवेक शर्मा, बेस्ट गाइड सोनू कंवर, बेस्ट रेंजर रिशिका शर्मा, बेस्ट रोवर दिनेश योगी रहे।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ लालसोट ने सत्र 2021-22 के पुरस्कारों की घोषणा की है, जिसमें कुल 18 पुरस्कार दिए गये है, जिन्हें 3 सितंबर को समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। स्काउट सचिव श्रीकान्त शर्मा ने बताया कि सत्र 2021-22 में विभिन्न विद्यालयों में स्काउटिंग गतिविधियों के आधार पर पुरस्कार दिए जाते हैं। सोनड विद्यालय से स्काउट विवेक शर्मा, होदायली से गाइड सोनू कँवर, अपेल अकेडमी से रेंजर रिशिका शर्मा, रोवर दिनेश योगी, रोवर बलराम मीना, सोनड के स्काउट यूनिट लीडर मूलचंद महावर,यूनिट लीडर अविनाश शर्मा,यूनिट लीडर गौरव ग़ोयल, सचिव श्रीकान्त शर्मा के साथ प्रभारी कमिश्नर गाइड अंजना त्यागी, प्रभारी कमिश्नर स्काउट गोविंद नारायण माली के नेतृत्व में हवाई सफर का आनंद लेंगे। इन्हें संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में हवाई टिकट मिलेंगे। सर्वश्रेष्ठ अवार्ड में स्काउट राउमावि सोनड से विवेक शर्मा, राउमावि होदायली से गाइड सोनू कँवर, अपेल एकेडमी से रेंजर रिशिका शर्मा ज्योतिबा फुले ओपन क्रू से दिनेश योगी,सेवा कार्य के लिये रोवर बलराम मीना,रोवर विजेंद्र माली, गाइड हेमाक्षी मीना, सर्वश्रेष्ठ स्काउट ट्रूप स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल डिडवाना, सर्वश्रेष्ठ गाइड कंपनी अपेल अकेडमी लालसोट, रोवर क्रू में राजेश पायलेट राजकीय पीजी महाविद्यालय लालसोट,महात्मा गाँधी डिडवाना की प्रिंसिपल सोनिया व्यास, गौरव ग़ोयल,श्यामपुरा से राकेश शर्मा, बीएसटीसी ग्रुप श्याम यूनिवर्सिटी देहलाल, आदित्य महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा,भामाशाह सम्मान से डॉ. सुनीत उपाध्याय, पिंकी चतुर्वेदी सम्मानित होंगे।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर राज.

क्रमांक-न.पा.फु./2022-232021 दिनांक-30.08.2022

### विज्ञप्ति सूचना

एतद्द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत निम्न आवेदन प्राप्त हुये है।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री दिनेश कुमार पाराशर, श्री मुकेश कुमार शर्मा पुत्रान स्व. श्री अम्बा लाल | आवासीय भूखण्ड नं. 06 वाके उत्तरी हिस्सा वाके राजेश नगर इण्डस्ट्रील एरिया के पास, फुलेरा | 282.63 | 69-क पत्रावली |
| 2 | तालीब हुसैन देशवाली पुत्र अहमद हुसैन, श्री अब्दुल वहीद पुत्र अब्दुल रहमान | आवासी भूखण्ड मदरसा तालीमूल इस्लाम वाके ढाणी कारीगरान श्री रामनगर फुलेरा | 148.33 | 69-क पत्रावली |
| 3 | श्री देवी लाल पुत्र श्री गणेश चंद कुमावत | व्यवसायिक भूखण्ड प्रथम तल वाके गणगौरी बाजार, फुलेरा | 31.03 | 90-क पत्रावली |
| 4 | श्रीमति रीता मंलिदा पत्नि श्री हरीश कुमार | आवासी भूखण्ड नं. 05, वाके महावीर नगर, सांभर रोड फुलेरा | 209.68 | 90-क पत्रावली |
| 5 | श्रीमति हेमलता पत्नि स्वर्गीय श्री संदीप कुमार | आवासी भूखण्ड नं. 22-ए खसरा नं. 932, 933 फुलेरा | 240.25 | 90-क पत्रावली |
| 6 | श्री घनश्याम कुमावत, श्री टीकम चंद कुमावत पुत्रान श्री मोहन लाल कुमावत | आवासीय भूखण्ड वाके बालाजी रोड, फुलेरा | 141.66 | 90-क पत्रावली |
| 7 | श्री घनश्याम कुमावत, श्री टीकम चंद कुमावत पुत्रान श्री मोहन लाल कुमावत | आवासीय भूखण्ड श्याम नगर बालाजी रोड, फुलेरा | 46.66 | 90-क पत्रावली |
| 8 | श्रीमान मांगीलाल पुत्र श्री नारायण लाल | ढाणी कारीगरान, श्रीराम नगर, फुलेरा | 158.88 | 90-क पत्रावली |
| 9 | श्री महेन्द्र कुमार सबनानी, श्री महेश कुमार सबनानी, श्री हेमंत कुमार सबनानी पुत्रान श्री घनश्याम दास सबनानी | भूखण्ड वाके गणगौरी बाजार फुलेरा | 128.00 | भू-उपयोग परिवर्तन |
| 10 | श्रीमति गंगा काशी जाट पत्नि श्री बोदूराम जाट | नये हॉस्पिटल के सामने, जोबनेर रोड, फुलेरा | 46.66 | खांचा भूमि पत्रावली |
| 11 | श्री हेमराज कुमावत पुत्र श्री गोरधन लाल कुमावत | दूकान नं. 57 ई इन्द्रा बाजार फुलेरा | 23.33 | फ्री होल्ड पत्रावली |
| 12 | श्री अमित कुमार साबू पुत्र श्री पुरूषोत्तम दास साबू | आवासी भूखण्ड नं. 50 वाके गंदे नाले के पास की योजना, फुलेरा | 200.00 | फ्री होल्ड पत्रावली |
| 13 | श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री गोपीराम शर्मा | आवासीय भूखण्ड नं. 07-ए जोबनेर रोड के पश्चिम की योजना गंदा नाले के पास फुलेरा | 200.00 | फ्री होल्ड पत्रावली |

किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित इजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**


# देवनारायण भगवान के पदयात्रियों का स्वागत किया

■ हजारों ध्वज पताकाओं के साथ उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में मंगलवार को हर वर्ष की भांति भगवान देवनारायण की विभिन्न स्थानों से पधारी झंडा पदयात्राओं का अलौकिक संगम हुआ हजारों ध्वज पताकाओं के साथ लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। टोंक जिले के निवाई क्षेत्र में जोधपुरिया स्थित भगवान देवनारायण का भव्य मंदिर है यहां भाद्रपद की छठ को हर साल लाखों की संख्या में गुर्जर श्रद्धालु ध्वज पताकाएं लेकर पैदल यात्रा के रूप में आते हैं राजस्थान, हरियाण, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब सहित कई स्थानों से लाखों की तादाद में श्रद्धालु यहां धोक लगाने आते हैं।



**चाकसू में देवनारायण पदयात्राओं का भव्य स्वागत किया।**

देवनारायण धाम पहुंचने के लिए निकली पदयात्राएं कस्बे में पहुंचने पर वीर गुर्जर विकास संगठन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इससे पहले देवनारायण मंदिर में ध्वज पूजन किया गया इसके बाद भव्य जुलूस के साथ फूल वर्षा, आतिशबाजी व बैंड लवाजमे के साथ शोभायात्रा देवनारायण मंदिर से रवाना होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी रास्ते में कई जगह स्वागत द्वारा लगाकर व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया यात्रा में युवा भजन गाते व अबीर-गुलाल लगाते बढ़ रहे थे। यात्रा में सजी भगवान देवनारायण की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रही। इसके बाद शोभा यात्रा वापस गुर्जर छात्रावास देवनारायण मंदिर पहुंचने पर आमसभा में परिवर्तित हो गई जहां शिक्षा, खेल, सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली समाज की प्रतिभाओं को माला पहनाकर प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## पाण्डूपोल हनुमान मेला शुरू

**अलवर, (निसं)।** अलवर के सरिस्का वन क्षेत्र में पड़ने वाले पाण्डूपोल हनुमान मेला आज भरा गया यह मेला तीन दिन चलेगा इसके तुरन्त बाद महाराजा भृर्तहरि का मेला 2 सितम्बर से आरम्भ होगा।

जिले में पाण्डूपोल हनमान की मान्यता है आज अलवर जिले के हर घर में दाल, बाटी-चूरमा से हनुमान जी की जोत देखी गई इस दिन जिला कलक्टर की और से सरकारी अवकाश रहता है। मान्यता है कि महाभारत काल में पांडवों ने सरिस्का के जंगलों में अज्ञातवास बिताया। कहा जाता है कि महाबलि भीम को अपने बल का घमंड हो गया था। इसे भंग करने के लिए बजरंग बली प्रकट हुए। एक दिन जब भीम द्रोपदी के लिए दिव्य पुष्प लेने जंगल से गुजर रहे थे तो राह में वृद्ध वानर पूंछ फैलाये वहां लेटा मिला। भीम ने दंभ भरे लहजे में पूंछ हटाने को कहा। वानर ने कहा खुद ही हटा लो और चले जाओ। गुस्साए भीम ने पूरी ताकत लगा दी,लेकिन पूंछ हिला तक न सके।



हां, यह बहुत अच्छा कदम था और मुझे यह पसंद आया। मुझे नहीं लगता कि यह एक जुआ था। यह वाइल्ड कार्ड नहीं था तो टीम मैनेजमेंट का जडेजा को ऊपर बल्लेबाजी कराने का फैसला एकदम सही था। - संजय मांजरेकर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, पाकिस्तान के विरुद्ध जडेजा को चौथे नंबर पर खिलाने को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **शाकिब अल हसन**



बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन एशियन कप में खेलते हुए अपना 100वां टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलेगा। 35 साल के शाकिब ने 2006 में बांग्लादेश के लिए पहला टी20 मैच खेला था। 100 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले बांग्लादेश के तीसरे खिलाड़ी हैं। हालांकि शाकिब अपने लिए इस खास मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सके। 9 गेंदों पर 11 रनों की पारी खेलने के बाद वह मुजीब उर रहमान का शिकार बन गए। उन्होंने विकेट से पीछे हटकर शॉट लगाना चाहा और बोल्ड हो गए।हालांकि शाकिब अपने लिए इस खास मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सके।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

# हांगकांग के खिलाफ 'बेमेल' मुकाबले में टीम इंडिया का प्रयोग पर रहेगा जोर













बई, 30 अगस्त। पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप के दूसरे और आखिरी लीग मैच में बुधवार को हांगकांग के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम या टीम संयोजन में बदलाव कर सकती है ।

केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों के लिये यह लय में लौटने का सुनहरा मौका भी होगा । रोहित शर्मा की टीम के लिये ग्रुप ए का यह मैच नेट अभ्यास से अधिक नहीं होगा चूंकि हांगकांग की टीम में भारत और पाकिस्तान मूल के ही खिलाड़ी हैं जो इन दोनों देशों की प्रथम श्रेणी टीमों में भी शायद जगह नहीं बना पाते। हार्दिक पंड्या के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान को आखिरी ओवर में हराने के बाद अब फोकस बल्लेबाजी अभ्यास पर होगा ।

राहुल ने इस साल पहला टी20 मैच पाकिस्तान के खिलाफ पिछला मैच खेला । वह बल्लेबाजी अभ्यास पर फोकस करना चाहेंगे । टी20 में 20 गेंद में 45 रन का महत्व 65 गेंद में नाबाद 90 जैसे स्कोर से अधिक होता है । पारी किस तरह से खेली गई है और मैच में उसकी क्या अहमियत है, इस पर जोर रहेगा । भारत की नजरें 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये सही टीम संयोजन तलाशने पर भी है । हांगकांग के पास पाकिस्तान जैसे गेंदबाज तो नहीं है लेकिन उसे हलके में भी नहीं लिया जा सकता क्योंकि एक अनजान टीम के प्रदर्शन को लेकर कयास नहीं लगाया जा सकता । कप्तान रोहित ने साफ तौर पर कहा है कि प्रयोग जारी रहेंगे लिहाजा बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हैरानी का विषय नहीं होगा ।

विराट कोहली के लिये भी यह मैच बल्लेबाजी अभ्यास के लिये अच्छा होगा ताकि वह उस लय में लौट सकें जिसकी वजह से विरोधी टीमें उनसे आतंकित रहती हैं। पाकिस्तान के खिलाफ कुछ खास नहीं कर सके रोहित को भी अच्छी पारी खेलने की उम्मीद होगी। देखना यह होगा कि रविंद्र जडेजा को चौथे नंबर पर उतारा जाता है या दिनेश कार्तिक की जगह ऋषभ पंत को मौका मिलता है। पाकिस्तानी टीम में शाहीन शाह अफरीदी के नहीं होने के बावजूद भारतीय शीर्षक्रम कुछ खास नहीं कर सका। आस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसी टीमों के खिलाफ भारत की शुरूआत से ही आक्रामक खेलने की रणनीति की असल परीक्षा होगी। युजवेंद्र चहल और जडेजा को आराम देकर इस मैच में रविचंद्रन अश्विन और रवि बिश्नोई को उतारा जा सकता है।

## विराट जैसा बनना चाहते है हांगकांग के कप्तान

दुबई, 30 अगस्त। हांग कांग के कप्तान निजाकत ने भारत के विरुद्ध खेले जाने वाले मुकाबले से पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि वह अपने करियर में विराट जैसा ही बल्लेबाज बनना चाहते हैं। निजाकत ने कहा कि वह विराट के बहुत बड़े फैन हैं। उन्होंने कहा," मैं विराट कोहली का बहुत बड़ा फैन हूं। हम उन्हें देखकर इंस्पायर होते हैं और हम यही चाहते हैं कि उनकी तरह बनें।उन्होंने अपनी फिटनेस को बरकरार रखा है।उन्होंने अपने खेल से भारतीय क्रिकेट ढांचे को चेंज कर दिया है औरइसलिए वो मेरेआदर्श हैं। हांग कांग के कप्तान ने भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले को लेकर कहा, हमारे लिए यहबहुत बड़ा मैच है और हमने पूरी तैयारी की है।

# बांग्लादेश को हराकर सुपर-4 में अफगानिस्तान

शारजाह, 30 अगस्त। अफगानिस्तान ने नजीबुल्लाह ज़ादरान (43 नाबाद) और इब्राहीम ज़ादरान (42 नाबाद) की शानदार पारियों की बदौलत बांग्लादेश को एशिया कप 2022 में बुधवार को सात विकेट से हराकर सुपर-4 में जगह बनायी।

बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को एक धीमे विकेट पर 128 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया था, लेकिन अफगानिस्तान ने इसे नौ गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी चुनी थी मगर यह फैसला उनके हित में नहीं रहा और अफगानिस्तान ने एक बार फिर विपक्षी टीम को अपनी फिरकी में फंसाया।

मुजीब उर रहमान ने मोहम्मद नईम (06), अनामुल हक़ (05) और कप्तान शाकिब अल हसन (11) को महज 24 रन के अंदर पवेलियन लौटा गिया। इसके कुछ देर बाद राशिद खान ने मोर्चा संभालते हुए विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम को एक रन के स्कोर पर आउट किया।

अफीफ हुसैन (12) ने महमूदुल्लाह के साथ मिलकर टीम को संभालने का प्रयास किया, लेकिन राशिद खान ने उन्हें आउट कर 53 रन पर आधी बांग्लादेश टीम को पवेलियन लौटा दिया। महमुदुल्लाह भी 27 गेंदों पर 25 रन की विस्मरणीय पारी खेलकर राशिद का शिकार हुए। बांग्लादेश की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी मोसद्देक और मेहदी हसन के बीच सातवें विकेट के लिये 38 रन की हुई। मोसद्देक ने 31 रन पर चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 48 रन की सराहनीय पारी खेली, जबकि मेहदी हसन ने रनआउट होने से पहले 14(12) रन बनाये।

## बीडब्ल्यूएफ ने पैरालंपिक 2024 के क्वालीफिकेशन नियम जारी किये

क्वालालंपुर, 30 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति और विश्व बैडमिंटन संघ ने पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों के लिये क्वालीफिकेशन विनियम मंगलवार को जारी किये। पेरिस पहुंचने के लिये क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की शुरुआत एक जनवरी 2023 को होगी जबकि इसका समापन 31 मार्च 2024 को होगा। एकल और युगल के लिए एथलीटों को दो अप्रैल 2024 को प्रकाशित होने वाली रेस टू पेरिस पैरालंपिक गेम्स सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स रैंकिंग लिस्ट से पहले कम से कम तीन नामित क्वालीफाइंग आयोजनों में भाग लेना होगा। पुरुष या महिला युगल प्रतियोगिता के लिये क्वालीफाई करने वाली व्हीलचेयर जोड़ी के दोनों खिलाड़ी स्वचालित रूप से अपनी-अपनी एकल प्रतियोगिता में प्रवेश प्राप्त कर लेंगे और उन आयोजनों में खेलने के लिए बाध्य होंगे। मिश्रित युगल प्रतियोगिता में पहुंचने वाले सभी पुरुष एवं महिला एसएल3, एसएल4, एसयू5 और एसएच6 खिलाड़ी स्वचालित रूप से अपने संबंधित एकल इवेंट में प्रवेश प्राप्त कर लेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका

## ऑलराउंडर मार्श टखने की चोट के चलते हुए बाहर

मेलबोर्न, 30 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मिशेल मार्श टखने की चोट के चलते जिम्बाब्वे के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के साथ न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। टीम का साथ छोड़ मार्श अब पर्थ के लिए उड़ान भरेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि सितंबर में भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में वह वापसी कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को 21 सितंबर से भारत दौरे पर तीन टी20 मैच खेलने हैं। अगर मार्श इस सीरीज तक फिट नहीं होते हैं तो आगामी टी20 वर्ल्ड कप में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ जाएगी।

स्टीव स्मिथ ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करते हुए मार्श को ठीक होने के लिए पर्याप्त समय देने पर ध्यान दिया जाएगा।स्मिथ ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा "मार्श ने हाल ही में लिमिटेड ओवर क्रिकेट में काफी अच्छा खेल दिखाया है। जिस तरह से हमने थोक ऑलराउंडरों के साथ अपनी टीम बनाई, वह उसका एक बड़ा हिस्सा था। यह मिच के लिए निराशाजनक है लेकिन कुछ महत्वपूर्ण चीजें सामने आ रही हैं। वह पिछले साल हमारे टी20 विश्व कप अभियान का बड़ा हिस्सा था और मुझे यकीन है कि इस साल उसके लिए बड़ी योजनाएं हैं।

प्राथमिकता उसे उसके लिए सही करना है।"विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस को टीम में मार्श के रिप्लेसमेंट के रूप में तैयार किया गया है और वह जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान टीम के साथ रहेंगे।इंगलिस लंदन स्पिरिट का हिस्सा हैं, जो द हंड्रेड 2022 के फाइनल में जगह बनाने के लिए होड़ में हैं। वह ग्लेन मैक्सवेल के स्थान पर स्पिरिट में शामिल हुए थे और राष्ट्रीय टीम में बुलाए जाने से पहले उन्होंने इस टूर्नामेंट में एक ही मैच खेला था।

## मेदवेदेव, किर्गियोस दूसरे दौर में, सितसिपास बाहर

न्यूयॉर्क, 30 अगस्त। यूएस ओपन के वर्तमान चैंपियन डेनिल मेदवेदेव ने यूएस ओपन के पहले दौर में अमेरिका के स्टेफान कोज़लोव को 6-2 से मात देकर अपने अभियान की शुरुआत की। ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के पिछले आयोजन में नोवाक जोकोविच को हराकर अपना पहला प्रमुख खिताब जीतने वाले मेदवेदेव ने सोमवार को कोज़लोव को 6-2, 6-4, 6-0 से मात देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने हार्ड कोर्ट पर अपनी लय जल्दी हासिल करते हुए नियमितता के साथ ग्राउंडस्ट्रोक खेले और कोज़लोव के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में दो घंटे एक मिनट बाद जीत दर्ज की। 26 वर्षीय मेदवेदेव यूएस ओपन में अब 21-4 का रिकॉर्ड बना चुके हैं।

## हैंडबॉल खिलाड़ी ने आनंदेश्वर पांड्य पर लगाया यौन शोषण का आरोप

लखनऊ, 30 अगस्त। हैंडबाल की राष्ट्रीय खिलाड़ी सीमा शर्मा ने भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश हैंडबाल एसोसियेशन के सचिव आनंदेश्वर पांडेय के खिलाफ यौन शोषण का मामला दर्ज कराया है।

सीमा ने हरियाणा के भिवाड़ी जिले में 28 अगस्त को महिला थाना में दर्ज करायी गयी एफआईआर में आरोप लगाया कि हैदराबाद में मार्च के अंत में खेली गयी 50वीं राष्ट्रीय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता के लिये वह विभाग की तरफ से ट्रायल देने 12 मार्च को केडी सिंह बाबू स्टेडियम गयी थीं, जहां पांडेय ने टीम में चयन का प्रलोभन देते हुये अपने कक्ष में उनके साथ अश्लील हरकत की।

सीमा ने दावा किया कि पांडेय ने विरोध करने पर खिलाड़ी का करियर बर्बाद करने की धमकी दी। खिलाड़ी ने कहा कि लोकलाज

## एलिजाबेथ की डबल हैट्रिक से रॉयल रेंजर्स की बड़ी जीत

नयी दिल्ली, 30 अगस्त। केन्या की कियोको एलिजाबेथ कटुंगवा की डबल हैट्रिक की मदद से रॉयल रेंजर्स ने दिल्ली महिला प्रीमियर लीग में जगुआर एफसी को 12-0 से रौंदकर पूरे अंक अर्जित किए। प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान हालांकि एक गोल करने वाली रक्षा पंक्ति की खिलाड़ी वाणी कलूचा को दिया गया। नेहरू स्टेडियम में खेले गए एकतरफा मुकाबले में बाकी गोल अखला जमीर, अंजलि, परवीन ,नैना मुखीजा और माला ने बांटे। दूसरी ओर, जानकी देवी मेमोरियल कालेज में खेले जा रहे महिला चैम्पियनशिप के मुकाबलों में दिल्ली एफ़सी ने उत्तरांचल हीरोज को 19-0 से और अहबाब ने ड्रीम टीम को 5-0 से बुरी तरह हराया। दिल्ली एफसी की रज़िया और रूचि ने डबल हैट्रिक जमाई। सलोनी, तारा, आशी और निशा ने एक एक गोल किए। अहबाब के लिए समिता ने दो, रोजाना, दीपसना और देबीका ने एक एक गोल बांटे।

## यूएस ओपन के दूसरे दौर में विलियम्स

न्यूयॉर्क, 30 अगस्त। ग्रैंड स्लैम आयोजन यूएस ओपन की छह बार की विजेता सेरेना विलियम्स ने अपने करियर के आखिरी टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में मॉन्टेनेग्रो की डान्का कोविनिक को मात दी। विलियम्स ने सोमवार को आर्थर एश स्टेडियम में डान्का को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में कदम रखा। इस जीत के साथ यूएस ओपन के पहले दौर में सेरेना का रिकॉर्ड 21-0 का हो गया और वह अपनी बहन वीनस विलियम्स, मार्टिना नवरातिलोवा और जापान की किमिको डेट की सूची में शामिल हो गयीं। इस जीत के साथ विलियम्स ओपन एरा में 20, 30 और 40 की उम्र में मुकाबले जीतने वाली सिर्फ चौथी महिला खिलाड़ी भी बन गयीं। 40 वर्षीय विलियम्स ने यूएस ओपन में 107 मुकाबले जीते हैं, जिनमें से 102 जीत आर्थर एश स्टेडियम में हासिल हुई हैं। विलियम्स ने जीत के बाद कहा, "जब मैं कोर्ट में आयी तो स्वागत वास्तव में जबरदस्त था। यह इतना जोरदार था कि मैं इसे अपने सीने में महसूस कर सकती थी। यह वास्तव में एक अच्छा एहसास था। यह एक ऐसा एहसास है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता था।" उन्होंने कहा, "मैं बस सोच रही थी, क्या यह सच है? वास्तव में? साथ ही, मैं यह भी सोच रही थी, मुझे अभी भी एक मैच खेलना है।

# बर्मिंघम टीम के सफर में एक अहम क्षण : एक्का

बेंगलुरु, 30 अगस्त। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का का मानना है कि यह पदक हासिल करना टीम के सफर में एक महत्वपूर्ण क्षण था।

भारतीय टीम इस समय भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बेंगलुरु कैंपस में प्रशिक्षण के लिये एकत्र हुई है, जिसमें एक्का भी शामिल हैं।

एक्का ने बर्मिंघम 2022 के पदक के बारे में कहा, हम निश्चित रूप से बर्मिंघम में फाइनल खेलना पसंद करते, लेकिन कांस्य जीतना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। पोडियम पर खड़ा होना एक ऐसा पल है जिसे हम कभी नहीं भूल पाएंगे। यह पूरी टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाला है।

भारतीय महिलाओं ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथा स्थान हासिल करने से लेकर बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांसे का तमगा जीतने तक एक यादगार सफर किया है और अब उनका ध्यान स्पेन के वालेंसिया में 10 दिसंबर से होने वाले महिला हॉकी नेशन्स कप पर होगा। भारत की प्रमुख डिफेंस खिलाड़ी एक्का को उम्मीद है कि टीम आगे भी इसी प्रदर्शन को बनाए रख सकती है। उन्होंने बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में लौटने पर कहा, हमने बर्मिंघम में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अब वह बीता हुआ समय है। हमने अच्छा ब्रेक लिया है और अब हमें मैदान पर वापस जाना है। मुझे यकीन है कि मुख्य कोच जेनेके शोपमैन हमारे पिछले प्रदर्शन का आकलन करेंगी और उसी के अनुसार शिविर में आने वाले दिनों की योजना बनाएंगी।

उन्होंने कहा, हमें स्पेन में एफआईएच महिला हॉकी नेशन्स कप में अच्छा प्रदर्शन करना है और इसके लिए तैयारी आज से शुरू हो रही है। यह आसान नहीं होगा, लेकिन कठिन प्रशिक्षण और हमारे सत्रों के दौरान बार-बार सही चीजें करना ही एकलौता उपाय है। स्पेन में एक सप्ताह तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में विजेताओं को एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में पदोन्नत किया जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021/22 सीज़न में अपने पहले अभियान में तीसरे स्थान पर रही थी।

एक्का ने कहा, स्पेन में हमारा उद्देश्य एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग में प्रगति करना होगा और इसके लिए हमें नेशन्स कप जीतना होगा। हमारा लक्ष्य हमारे सामने है, अब यह हम पर निर्भर है कि हम सही दिशा में काम करें।

# रवि, बजरंग, दीपक ने विश्व चैम्पियनशिप में जगह बनाई

लखनऊ, 30 अगस्त। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाले रवि कुमार दहिया, बजरंग पूनिया और दीपक पूनिया ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2022 के लिये भारतीय दल में जगह बना ली है। भारतीय कुश्ती संघ के सह-सचिव विनोद तोमर ने मंगलवार को बताया कि लखनऊ और सोनीपत में 29 और 30 अगस्त को आयोजित चयन ट्रायल में चुने गये पहलवान 10-18 सितंबर के दौरान सर्बिया में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रवि (57 किग्रा), बजरंग (65 किग्रा) और दीपक पूनिया (86 किग्रा) के अलावा पंकज (61 किग्रा), नवीन (70 किग्रा), सागर जगलान (74 किग्रा), दीपक (86 किग्रा), विक्की (92 किग्रा), विक्की (97 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने विश्व चैंपियनशिप की फ्रीस्टाइल श्रेणी में जगह बनायी है।

दूसरी ओर, भारत की ग्रेको रोमन टीम में अर्जुन हलकुरकी (55 किग्रा), ज्ञानेंद्र (60 किग्रा), नीरज (63 किग्रा), आशू (67 किग्रा), विकास (72 किग्रा), सचिन (77 किग्रा), हरप्रीत सिंह (82 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), दीपांशू (97 किग्रा) और सतीश (130 किग्रा) शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि विनेश फोगट (53 किग्रा), सुषमा शौकीन (55 किग्रा), सरिता मोर (57 किग्रा), मानसी अहलावत (59 किग्रा), सोनम मलिक (62 किग्रा), शेफाली (65 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा), रीतिका (72 किग्रा) और प्रियंका (76 किग्रा) सोमवार को हुए महिला ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके पहले ही भारतीय दस्ते में शामिल हो चुकी हैं।

## जीनजीन को हराकर दूसरे दौर में गफ

न्यूयॉर्क, 30 अगस्त। अमेरिका की युवा सनसनी कोको गफ़ ने यूएस ओपन अभियान की विजयी शुरुआत करते हुए पहले दौर में फ्रांस की लियोलिया जीनजीन को मात दी। गफ़ ने सोमवार को खेले गये मुकाबले में जीनजीन को 6-2, 6-3 से मात दी। इस मुकाबले में गफ़ की चुस्ती और फुर्ती के आगे उनकी फ्रेंच प्रतिद्वंदी पस्त नज़र आयीं। गफ़ ने 91 प्रतिशत सर्व पॉइंट जीते, और एक भी ब्रेक पॉइंट नहीं दिया। युवा अमेरिकी खिलाड़ी ने जीत के बाद कहा, "मैं वास्तव में घबराई हुई थी। मैं दबाव महसूस कर रहा थी। (फ्रेंच ओपन) फाइनल के बाद यह घर में मेरा पहला ग्रैंड स्लैम है। स्पष्ट रूप से, मुझे नहीं लगता था कि मैं आज (आर्थर) ऐश स्टेडियम में मुकाबला करूंगी।

## जापान ओपन के दूसरे दौर में प्रणय

ओसाका, 30 अगस्त। एच एस प्रणय ने अपने प्रतिद्वंदी हांग कांग के एनजी का लॉन्ग एंगस के चोटिल होने के बाद मंगलवार को जापान ओपन के दूसरे दौर में जगह बनायी। प्रणय मैच के पहले गेम में 11-10 से आगे चल रहे थे, तभी एनजी चोट के कारण रिटायर हो गये। प्रणय अब दूसरे दौर में पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू का सामना करेंगे। दूसरी ओर, अश्विनी भट्ट और शिखा गौतम की महिला युगल जोड़ी कोरिया की बैक हा ना और ली यु लिम से 15-21, 09-21 से हारकर बाहर हो गयीं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 के विजेता लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और साइना नेहवाल बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। एमआर अर्जुन एवं ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी और त्रिशा जॉली एवं गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी बुधवार को ही अपना पहला मैच खेलेगी। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण साइना नेहवाल महिला एकल में भारत की एकलौती प्रतिनिधि होंगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल खेल 2022 के महिला एकल फाइनल के दौरान सिंधु के टखने में चोट लग गयी थी। सिंधु ने इस मैच में कनाडा की मिशेल ली को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

# स्लॉग ओवरों में 'पावर हिटर्स' की कमी पूरा कर सकत है किरण प्रभु और हेमलता : हरमनप्रीत

बेंगलुरू, 30 अगस्त। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए पहली बार टीम में चुनी गई किरण प्रभु नवगीरे और दयालन हेमलता स्लॉग ओवरों में 'पावर हिटर्स' की कमी को पूरा कर सकते हैं। किरण प्रभु ने मई में महिला टी20 चैलेंज में सबसे तेज अर्धशतक जमाया था। उन्हें तीन टी20 मैचों के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ऑफ स्पिन ऑलराउंडर हेमलता ने घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन के दम पर दो साल बाद टीम में वापसी की है। उन्हें इंग्लैंड दौरे की टी20 और वनडे दोनों टीम में चुना गया है।

हरमनप्रीत ने टीम की रवानगी से पहले मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा," हमने टीम में दो नई बल्लेबाज किरण और हेमलता को जोड़ा है। हम इन दो खिलाड़ियों के विशेष कौशल का उपयोग कर सकते हैं। वे टीम के लिए काफी उपयोगी हो सकती हैं।" उन्होंने कहा, "उनके पास ताकत है, उनके पास कौशल है। हम उनके कौशल को निखारने में मदद कर सकते हैं जिससे टीम उस कमी की भरपाई कर सकती है जो कि अभी उसमें दिखती है।" महाराष्ट्र की किरण घरेलू स्तर पर नगालैंड की तरफ से खेलती हैं। उन्होंने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ नाबाद 162 रन बनाकर लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। इसके बाद उन्हें महिला टी20 चैलेंज के लिए वेलोसिटी की टीम ने लिया था।

हेमलता ने भारत की तरफ से अपना आखिरी टी20 मैच 2019 में खेला था। उन्होंने घरेलू प्रतियोगिताओं में टी20 में 272 रन बनाए। हरमनप्रीत ने कहा," उन्होंने घरेलू स्तर पर जिस तरह की बल्लेबाजी की है उसे मैंने देखा है। यह उनके लिए कुछ खास करने का सही मंच है जिसकी टीम में अभी कमी है। आप किसी भी प्रारूप में खेल रहे हो आपको कम से कम छह बल्लेबाजों की जरूरत पड़ती है।"

उन्होंने कहा, "हमारी टीम में इस तरह के बल्लेबाजों की कमी थी लेकिन अब हमने दो अतिरिक्त बल्लेबाज (किरण और हेमलता) को टीम से जोड़ दिया है। हम उन्हें मौका देना चाहते हैं।" भारत के इंग्लैंड दौरे की शुरुआत 10 सितंबर को होगी और इसमें तीन टी-20 और इतने ही वनडे मैच खेले जाएंगे। अगले साल फरवरी में टी-20 विश्व कप है और हरमनप्रीत ने कहा कि इसे देखते हुए टीम प्रबंधन प्रत्येक खिलाड़ी को अधिक से अधिक मौका देना चाहता है।


उन्होंने कहा,"मैं वास्तव में युवा खिलाड़ियों को मौका देना को लेकर उत्साहित हूं जिन्होंने अभी टीम में जगह बनाई है। सभी खिलाड़ियों को समान मौका देना महत्वपूर्ण है। हमारे पास 30 खिलाड़ियों का अच्छा समूह है।" हरमनप्रीत ने कहा," विश्व कप से पहले अगर उन खिलाड़ियों को समान मौके मिल सकते हैं तो फिर आपके पास टीम चयन के लिए उचित आइडिया होगा। हम निश्चित तौर पर नहीं चीजों को आजमाएंगे और साथ ही एक अच्छी टीम तैयार करने के लिए समान मौके भी देंगे।"

## राजस्थान कोर्फ बॉल सीनियर व सब जूनियर टीम घोषित

जयपुर, 30 अगस्त। 34वीं सीनियर व 18वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कोर्फ बॉल प्रतियोगिता जो 1 से 4 सितंबर तक सोलन, हिमाचल प्रदेश में आयोजित होने जा रहे है के लिए राजस्थान कोर्फ बॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर 28 से 30 अगस्त तक अपेक्स यूनिवर्सिटी, अचरोल, जयपुर में आयोजित हो रहा है, इसमें से चयनित खिलाड़ियों की सूची निम्न प्रकार है :

**सीनियर टीम :- पुरुष :** मुकेश कुमार सैनी (कप्तान), रजत कुमार सैनी, विशाल कुमार, मनीष कुमार मीना (जयपुर) नितिन कुमार (अजमेर), दिनेश जानी (चूरू), शैतानाराम चौधरी (जोधपुर)। **महिला :** कु. हुमेरा (पाली), सिमरन रावत (अमजेर), मनीषा कुमारी, भारती मीणा (जयपुर), स्वाती (चूरू), वर्षा गोदारा व संगीता कुमारी (जोधपुर), टीम कोच प्रेमचंद सैनी व सिमरन मल्होत्रा मैनेजर।

**सब-जूनियर टीम :- बालक :** सर्वश्री हार्दिक सैनी (कप्तान), यॉस घायल (जयपुर), ऋषिराज सिंह (नागौर), चेतन कुमार व धीरज कुमार (झुंझुनूं), करण सिंह 9अजमेर), अमन पठान (बॉरा)। **बालिका :** कु. कुमकुम (नागौर), अलविना (बॉरा), खुशबू (पाली), कृष्णा (जोधपुर), रिद्यम गुप्ता व खनक गुप्ता (जयपुर)। टीम कोच इन्द्र प्रकाश टिक्कीवाल एवं मैनेजर कु. नीलम योगी।



*हर साल हजारों लोग अफ्रीका के सबसे ऊँचे पर्वत माउन्ट कीलीमंजारो के शिखर पर चढ़ने का प्रयास करते हैं। अब, एक नई हाईस्पीड इन्टरनैट सेवा की बदौलत, तंजानिया के 19341 फुट ऊंचे पहाड़ पर चढ़ते हुए लोग फोटो शेयर कर पाएंगे और ई-मेल चैक करने के साथ-साथ इन्टरनैट सार्फिंग कर सकेंगे। आगामी कुछ समय तक, चढ़ते समय 12205 फीट की ऊंचाई तक वाई फाई सेवा मिलेगी और सरकार को उम्मीद है कि वर्ष के अंत तक शिखर पर भी इन्टरनैट सेवा उपलब्ध हो जाएगी। तंजानिया के सूचना व प्रसारण मंत्री ने बताया कि, तंजानिया के दूर संचार निगम ने यहां फाइबर -ऑप्टिक ब्रॉडबैंड नेटवर्क स्थापित किया है। हाईस्पीड इंटरनैट सर्विस से पर्वतारोहण ज्यादा सुरक्षित हो जाएगा क्योंकि अब यात्रियों को आसानी से मदद मिल सकेगी। कीलीमंजारो पहला पर्वत शिखर नहीं है जहां इंटरनैट सेवा है। इससे पहले वर्ष 2020 में माउन्ट एवरैस्ट पर भी 5 जी नैटवर्क शुरु किया गया था। तंजानिया के सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि, पूर्व में इन्टरनैट के बिना यहां चढ़ाई करना खतरनाक होता था। ज्ञातव्य है कि, माउन्ट कीलीमंजारो तंजानिया की आय का बड़ा जरिया है और वर्ष 2019 में राज्य की कुल जी.डी.पी. का 17 प्रतिशत इसी की देन थी। हर वर्ष लगभग 50,000 लोग, पहाड़ की तलहटी में स्थित कीलीमंजारो नैशनल पार्क घूमने आते हैं और करीब 35,000 लोग इस पर्वत शिखर पर चढ़ने का प्रयास करते हैं। कीमीमंजारो की खास बात यह है कि, यह किसी पर्वत श्रृंखला का अंग नहीं है, बल्कि तंजानिया व कीनिया के मैदानों से उठने वाला विश्व का सबसे बड़ा ''फ्री स्टैण्डिंग माउन्टेन'' है। इसका शिखर बर्फीले ग्लेशियर्स से घिरा हुआ है। लेकिन वैज्ञानिकों की भविष्यवाणी है कि, जलवायु परिवर्तन की वजह से अगले दशक तक ये ग्लेशियर पिघल जाएंगे।*

# सी.बी.आई. ने मनीष सिसोदिया के बैंक लॉकर की तलाशी ली

## मनीष सिसोदिया ने कहा कि, सी.बी.आई. ने मेरे खिलाफ पूरा जोर लगा लिया, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला

- **सी.बी.आई. ने दिल्ली की नई शराब नीति में हुये कथित भ्रष्टाचार के मामले में एक बार फिर मनीष सिसोदिया के खिलाफ छापा मारने की कार्रवाई की है।**
- **इससे पहले गत 19 अगस्त को भी सी.बी.आई.ने सिसोदिया के घर एवं उनसे जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे थे।**

नई दिल्ली, 30 अगस्त (वार्ता)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया के पंजाब नैशनल बैंक के लॉकर की मंगलवार को तलाशी ली।

सी.बी.आई. सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने नई आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं को लेकर बैंक की गाजियाबाद शाखा का दौरा किया।

तलाशी के कुछ घंटे पहले सिसोदिया ने ट्वीट किया, सी.बी.आई. हमारे बैंक लॉकर को देखने आ रही है। गत 19 अगस्त को मेरे घर पर 14 घंटे की छापेमारी में कुछ नहीं मिला।

सिसोदिया ने दावा किया,लॉकर में भी कुछ नहीं मिलेगा। सी.बी.आई. आपका स्वागत है। मेरा परिवार जांच में पूरा सहयोग देगा। लॉकर में मेरी पत्नी और बच्चों के गहने और कुछ अन्य सामान हैं।

गौरतलब है कि सी.बी.आई. ने 19 अगस्त को सिसोदिया के आवास पर छापा मारा था। जांच एजेंसी ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि उन्हें उसके घर से कोई सबूत मिले या नहीं।

विशेष सत्र के दौरान दिल्ली विधानसभा में उपमुख्यमंत्री के आवास पर सी.बी.आई. की छापेमारी का मुद्दा भी गूंज उठा। सिसोदिया ने सदन को बताया कि भारतीय जनता पार्टी सी.बी.आई. के छापे से उन्हें डराने की कोशिश कर रही है।

सत्र के दौरान दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायकों ने हंगामा किया और सिसोदिया को उनके पद से बर्खास्त करने की मांग की जबकि आप विधायकों ने विधानसभा परिसर में देर रात तक विरोध प्रदर्शन किया तथा उपराज्यपाल के खिलाफ सी.बी.आई.-ई.डी. जांच की मांग की।

सिसोदिया ने विधानसभा के दो दिवसीय सत्र के पहले दिन कहा,भाजपा नई आबकारी नीति को लागू करने में करोड़ों रुपये के घोटाले का दावा कर रही है जबकि मेरे घर तलाशी के लिए आए सी.बी.आई. अधिकारियों ने बताया कि यह सिर्फ एक करोड़ रुपये की जांच है।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि, हमने भाजपा के सभी सवालों का जवाब दिया अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा की बारी है, वह तीन घोटालों पर देश को सवालों का जवाब दें।

सिसोदिया ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में तीन सवाल किए। उन्होंने कहा कि हमने भाजपा के सभी सवालों का जवाब दिया अब उनकी बारी है, वह तीन घोटालों पर देश को सवालों का जवाब दें। दूध-दही जैसी चीजों पर जीएसटी लगाकर प्रधानमंत्री के दोस्तों के लाखों-करोडो के कर्ज क्यों माफ़ किए गए? इसकी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच क्यों नहीं हुई। पूरे देश में विधायकों को खरीदने के लिए भाजपा के पास 6300 करोड़ रूपये कहां से आए? दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना के ऊपर खादी ग्रामोद्योग का चेयरमैन रहते हुए नोटबंदी के समय हुए 1400 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कब होगी?

उन्होंने कहा कि भाजपा के पास अब कोई सवाल नहीं बचे तो उनके नेता अपने द्वारा बोले गए झूठी बातों का जबाव मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक्साइज में भाजपा के नेता पहले आठ हजार करोड़ रुपये के घोटाले का राग अलाप रहे थे वो झूठ साबित हुआ तो 1.5 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार का जुमला गाने लगे। उसके बाद बोले नहीं 1100 करोड़ का भ्रष्टाचार हुआ है। इसके बाद 144 करोड़ के भ्रष्टाचार की बात करने लगे। भाजपा के नेता इस फर्जी साजिश के पहले दिन से ही अपनी बातों को झूठा साबित कर रहे हैं और अपने झूठ का जबाब मांग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के सारे सवाल झूठे और मनगढ़ंत हैं। मेरे घर सीबीआई भेजी गई, 14 घंटे तक सीबीआई ने खोजबीन और पूछताछ की।

# दिल्ली एन.सी.आर. देश का सबसे अधिक दुर्घटनाओं वाला क्षेत्र

## दिल्ली में दुर्घटनाओं की दर देश में सर्वाधिक 20.03 प्रतिशत है इसके बाद 18.2 प्रतिशत के साथ मुंबई दूसरे स्थान पर है

- **इको इंडैक्स सर्वे-2022 के अनुसार देश के अधिकांश हिस्सों, विशेषतः चेन्नई में सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण आवारा जानवर हैं।**

नई दिल्ली, 30 अगस्त (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र- दिल्ली-एन.सी.आर. देश में सबसे ज्यादा दुर्घटना संभावित शहरों में से एक है, जहाँ सबसे ज्यादा संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं। वाणिज्यिक राजधानी मुंबई दूसरे स्थान पर है।

हाल में किये गये एक सर्वेक्षण के अनुसार अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं वाहन चालकों की लापरवाही से हुईं। हालांकि जानवरों का सड़क पार करना, उबड़खाबड़ सड़क, गड्ढे, रैश ड्राईविंग और नशे में वाहन चलाना दुर्घटना के अन्य कारण हैं।

एको एक्सीडेंट इंडेक्स 2022 के अद्धवार्षिक सर्वेक्षण में बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, और मुंबई सहित मुख्य मेट्रो शहरों में हुई दुर्घटनाओं का विवरण दिया गया है। दिल्ली में दुर्घटना की दर 20.3 प्रतिशत है जबकि मुंबई में दुर्घटना दर 18.2 प्रतिशत है। इन दुर्घटनाओं के कारण भी दोनों शहर में एक समान हैं।

सभी मेट्रो शहरों में, बेंगलुरू में स्थिति सबसे अच्छी थी और यहां दुर्घटना दर 16 प्रतिशत है। इसके अलावा, चेन्नई में दुर्घटना की दर 18.6 प्रतिशत और हैदराबाद में दुर्घटना की दर 18.5 प्रतिशत है।

सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण आवारा जानवर है। खासकर चेन्नई में जानवरों के कारण सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं तीन प्रतिशत दर्ज हुईं। दिल्ली और बेंगलुरु में यह दो प्रतिशत थी। मेट्रो शहरों में कुत्तों के कारण 58.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुईं, जिसके बाद 25.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं गाय के कारण हुईं। आश्चर्यजनक बात यह है कि चूहों के कारण 11.6 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुईं।

# भारतीयों के लिए भी अन्तर्राष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसैंस प्राप्त करना सुलभ होगा

## देश के सभी राज्यों में जारी होने वाले ड्राइविंग लाइसैंस एवं ड्राइविंग परमिट भी एकसमान होंगे

- **इस मामले में केन्द्र सरकार ने गत 26 अगस्त को अधिसूचना जारी कर दी है।**
- **इंटरनैशनल परमिट जारी करने में भारत के समक्ष कोई अड़चन नहीं है, क्योंकि 1949 में ही जिनेवा कन्वैंशन में भारत इससे संबंधित करार पर हस्ताक्षर कर चुका है।**

नई दिल्ली, 30 अगस्त (वार्ता)। सरकार अपने नागरिकों को ज्यादा सुविधा प्रदान करने के लिए पूरे देश में एकीकृत ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर जिनोवा समझौते के तहत अन्तर्राष्ट्रीय ड्राइविंग परमिट-आई.डी.पी. जारी करेगी।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नागरिकों यह सुविधा देने के लिए आई.डी.पी. जारी करने की अधिसूचना गत 26 अगस्त को जारी की है।

भारत पहले ही 1949 के अन्तर्राष्ट्रीय सड़क यातायात कन्वेंशन यानी जिनेवा कन्वेंशन पर हस्ताक्षर कर चुका है इसलिए अन्य देशों के साथ पारस्परिक आधार पर इसे स्वीकार करने के लिए इस सम्मेलन की शर्त के अनुसार आई.डी.पी. जारी करना आवश्यक है। हमारे यहां अभी विभिन्न राज्यों के आई.डी.पी. का प्रारूप, आकार, पैटर्न और रंग एक नही है। इस कारण देश के अनेक नागरिकों को अन्य देशों में अपने-अपने आई.डी.पी. के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

मंत्रालय ने कहा कि इस संशोधन से पूरे देश में एक जैसी आई.डी.पी. जारी कर जिनेवा कन्वेंशन के अनुपालन में मानकीकृत किया गया है। आई.डी.पी. को ड्राइविंग लाइसेंस से जोड़ने के लिए क्यू.आर. कोड का भी प्रावधान किया गया है। नियामक प्राधिकरणों की सुविधा के लिए विभिन्न कन्वेंशनों और केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली, 1989 में वाहन श्रेणियों की तुलना को भी शामिल किया गया है। हेल्पलाइन नंबर और ईमेल भी उपलब्ध है।

## अगर गहलोत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वे वसुंधरा, गहलोत की बेहद नजदीकी मित्र हैं।

अगर गांधी परिवार चाहता है कि राजस्थान में उनकी सरकार बनी रहे तथा तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सत्ता में कांग्रेस की वापसी हो जाये, तो गांधी परिवार को राजनैतिक रूप से सख्त कदम उठाने की जरूरत होगी।

## माइक्रोचिप ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बन गया है।

ताईवान अत्याधुनिक चिप का विश्व का सबसे बड़ा निर्माता है और इसके ब्लॉकेड से माइक्रोचिप्स का निर्यात रुक सकता है जिसकी जरुरत मोबाइल फोन व ड्रोन के निर्माण में पड़ती है। इसके अलावा सुपर कम्प्यूटर्स, सैलुलर नैटवर्क्स और नए हथियारों के निर्माण में भी चिप की आवश्यकता होती है।

विश्व भर की टैक्नॉलजी कम्पनियां अत्याधुनिक चिप की आपूर्ति के लिए ताईवान सेमी कंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी (टी.एस.एम.सी.) पर ही निर्भर है। यह वॉशिंगटन और चीन दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। न्यूयॉर्क टाइम्स कहता है कि सैन्य टकराव हुआ तो विश्व के डिजीटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान होगा।

यह निर्भरता शांति बहाली में मदद कर सकती है। ताईवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी और ताईवान की अन्य चिप निर्माता कम्पनियों पर चीन की निर्भरता कम्युनिस्ट पार्टी को ताईवान पर हमला करने से रोकेगी। और अमेरिका की निर्भरता उसे ताईवान को और ज्यादा मदद देने को प्रोत्साहित कर सकता है। ताईवान के लोग इस कम्पनी ''सेक्रड माउण्टेन'' देश का रक्षक कह सकते हैं। चिप के लिए ताईवान पर निर्भरता खत्म करने के लिए चीन सेमीकंडक्टर्स पर भारी निवेश किया है पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नतीजों से खुश नहीं है।

# के.सी.आर. नीतीश कुमार से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राष्ट्रवादी मुद्दे को चुना और गलवान घाटी में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के साथ कुछ अपना कुछ समय बिताया तथा उन्हें कुछ वित्तीय सहायता भी प्रदान की।

लेकिन, जब वे बिहार जाने को हैं तो उनके मन में साफतौर पर केवल राजनीति ही है। जैसा कि ज्ञात ही है कि बिहार में इस समय विभिन्न दलों का गठबन्धन सरकार है, जो लोकसभा चुनावों के लिये एकजूट विपक्ष के लिये सम्भावित व्यवस्था को प्रदर्शित कर रही हैं।

तेलंगाना सी.एम.ओ. द्वारा जारी सरकारी प्रैस-विज्ञप्ति में भी कहा गया है, ''इस अवसर पर दोनों मुख्यमंत्री राष्ट्रीय राजनीति पर चर्चा करेंगे।'' के.सी.आर. ने एक जनसभा में तेलंगाना की जनता से कहा कि वे 2024 में ''भाजपा मुक्त भारत'' बनाने का संकल्प लें।

वस्तुतः नीतीश कुमार को एन.डी.ए. छोड़ने तथा भाजपा को पटखनी देने के खेल में, पर्दे के पीछे से के.सी.आर. की युक्तियों का सहयोग मिल रहा था। यह सब उनके द्वारा एक ऐसे राजनैतिक गठबन्धन को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा था, जो गठबन्धन उस भाजपा को टक्कर दे सके, जो किसी तरह रूकती दिखाई नहीं दे रही।

इस साल के शुरू में, आर.जे.डी. नेता तथा इस समय बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कुछ समय तेलंगाना के मुख्यमंत्री के साथ हैदराबाद में गुजारा था। अगर टी.आर.एस. के सूत्रों का विश्वास किया जाये तो यह भी माना जा सकता है कि उस समय के.सी.आर. ने नीतीश कुमार से भी बातचीत की थी।

प्रसंगवश बता दें कि के.सी.आर. और उनकी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति संसद में मोदी सरकार का समर्थन कर रहे थे, लेकिन जब उन्हें महसूस हुआ कि उनके अपने मैदान पर भाजपा उन पर हमलावर होती जा रही है, तो उन्होंने एकाएक यू-टर्न ले लिया था। एक आक्रामक विपक्षी नेता की भूमिका का निर्वहन करते हुये, के.सी.आर. ने मोदी के उन बयानों की सत्यता की जांच की और प्रधानमंत्री पर तीखे हमले किए। प्रधानमंत्री के पुराने बयानों को ढ ूंढ निकालने के बाद, के.सी.आर. ने मीडिया कॉन्फ्रेंसों में उनकी रिकॉर्डिंग सुनाते हैं। उन्होंने रूपये की गिरती हुईकीमत, पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में वृद्धि के सम्बन्ध में भी प्रधानमंत्री से सवाल पूछे।

भाजपा, ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 4 सीटें जीती थी तथा हाल ही में हुए हैदराबाद म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा था। इस आधार पर, भाजपा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों तथा लोकसभा चुनावों के लिये स्वयं को चुनौती देने वाली प्रमुख पार्टी मानने लगी है। भाजपा तेलंगाना में अपना प्रभाव एवं पहुँच बढ़ाने के लिये, अन्य राजनैतिक पार्टियों के नेताओं को अपनी ओर खींच रही है तथा इसके साथ ही, तेलुंगू फिल्म स्टारों तथा खेलों से जुड़ी सुप्रसिद्ध हस्तियों को पार्टी में लाने की कोशिश कर रहीं है।

रिकॉर्ड के लिये बता दे कि के.सी.आर. बिहार के उन 12 श्रमिकों के परिवारों वित्तीय मदद भी करेंगे, जो अभी हाल ही में एक अग्नि दुर्घटना में हैदराबाद में मर गये थे। वे मृतकों के पारिवारिक सदस्यों को 5 लाख रूपये के चैक प्रदान करेंगे। प्रत्येक शहीद सैनिक के परिवार को के.सी.आर. 10 लाख रू. के चैक देंगे। इसी प्रकार की कवायद के अन्तर्गत, के.सी.आर. तथा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गलवान पार्टी के संघर्षो में शहीद हुये दो जवानों के परिवारों के सदस्यों को 10-10 लाख रू. के चैक प्रदान किये थे।

# कश्मीर के 64 नेताओं ने एक साथ कांग्रेस से इस्तीफा दिया

- **आज़ाद ने दावा किया है कि, कश्मीर कांग्रेस के 95 प्रतिशत नेता उनके साथ हैं।**

जम्मू,30 अगस्त (वार्ता)। कांग्रेस के करीब एक दर्जन वरिष्ठ नेताओं के पार्टी से त्यागपत्र देने के एक दिन बाद जम्मू कश्मीर में पूर्व उप मुख्यमंत्री तारा चंद सहित 64 कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के समर्थन में पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है।

तारा चंद और कांग्रेस नेताओं के करीबी वरिष्ठ नेता बलवान सिंह ने यहां पत्रकारों को बताया कि परिस्थितियों और कांग्रेस पार्टी में नेतृत्व संकट के कारण इन लोगों ने त्यागपत्र दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान के आसपास की एक मंडली के लोग पार्टी को बर्बाद कर रहे हैं।

पूर्व विधायक ने जम्मू प्रांत के 64 नेताओं और वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा हस्ताक्षिरत संयुक्त त्याग पत्र को पढ़ते हुए कहा, हम सभी का दशकों से चली आ रही पार्टी के साथ बहुत लंबा जुड़ाव था और हमने अपनी सारी ऊर्जा और संसाधनों को जम्मू और कश्मीर में पार्टी के विस्तार के लिए समर्पित कर दिया। लेकिन दुर्भाग्य से हमारे साथ जो व्यवहार किया गया वह अपमानजनक था।

पत्र में कहा गया है कि पाटी अध्यक्ष सोनिया गांधी को हमारे नेता और संरक्षक गुलाम नबी आजाद ने एक पत्र में पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हमारा मानना है कि हमें भी कांग्रेस से बाहर आकर सकारात्मक राजनीतिक समाज के निर्माण में कुछ सार्थक योगदान देना चाहिए जहां लोगों को सुना जाता है और जवाब दिया जाता है।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने पांच दशक से अधिक समय के बाद कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने दावा कि जम्मू-कश्मीर में पार्टी के 95 फीसदी कार्यकर्ता, पंचायत सदस्य और कांग्रेस के जिला विकास परिषद सदस्य उनके साथ आ गए हैं।

गुलाम नबी आजाद के पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमले जारी हैं। उनका कहना है कि राहुल संगठन के लिए ठीक नहीं है, बल्कि वह केवल धरना के लिए बेहतर हैं। खास बात है कि शुक्रवार को अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के नाम लिखे पत्र में भी आजाद ने वायनाड सांसद पर जमकर सवाल उठाए थे।

## बाबरी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बैंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की एक वृहद बैंच अयोध्या मामले में फैसला सुना चुकी है इसलिए अब इस मामले में कुछ नहीं बचा है। बैंच ने कहा कि ''जो बात खत्म हो गई है उसे आप लगातार नहीं उछाल सकते है। हम सिर्फ एक पुराने मामले को उठा रहे है कुछ मामले बने रहते है कुछ खत्म हो जाते है। इसका प्रमुख विवाद 5 जजों की बैंच निपटा चुकी है। याचिकाकर्ता की भी मृत्यु हो चुकी है। प्रतिवादी के खिलाफ दायर याचिका भी खत्म हो गई है।

## गरीब सवर्णों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पीठ ने मंगलवार को तय कर दिया कि आर्थिक मानदंडों के आधार पर उच्च शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में इकॉनॉमिकली वीकर सैक्शंस (ई. डब्ल्यू. एस.) अर्थात गरीब सवर्गों को दिये गये आरक्षण की संवैधानिक वैधता पर निर्णायक सुनवाई 13 सितम्बर से शुरू होगी।

यह बैंच निर्देशों के लिये संबंधित मामलों की सूची 6 सितम्बर को बनायेगी। बैंच में अन्य जज हैं- न्यायमूर्ति दिनेश महेश्वरी, एस. रवीन्द्र भट्ट, बेला एम. त्रिवेदी तथा जमशेद बी. पार्दीवाला।

इस सुनवाई में, 2019 में 103वें संविधान संशोधन अधिनियम की संवैधानिक वैधता कसौटी पर रहेगी। सी.जे.आई. ने घोषणा की कि जनहित अभियान की याचिका उस प्रकरण की अगुआई करेगी, जिसमें 2019 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। इसके साथ ही, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के उस निर्णय के खिलाफ दायर किये गये मुकदमे की सुनवाई चलेगी, जिस निर्णय में आंध्र सरकार के उस निर्णय को रद्द कर दिया गया है जिसमें 2005 राज्य के मुस्लिम समुदाय के लिये उच्च शिक्षा एवं सरकारी नौकरी में आरक्षण दे दिया गया था।

# ताईवान ने पहली बार चीन के खिलाफ फायरिंग की

- **ताईवान के सुरक्षाबलों ने चीन के ड्रोन पर फायरिंग कर दी। हालांकि यह फायरिंग केवल ''वॉर्निंग शॉट्स'' के तौर पर ही थी।**

ताइपे, 30 अगस्त। ताइवान की सेना ने मंगलवार को चीन के ड्रोन पर फायरिंग कर दी। ताइवानी सैन्य प्रवक्ता का कहना है कि यह वॉर्निंग शॉट्स थे। इसके साथ ही चीन और ताइवान के बीच तनाव का स्तर और बढ़ना तय है। यह पहली बार हुआ है जब ताइवान की सेना ने इतना आक्रामक कदम उठाया है। सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक यह ड्रोन ताइवानी नियंत्रण वाले एक द्वीप पर चीनी सीमा के करीब उड़ान भर रहा था। बताया जाता है कि ताइवानी सेना की फायरिंग के बाद ड्रोन वापस चीन की तरफ मुड़ गया। बता दें कि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद से ही हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। पेलोसी के दौरे के समय ही चीनी विमान ताइवान के आसमान पर उड़ान भरने लगे थे। वहीं चीन अमेरिका को भी अंजाम भुगतने की धमकी देता रहा है। नैंसी पेलोसी के दौरे के बाद अमेरिकी सांसदों का एक दल भी ताइवान के दौरे पर पहुंचा था। इसके बाद चीन का गुस्सा और ज्यादा भड़क उठा था।

# अगला डेढ़ महीना निर्णायक साबित ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **कांग्रेस के लिये एक अच्छी अफवाह यह है कि, नया अध्यक्ष राहुल गांधी को पार्टी के रोजमर्रा के कामकाज से मुक्त कर देगा व राहुल अपने नेतृत्व प्रदान करने की भूमिका बेखटके निभा सकेंगे।**
- **पर एक सच यह भी है कि, राहुल व प्रियंका ने सोनिया गांधी का मन व सोच बनवा दिया है कि, अगर युवा नेतृत्व को मौका नहीं दिया गया तो, पार्टी में दोबारा जान फूंकना संभव नहीं हो पायेगा, अतः पार्टी के समक्ष दो ही विकल्प हैं या तो युवा नेतृत्व को मौका दें या पुराने नेताओं को ही ढोते रहें, जिनका जनता से संपर्क बहुत ढीला पड़ चुका है।**

सिद्धारमैया जैसे प्रदेश कांग्रेस नेता भी गुलाम नबी की तर्ज पर अपनी खुद की पार्टी शुरू कर पार्टी को पुनर्जीवित करने की गांधी परिवार की योजना को अप्रभावी कर सकते हैं।

पूर्व विदेश मंत्री शशि थरूर जैसे नेता सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं कि पार्टी के चुनाव जनता में उसके प्रति फिर से दिलचस्पी पैदा करेंगे। पार्टी अध्यक्ष का चुनाव होने की स्थिति में थरूर भी चुनाव लड़ने की घोषणा के साथ अपने दावेदारी ठोक सकते हैं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशांक गहलोत, जिन्हें पार्टी के शीर्ष पद के लिए गांधी परिवार की पसन्द बताया जा रहा है, इस मुद्दे को लेकर दोहरा रूख रखे हुए हैं। वह ना तो इस बात से इन्कार कर रहे हैं और ना ही स्वीकार कर रहे हैं कि वे पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़कर अपने से उम्र में काफी छोटे सचिन पायलट के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने को तैयार हैं।

यह कहा जा रहा है कि गांधी परिवार के सदस्य चाहते हैं कि गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष बने क्योंकि इससे पायलट के साथ किए गए उनके वादे को निभाने में मदद मिलेगी और गहलोत भी पार्टी में उनके लिए चुनौती नहीं बन सकेंगे। आज के भारत में जहां परस्पर संशय का वातावरण बढ़ रहा है, उसमें पार्टी को लोकतांत्रिक बनाने के गांधी परिवार के प्रयास को ना केवल आंशिक संशय बल्कि पूर्ण संशय के साथ देखा जा रहा हैं।

वास्तविकता यह है कि, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और कुछ युवा नेता सोनिया गांधी को यह समझाने में सफल रहे हैं कि कांग्रेस को विस्तार करने का जरूरत हैं, क्योंकि अधिकांश सीनियर नेता ज़मीनी वास्तविकता से रूबरू नहीं हैं और पार्टी इसीलिए अपना आधार खोती रही हैं।

तर्क यह है कि पार्टी यदि देश के युवा को आकर्षित करने में विफल रहती है तो कांग्रेस अंत ना पंत एक भूतकाल की वस्तु बनकर रह जाएगी।

बताया जाता है कि सोनिया गांधी इस तर्क से सहमत है और कांग्रेस ने इसीलिए ऐसे कदम उठाने शुरू कर दिए हैः जिनके परिणामस्वरूप पार्टी की संभावनाएं ऐसे वक्त में बढ़ सकती है जबकि वह एक ऐसे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी का मुकाबला कर रही है जो यह सुनिश्चित करना चाहता है कि देश कांग्रेस मुक्त हो जाए और जिसे अपने इन प्रयासों को कमजोर ना होने देने के लिए येन-केन प्रकारेण कोई भी साधन-अपनाने से कोई गुरेज नहीं है।

अगला डेढ महीना कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि पार्टी के कुछ नेता जो विरोधियों के सम्पर्क में है निश्चित रूप से गांधी परिवार के पार्टी को मजबूत करने के प्रयासों को कमज़ोर करने का प्रयास करेंगे।

गांधी परिवार की कोशिश है कि कांग्रेस को इतना मजबूत बनाया जाए कि वह महात्मा गांधी के दौरान उभरी भारत की अवधारणा को नष्ट कर रहे संघ-भाजपा गठजोड़ का आक्रामकता से मुकाबला क सके।

कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं, उसके समर्थकों के विकल्प सीमित हैं या तो वे राहुल-प्रियंका की पार्टी के पुनर्निमाण की कार्य योजना के तहत युवा व ऊर्जावान नेता को चुने या फिर उन्हें जो पार्टी वे राजनैतिक विरोधियों के साथ मिले हुए है। आगामी दिनों में कड़ा संघर्ष दिखेगा जो या तो कांग्रेस को फिर से उभार देगा या फिर खत्म कर देगा।

राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908